माघ शुक्ल पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 19 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 2, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा 14

यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज 13

- भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में बोले मोदी- भारत को विकसित बनाने के लिए पांच वर्ष अहम

कांग्रेस से देश को बचाना, हर भाजपा कार्यकर्ता का कर्तव्य

कांग्रेस में विकास का सामर्थ्य नहीं और वह देश को अस्थिर करने की नई-नई साजिश रच रही

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के करोड़ों कार्यकर्ताओं को अगले सौ दिनों में हर नए मतदाता तक पहुंचने और उन्हें विकसित भारत के संकल्प से अवगत कराने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस में विकास का सामर्थ्य नहीं है और वह देश को अस्थिर करने की नई-नई साजिश रच रही है इसलिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि देश और देश के हर नागरिक को कांग्रेस से बचाना है। मोदी ने राजधानी के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन-2024 को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस अस्थिरता, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की जननी है और इसीलिए वह देश में अस्थिरता पैदा करने की साजिश रचने में लगी है।

प्रधानमंत्री ने दो दिन तक चले इस अधिवेशन के समापन अवसर पर देश भर से आए करीब 12 हजार प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज 18 फरवरी है और इस दौर में जो युवा 18 साल के हो गए हैं, वे देश के 18वें लोकसभा चुनाव में वोट करेंगे. अगले 100 दिनों में आपको हर नए मतदाता से जुड़ना है, हर लाभार्थी, हर वर्ग, हर समुदाय और हर धर्म को मानने वाले हर व्यक्ति तक पहुंचना है।

अगले पांच वर्षों में भारत के विकसित भारत की ओर एक बड़ी छलांग लगाने की विवेचना करते हुए मोदी ने दोहराया कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व गति हासिल की है।

कहा कि हमें भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है और इसमें अगले 5 साल अहम भूमिका निभाएंगे। इसके लिए पहले से अधिक तेज गति से काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने भाजपा की सत्ता में वापसी पर जोर देते हुए कहा कि आज विपक्षी भी राजग सरकार के 400 का आंकड़ा पार करने के नारे लगा रहे हैं और राजग को 400 पार करने के लिए, भाजपा को 370 के मील के पत्थर को पार करना होगा।

भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य नेता।

दूसरे देश भी जानते हैं...आएगा तो मोदी ही

प्रधानमंत्री ने दोहराया कि कई देश हमारी सरकार से चर्चा के लिए जुलाई, अगस्त और सितंबर की तारीखें मांग रहे हैं। इसका मतलब क्या है? इसका मतलब है कि दुनिया भर के विभिन्न देश भाजपा सरकार की वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। वे यह भी जानते हैं कि... आएगा तो मोदी ही। मोदी ने कहा कि अस्थिरता, वंशवाद की राजनीति, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का स्रोत होने का कांग्रेस का पुराना 'ट्रैक रिकॉर्ड' है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास विकास के एजेंडे और भविष्य के लिए रोडमैप का अभाव है। कांग्रेस इतनी हतोत्साहित हो गई है कि वैचारिक और बौद्धिक विरोध का साहस खो चुकी है।

संसदीय बोर्ड को अध्यक्ष पर फैसला लेने का अधिकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को पार्टी के संविधान में संशोधन करते हुए शीर्ष संगठनात्मक निकाय संसदीय बोर्ड को अध्यक्ष से संबंधित निर्णय लेने की अनुमति दे दी जिसमें उनका कार्यकाल और कार्यकाल का विस्तार शामिल है। पार्टी के महासचिव सुनील बंसल ने इस आशय का प्रस्ताव रखा था। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संगठनात्मक चुनावों के माध्यम से निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राष्ट्रीय परिषद के सदस्य और प्रदेश परिषदों के सदस्य शामिल होते हैं। निर्वाचक मंडल में से बीस सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के नाम का संयुक्त रूप से प्रस्ताव कर सकते हैं। यह संयुक्त प्रस्ताव ऐसे पांच प्रदेशों से आना जरूरी है जहां राष्ट्रीय परिषद के चुनाव संपन्न हो चुके हों। जब पार्टी चुनावों में व्यस्त होती है, तो आंतरिक चुनावों के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना कठिन होता है।

राज्य में चार दिन के लिए बारिश और बर्फबारी का अनुमान

देहरादून। मौसम विभाग ने राज्य में अगले चार दिनों में बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान जारी किया है जबकि सोमवार और मंगलवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हिम स्खलन के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह के अनुसार 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ में बर्फबारी और हिमस्खलन को लेकर खास अलर्ट है। राजधानी देहरादून और टिहरी के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, कल (20 फरवरी) 2500 मीटर वाले स्थानों बर्फबारी होने के आसार हैं। मैदान में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट है। 19 से 21 फरवरी तक देहरादून, टिहरी, पौड़ी, चम्पावत, नैनीताल, ऊधम सिंह नगर और हरिद्वार में बारिश और ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ में बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

- आज और कल के लिए ऑरेंज अलर्ट

जैन मुनि विद्यासागर ने सल्लेखना कर देह त्यागा

राजनांदगांव, एजेंसी

जाने-माने जैनमुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके रविवार को देह त्याग दी। चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी एक बयान के अनुसार सल्लेखना जैन धर्म में एक प्रथा है, जिसमें देह त्यागने के लिए स्वेच्छा से अन्न-जल का त्याग किया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रविवार को आधे दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन संत परंपरा के आचार्य विद्यासागर महाराज जी का आज निधन हो गया उन्हें वर्तमान समय का वर्धमान कहा जाता है। राजकीय शोक के दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई भी सरकारी समारोह या कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। जैनमुनि के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य हस्तियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी बयान के अनुसार, आचार्य विद्यासागर ने देर रात 2:35 बजे 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके देह त्याग दी। महाराज जी डोंगरगढ़ में 'चंद्रगिरि तीर्थ' में छह माह से रह रहे थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। तीन दिन से वह सल्लेखना का पालन कर रहे थे और उन्होंने अन्न-जल का त्याग किया हुआ था। उनका अंतिम संस्कार 'चंद्रगिरि तीर्थ' में किया गया। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच नवंबर को डोंगरगढ़ गए थे और आचार्य से मुलाकात की थी।

- चंद्रगिरि तीर्थ में छह माह से रह रहे थे, कुछ दिनों से थे बीमार

एक नजर

सलीम शेरवानी का सपा महासचिव पद से इस्तीफा

लखनऊ। स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद सपा के एक और राष्ट्रीय महासचिव सलीम शेरवानी ने भी रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। बदायूं से पांच बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी राज्यसभा टिकट न मिलने से नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार किसी और दल में वह अपना भविष्य तलाश रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि मुसलमानों की उपेक्षा से परेशान होकर पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

प्रधानमंत्री के दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाई

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंगलवार को जम्मू दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल शहर और उसके आसपास दर्जनों स्थानों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। एहतियात के तौर पर श्रीनगर में विभिन्न स्थानों पर प्रवेश और निकास मार्गों पर विशेष जांच चौकियां स्थापित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि घाटी में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है।

टाल-मटोल की नीति न अपनाए केंद्र

चंडीगढ़, एजेंसी

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ रविवार को यहां बातचीत से पहले कहा कि केन्द्र सरकार को टाल-मटोल की नीति नहीं अपनानी चाहिए और आचार संहिता लागू होने से पहले किसानों की मांगें माननी चाहिए।

लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले माह की जा सकती है। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित विभिन्न मांगों को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी में डटे हुए हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश से रोकने के लिए बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। डल्लेवाल ने शंभू सीमा पर संवावदाताओं से कहा कि हम सरकार से कहना चाहते हैं कि वह टाल-मटोल की नीति न अपनाए। अगर सरकार को लगता है कि वह आचार संहिता लागू होने तक बैठकें जारी रखेगी और फिर कहेगी कि आचार संहिता लागू हो गई है और हम कुछ नहीं कर सकते ....(फिर भी) किसान वापस नहीं लौटेंगे। एक अन्य किसान नेता सुरजीत सिंह फूल ने केंद्र पर हिरासत में लिए गए किसानों को रिहा करने और पंजाब के कुछ क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं को बहाल करने के आश्वासन को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया।

- किसान नेताओं की सरकार से अपील-किसानों की मांगें माने

केंद्रीय मंत्रियों-किसानों के बीच चौथे दौर की वार्ता शुरू

केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच रविवार शाम को चंडीगढ़ में चौथे दौर की बातचीत शुरू हो गई। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय किसान नेताओं के साथ बैठक के लिए सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान पहुंचे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी बैठक में शामिल हुए हैं। इससे पहले आठ, 12 और 15 फरवरी को बातचीत बेनतीजा रही थी।

झारखंड में भी होगा जाति आधारित सर्वेक्षण

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने पड़ोसी राज्य बिहार की तर्ज पर राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण को हरी झंडी दे दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को एक मसौदा तैयार करने और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो लोकसभा चुनाव के बाद कवायद शुरू हो जाएगी। सर्वेक्षण का संकेत देते हुए मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।

टाइमर बोतल बम बनवाने वाली इमराना गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : टाइमर बम तैयार कराने वाली इमराना को मुजफ्फरनगर से शनिवार को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से ही चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) के साथ जावेद नाम के युवक को पकड़ा गया था। उसने कबूला था कि इमराना नाम की महिला के कहने पर टाइमर बम बनाया था। एटीएस और दूसरी खुफिया एजेसियां इमराना से पूछताछ कर रही हैं।

केंद्रीय खुफिया एजेंसी की सूचना पर एसटीएफ ने इमराना को कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के प्रेमपुरी स्थित घर से दबोचा। उसने बताया कि वह निरमाना, थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर की रहने वाली है। उसकी शादी करीब 30 वर्ष पहले आजाद निवासी बन्तीखेड़ा, थाना बावरी, जनपद शामली से हुई थी। लगभग 20-22 वर्षों से पति के साथ मोहल्ला प्रेमपुरी काली नदी के पुल के पास मुजफ्फनगर में रह रही है। बन्तीखेड़ा स्थित ससुराल में आती-जाती रहती है। वहां झाड़-फूंक व दवाई देने का काम करती है।

- मुजफ्फरनगर से चार बम के साथ पकड़े गए जावेद ने पूछताछ में दी थी जानकारी
- एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कर रहीं पूछताछ, झाड़-फूंक का करती है काम

झगड़े व दंगे में काम आने को बनवाया था टाइमर बम

इमराना के मुताबिक, वर्ष 2013 में मुजफ्फरनगर में दो समुदायों के बीच झगड़ा हो गया था। दूसरे समुदाय के लोगों ने उसका घर जला दिया था। इसके बाद उसने जावेद से कुछ बम बनवाए थे। ताकि आगे कोई मामला हो तो उसमें काम आए। बम उसने काफी समय पहले अपने मिलने वाले कुछ लोगों को दे दिए थे। करीब 15 दिन पहले उसने जावेद से 10 बम बनाने के लिए कहा था। सोचा था कि कोई झगड़ा व दंगा होगा तो काम आएगा।

12-13 वर्ष पहले भी जावेद से बनवाए थे दो बम

इमराना ने बताया कि करीब 20 वर्ष पहले से वह जावेद को जानती है। उसके पिता जरीफ अहमद हकीम थे, वह दवाई लेने उनके घर आती-जाती थी। जावेद उसे वहीं पर मिला था। जावेद के चाचा अर्शी लाइसेंस पर पटाखे बनाते थे। जावेद भी उनके साथ काम करता था। 12-13 वर्ष पहले उसने जावेद से दो बम बनवाए थे।

कुमाऊं विश्वविद्यालय में जलवायु परिवर्तन पर हुआ मंथन

पिघलते ग्लेशियर इंसान के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार : बढ़ते मानवीय दबाव का सीधा असर अब हिमालयी रीजन के ग्लेशियरों पर दिख रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण जो नकारात्मक प्रभाव सामने आ रहे हैं, भविष्य में इंसान के अस्तित्व पर भी संकट पैदा कर सकते हैं। पर्यावरण के प्रति अगर अभी भी इंसान संवेदनशील नहीं हुआ तो इसके परिणाम घातक साबित होंगे।

अल्मोड़ा के कुमाऊं विश्वविद्यालय के सोबन सिंह जीना परिसर में क्लाइमेट चेंज एंड सस्टेनेबिलिटी ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज इन हिमालयन रीजन विषय पर विशेषज्ञों के बीच हुए मंथन के बाद यह चिंताजनक बात सामने आई है। गोविंद बल्लभ हिमालयी पर्यावरण संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल की मानें तो हिमालयी रीजन में वर्ष 2010 तक करीब 20 अरब टन बर्फ हिमालयी ग्लेशियरों से पिघली लेकिन वर्तमान तक इन ग्लेशियरों से करीब 440 अरब टन बर्फ पिघल चुकी है। मानवीय दबाव और चूक के कारण गर्मी लगातार बढ़ रही है जिससे ग्लेशियर अपने मूल स्वरूप को खोते जा रहे हैं। मौसम के चक्र में आ रहा बदलाव आने वाले भविष्य में पैदा होने वाले खतरे की घंटी दे रहा है इसलिए हिमालय को बचाने के लिए एक्शन ओरिएंटेड काम करने की जरूरत है।

एचएफआरआई शिमला के पूर्व निदेशक डॉ. एसएस सामंत मानते हैं कि हिमालयी इको सिस्टम को बनाए रखने के लिए इंसान को संवेदनशील होना पड़ेगा। हॉर्टिकल्चर, फ्लोरा, फौना आदि मिलकर इकोसिस्टम को बनाते हैं। आज पर्यावरण में निरंतर गिरावट के कारण इको सिस्टम प्रभावित हुआ है इसलिए जैव विविधता के साथ हिमालय को बचाने की दिशा में प्रयास होने आवश्यक हैं।

पूर्व कुलपति प्रो. जगत सिंह बिष्ट भी मानव द्वारा किए जा रहे प्राकृतिक संसाधनों के निरंतर दोहन को ठीक नहीं ठहरा रहे हैं। एसएसजे के कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट भी पर्यावरण में हो रहे परिवर्तन और गिरावट पर चिंतित दिखाई दिए। उनका मानना है कि मानवीय हस्तक्षेप के फलस्वरूप कई समस्याएं एवं चुनौतियां हमारे सामने आई हैं जिसमें पर्यावरण का क्षरण होना बेहद चिंतनशील विषय है। क्लाइमेट चेंज होने के कारण प्राकृतिक संसाधनों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, पर्यावरण चक्र अस्थिर हुआ है और जीवन चक्र में परिवर्तन हो रहा है लेकिन यह परिवर्तन भविष्य में आने वाले खतरों की ओर ही इशारा कर रहा है।

सेमिनार में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे गणमान्य लोग।

- बढ़ता रहा दबाव तो हालात पर काबू पाना होगा मुश्किल
- पर्यावरण में परिवर्तन से दिखाई दे रहे नकारात्मक प्रभाव

ये रहे मौजूद : इस दौरान डॉ. जेके कुनियाल, प्रो. एलएम तिवारी, डॉ. जीएस रावत, डॉ. गजेंद्र सिंह, डॉ. बलवंत कुमार, भावना पांडे, जोया शाह, महिमा गढ़कोटी, मुक्ता मर्तोलिया, पूजा बिष्ट, अर्चना कांडपाल, नेहा पटोला, लक्ष्मी, सीमा, प्रो. इला साह, प्रो. एलएम तिवारी, प्रो. भीमा मनराल, डॉ. सबीहा नाज, डॉ. सुभाष चंद्र, डॉ. नंदन सिंह बिष्ट, डॉ. कालीचरण, प्रो. एके हामिद, नवीन, डॉ. देवेंद्र धामी, डॉ. संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

सिपाही भर्ती परीक्षा

- परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र दिलाने को ले रहे थे 10-12 लाख रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए होने वाली परीक्षा को बेदाग संपन्न कराने में जुटी एसटीएफ और पुलिस ने रविवार को भी सॉल्वर गैंग और जालसाजों को दबोचा। परीक्षा में शाम 6 बजे तक 15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। वहीं, डीजीपी कार्यालय की ओर से दी गई सूचना के मुताबिक, 15 से 18 फरवरी शाम 6 बजे तक परीक्षा में सेंधमारी की कोशिश में 244 सदस्यों की गिरफ्तारी की गई है।

लखनऊ में एक केंद्र पर सूची में अपना नाम देखते अभ्यर्थी।

बायोमेट्रिक में नहीं मैच हुए अंगूठे के निशान

रामपुर में परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक में अंगूठे के निशान मैच नहीं होने पर एक सॉल्वर को गिरफ्तार किया गया। वह अभ्यर्थी राजीव की जगह परीक्षा दे रहा था। सॉल्वर दिलीप बिहार के जिला जमोई थाना झाझा ग्राम खुरिप्रासा का है। इसके अलावा अलीगढ़ से एक, कानपुर से एक, अमरोहा से एक, बुलंदशहर से दो, गोरखपुर से दो, हाथरस से चार, मैनपुरी से तीन, वाराणसी से दो, फतेहगढ़ से एक पकड़ा गया है। एसटीएफ ने कुल छह को गिरफ्तार किया है।

शिकोहाबाद में 14 सॉल्वर समेत दो पुलिसकर्मी भी दबोचे गए

रविवार को सबसे ज्यादा फिरोजाबाद में गिरफ्तारियां हुईं। यहां 14 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। अकेले शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में पकड़े गए नौ लोगों में दो पुलिसकर्मी भी बताए जा रहे हैं। इसमें एक 28 बटालियन पीएसी इटावा में नियुक्त बताया जा रहा है। दूसरे के फतेहपुर जिले में सिपाही के रूप में तैनाती की बात कही जा रही है।

बलिया में 11 पकड़े गए, पेपर आउट कराने का झांसा देकर करते थे अभ्यर्थियों से सौदा

बलिया जिले में 11 लोग पकड़े गए हैं। इसमें तीन को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। इसमें उपेन्द्र यादव और मार्कन्डेय यादव बलिया व स्वतंत्र यादव मऊ जिले का निवासी है। तीनों प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर आउट का झांसा देकर अभ्यर्थियों से पैसा वसूलते थे। प्रयागराज से अभ्यर्थियों को ठगने वाले तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया गया। ये अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र दिलाने के नाम पर 10-2 लाख रुपये लेते थे।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 | उद्योगपति, राजदूत, उच्चायुक्त समेत दुनिया की करीब 4000 हस्तियां होंगी शामिल

सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में लखनऊ

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार : बस कुछ घंटों का इंतजार और लखनऊ सजधज कर तैयार है। राजधानी की धरा मानों दोनों हाथ फैलाकर सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में हो। शहर की मुख्य सड़कों का कोना-कोना दमक रहा है। उत्सव मनाने से पहले पसरी सुखद शांति का एहसास हो रहा है। देशी-विदेशी हस्तियों के बीच सोमवार से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड-शो तीन दिन चलेगा।

मुख्य सड़कों पर स्ट्रीट लाइट के खंभों को फूलों की माला व झालरों की लड़ियों से सजाया गया है। सड़कों के दोनों तरफ लगी डिजायनर ग्रिल्स का रंग-रोगन किया गया है। फुटपाथ गमलों और महंगे व दुर्लभ प्लांट्स से शोभायमान हैं। सड़क पर सरपट दौड़ते वाहन और लोग इस कदर चकाचौंध को देखकर ठिठक जा रहे हैं। व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को एक दर्जन महकमों के आला अफसर व अधीनस्थकर्मी दिन-रात एक किए हुए हैं। हजरतगंज, गोमती नगर जैसे पॉश इलाके हों या पुराना शहर हर जगह ग्राऊंड ब्रेकिंग सेरेमनी का संदेश देतीं होर्डिंग्स राहगीरों का ध्यान खींच रही हैं। मोदी-योगी की तस्वीरों के साथ इन होर्डिंग्स पर आयोजन के कार्यक्रम दर्ज हैं। पीएम मोदी के बड़े-बड़े जीवंत सरीखे कटआऊट्स, मानों हर आते-जाते का अभिवादन कर रहे हों।

मुख्य बाजारों, चौराहों, स्थलों की सुरक्षा भी चाक-चौबंद है। हर जगह पुलिस की टुकडिय़ां तैनात हैं। गश्त भी तेज है। इस सुरक्षा में गौर करने वाली बात यह है कि पुलिस संवेदनशील गतिविधियों पर नजर रखने के साथ मेहमानवाजी की भूमिका में भी कुछ अलग व्यवहार के साथ दिख रही है। रात का तो नजारा ही और है।

प्रधानमंत्री सवा घंटे लखनऊ में, रक्षामंत्री रहेंगे साथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को लगभग सवा घंटे लखनऊ में रहेंगे। वे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी तक चलने वाली तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की शुरुआत करेंगे। वह दोपहर 1.45 से 3 बजे तक कार्यक्रम में रहेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी यहां उप्र. में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों पर विचार रखेंगे। रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी विचार रखेंगे। मोदी को राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

फिर सक्रिय हो रहा पश्चिमी विक्षोभ वर्षा व बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी

चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में बारिश, 3500 मीटर से ज्यादा ऊंचाई पर होगा हिमपात

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राज्य के पांच जिलों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा अन्य इलाकों में भी बौछारें पड़ने की संभावना है।

फरवरी में दूसरी बार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। राज्य में एक बार फिर से बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, देहरादून, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही बर्फबारी भी हो सकती है। 3500 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है। साथ ही ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। इसके साथ ही मैदानी इलाकों में भी बौछारें पड़ सकतीं हैं। मौसम विभाग के अनुसार 22 फरवरी तक मौसम में बदलाव रहेगा। इसके बाद आसमान साफ हो जाएगा। इधर हल्द्वानी में अपराह्न के बाद हल्के बादल छा गए। साथ ही शाम के समय ठंड भी बढ़ गई। अधिकतम तापमान 23.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री दर्ज किया गया है।

नैनीताल की पहाड़ियों पर रविवार को छाया रहा हल्का कोहरा। ● अमृत विचार

खेती और बागवानी के लिए लाभदायक

हल्द्वानी। अगर बारिश होती है तो यह खेती और बागवानी के लिए काफी लाभदायक रहेगी। इस समय खेतों में गेहूं की फसल मुख्य तौर पर लगी हुई है। बाली आने से पहले बारिश होने से फसल को काफी लाभ मिलेगा। साथ ही बारिश से मौसमी सब्जियों जैसे गोबी, मटर, बीन, पालक आदि की उपज भी बढ़ेगी।

मौसम में बदलाव हो रहा है। बारिश होने की संभावना है। अगले कुछ दिनों तक मौसम में परिवर्तन बना रहेगा।

-डॉ. आरके सिंह, मौसम विज्ञानी, पंतनगर

मौसम ने फिर बदली करवट, दिन भर छाया रहा कोहरा

नैनीताल : बीते कुछ दिनों से तापमान में हुई बढ़ोतरी से नगर में ठंड का अहसास कम होने लगा था तो वहीं रविवार को फिर अचानक सुबह से ही नगर में कोहरा छाने से एक बार फिर ठंड में इजाफा होने लगा। रविवार को नगर का अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें कि रविवार को मौसम विभाग ने कई इलाकों में बारिश की भविष्यवाणी की थी जिसको लेकर नैनीताल में बारिश तो नहीं हुई लेकिन सुबह से ही कोहरे के चलते ठंड में इजाफा हुआ। वहीं लोगों को अभी भी बारिश व हिमपात का इंतजार है क्योंकि बीते वर्ष भी फरवरी में बारिश व हिमपात हुआ था। अगर ऐसा होता है तो ये नैनीताल की पहचान नैनीझील के लिए वरदान साबित होगी। वहीं सूखने के कगार पर पहुंच चुके प्राकृतिक जल स्रोत भी पुनर्जीवित हो जाएंगे अन्यथा आने वाले गर्मी के मौसम में नगर वासियों को पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ सकता है।

बाइक सवार से बरामद किया छह किलो गांजा

रामनगर, अमृत विचार : पीरुमदारा पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत थारी गांव के समीप चेकिंग कर रहे पुलिस दल ने बाइक सवार से छह किलो प्रतिबंधित गांजा बरामद किया है। प्रभारी उप निरीक्षक राजेश जोशी के नेतृत्व में राजकीय मार्ग के निकट नियमित जांच कर रहे पुलिस दल को थारी गांव की ओर से बाइक सवार आता दिखा, जिसने अपनी बाइक की टंकी में एक सफेद रंग का कट्टा रखा हुआ था।

संदेह होने पर पुलिस ने बाइक सवार को रोका तो वह बाइक फेंक कर भागने लगा। पुलिस ने दौड़कर बाइक चालक रघुवीर सैनी पुत्र गंगा चरण हाल निवास बदेशा स्टोन के पीछे को पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह यह गांजा थारी गांव निवासी रानो कौर से लेकर आया है। आरोपी ने कहा कि वह लंबे समय से गांजे की फुटकर बिक्री के काम में लगा हुआ है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान कर उसे जेल भेज दिया। उससे मामले में और अधिक पूछताछ की जा रही है।

वृद्धाश्रम नहीं होने से रोडवेज परिसर में रात बिता रहे हैं वृद्ध

ललित पांडे, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिले में सरकारी वृद्धाश्रम नहीं होने से कई बुजुर्ग रोडवेज स्टेशन परिसर में रात बिताने को मजबूर हैं, जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

समाज कल्याण विभाग के अधिकारी समाज से ही कटे रहते हैं, जिससे बेसहारा लोग फुटपाथों, रोडवेज व रेलवे स्टेशनों पर रात गुजारने को मजबूर हैं। रोडवेज स्टेशन परिसर में भी कई बेसहारा लोग दिनभर घूमते व रात होने पर वहीं सो जाते हैं। रोडवेज कर्मचारियों का कहना है कि रात्रि में परिसर में सोने वाले बहुत आते हैं लेकिन तीन महिलाएं लंबे समय से दिन-रात यहीं रहती हैं। उन्होंने बताया कि एक महिला अच्छे घर से, जानकार व पढ़ी-लिखी लगती हैं लेकिन उनका अपनी बहू से विवाद होने से वह 7-8 महीने से यहीं रहती हैं। हालांकि, धूप सेंक रही इस महिला से बातचीत नहीं हो पाई व फोटो खींचने पर वह अपना मुंह छिपाने लगीं। कर्मचारियों ने कहा कि उनसे बात करने की कोशिश मत करो, वह गाली-गलौच भी करती हैं।

एक अन्य महिला परिसर के भीतर जमीन पर बेसुध बैठी हुई थी। उन्होंने मैले-कुचेले कपड़े पहने थे। कर्मचारियों ने बताया कि वह कान कम सुनती व यहीं बैठी रहती हैं। उन्होंने बताया इन्हें यहां रहते हुए 6-7 साल से ज्यादा हो गए हैं। इधर, उपरोक्त महिलाओं को समाज कल्याण विभाग से पेंशन का लाभ मिल पाता है या नहीं, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई।

दृष्टिहीन बसंती देवी भी एक-डेढ़ साल से यहीं रहती हैं। वह बताती हैं कि भाइयों के साथ नहीं बनने पर वह यहां चली आईं। बसंती देवी ने कहा कि समाज कल्याण विभाग से दिव्यांग पेंशन मिलती है लेकिन फूलों की माला बनाने आदि का काम मिल जाता तो वह कर लेतीं।

रोडवेज परिसर में भटकतीं बेसहारा महिलाएं। ● अमृत विचार

पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा

मूल रूप से चौखुटिया, अल्मोड़ा की रहने वाली बसंती देवी के पिता सेना में थे व माता-पिता की मृत्यु के बाद उनकी पेंशन का लाभ अविवाहित होने के कारण इन्हें मिलना था लेकिन वह आज भी इस सुविधा से महरूम हैं। बसंती देवी का सहयोग करने वाले चौखुटिया निवासी राजेंद्र कुमार बताते हैं कि पेंशन से संबंधित कागजात सेना के बरेली स्थित कार्यालय भेजे गए लेकिन उस पर क्या कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी नहीं है।

समाज में बुजुर्गों की स्थिति दयनीय है। आधुनिकता की दौड़ में बच्चे व्यवहारिक संबंधों को भूल जाते हैं लेकिन हमें वृक्षों व वृद्धों का सदा सम्मान करना चाहिए।

- प्रकाश डिमरी, संस्थापक, आश्रय सेवा समिति वृद्धाश्रम परिवार

लाभार्थियों से करेंगे संपर्क

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : रविवार को राज्य अतिथि गृह में भाजपा मंडल द्वारा लाभार्थी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश महामंत्री गजराज बिष्ट द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

गजराज सिंह बिष्ट ने बताया कि लाभार्थी संपर्क अभियान का उद्देश्य केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से कार्यकर्ताओं द्वारा व्यक्तिगत्य रूप से संपर्क करना है। यह कार्यक्रम प्रत्येक बूथ पर एक से 5 मार्च तक चलाया जाएगा, जिसमें घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क कर उनको पत्रक देना व लाभार्थी के साथ फोटो एवं उसके अनुभव का वीडियो सोशल मीडिया नमो एप सरल ऐप पर अपलोड करना है। मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट ने बताया कि बीते 10 वर्षों में सरकारी योजनाओं के सभी लाभार्थियों तक पंहुचकर उनको सरलर से कौन सी योजना का लाभ मिला है। उसकी जानकारी को सरल ऐप में अपलोड करना है। इस दौरान मंडल विमला अधिकारी, रीना मेहरा, कविता गंगोला, दीपिका बिनवाल, तारा राणा, मनोज जोशी, अरविंद पडियार, मीना बिष्ट, हेमलता पांडे, मोहित साह, विक्रम रावत, विक्रम राठौर, संतोष कुमार, भूपेंद्र बिष्ट, प्रेम साह, विश्वकेतु, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

दीप प्रज्वलित करते मुख्य अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

प्रदूषित पानी झील में छोड़ने पर 7 को नोटिस

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीझील की धमनियां कहे जाने नालों से झील तक पहुंचने वाले पानी की शुद्धता की अब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जांच करेगा। नगर पालिका ने पत्र लिखकर पानी की जांच करने की मांग प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से की है। साथ ही नाला नंबर 23 में सीवर रिसाव होने के कारण प्रदूषित पानी झील तक पहुंचने पर पालिका ने सात लोगों को नोटिस जारी किये हैं।

बता दें कि मल्लीताल स्थिन नाला नंबर 23 से झील में गिरने वाले पानी की जांच में ऊपर की ओर पानी साफ मिला, मगर झील के मुहाने के समीप पानी प्रदूषित मिला। नगर पालिका टीम ने निरीक्षण कर जांच पड़ताल की तो कई लोगों के घरों से गंदा पानी व सीवर ओवरफ्लो होने से प्रदूषित पानी नाले तक आने की पुष्टि हुई। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि जांच के बाद क्षेत्र निवासी सात लोगों को नोटिस जारी किये गए थे, जिनके द्वारा नाले से जुड़े सीवर व गंदे पानी का संयोजन हटा लिया गया है। बताया कि दोबारा पानी की जांच के लिए पीसीबी के साथ पत्राचार किया गया है, जिनकों शहर के सभी नालों से झील में गिरने वाले नालों की जांच करने की मांग की गई है, जिससे झील के गिरने वाले पानी की गुणवत्ता का पता लग सके और गंदगी मिलने पर साफ सफाई को लेकर कार्य किया जा सके।

शिवरात्रि मेले की तैयारियों पर चर्चा

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम सभा पिनरौ के छोटा कैलाश में लगने वाले शिवरात्रि मेले के आयोजन को लेकर हैड़ाखान में मंदिर समिति के उपाध्यक्ष कैलाश सिंह संभल की अध्यक्षता में आयोजनकर्ता जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की बैठक आयोजित हुई।

इस दौरान बताया गया कि मेले का आयोजन सात और आठ मार्च को होगा। मंदिर के तीनों पुजारी ललित पलड़िया, हेम भट्ट और आनंद पलड़िया पूजा अर्चना करेंगे। वहीं पानी की व्यवस्था का जिम्मा इस बार भी आदि कैलाश विकास समिति को सौंपा गया। क्षेत्र में पिछले वर्ष जिलाधिकारी के द्वारा जिला पंचायत को आवंटित भूमि पर मेले तक पार्किंग का कार्य पूर्ण होने की संभावना व्यक्त की गई। मेले के आयोजन को लेकर शिष्टमंडल जिला स्तरीय अधिकारियों से मिलेगा। बैठक में कोषाध्यक्ष मंदिर समिति त्रिलोचन पलड़िया, आदि कैलाश विकास समिति अध्यक्ष उमेश पलड़िया, प्रधान नवीन पलड़िया, दीवान सिंह, नंदन सिंह, महिपाल सिंह आदि मौजूद थे। वहीं छोटा कैलाश में आयोजित होने वाले शिवरात्रि मेले के आयोजन को भली भांति संपन्न करने के लिए इस बार मंदिर समिति ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए दो बार नोटिस देने के बाद तीसरी बार उसको उसके पद से हटा देने का प्रस्ताव पास किया है। इस श्रेणी में उन्होंने मंदिर के तीन पुजारी, एक सेवादार और स्वयं अपने समिति के पदाधिकारियों को इस निर्णय के दायरे में रखा है।

हैड़ाखान में शिवरात्रि मेले के आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में शामिल लोग।

क्षेत्र को कूड़ा मुक्त करने का निर्णय लिया

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल के वार्ड संख्या छह के अन्तर्गत सिंचाई विभाग की स्वामित्व वाली ड्रेन ए और उससे लगे क्षेत्र में काफी समय से सफाई नहीं होने से स्थानीय लोगों ने स्वयं ही सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र को कूड़ा मुक्त करने का निर्णय लिया।

बंटी आर्या।

तय कार्यक्रम के अनुसार स्थानीय युवकों ने निवर्तमान सभासद बंटी आर्या के नेतृत्व में क्षेत्र के एक बड़े हिस्से में सफाई अभियान चलाया और लोगों को सफाई के लिए जागरूक किया। इस दौरान लोगों ने सफाई से संबंधित अपनी समस्या से भी अवगत कराया। लोगों के मुताबिक नगर पंचायत का वाहन क्षेत्र में नियमित तौर पर कूड़ा ले जाने के लिए तो आता है पर समय नियत नहीं होने के कारण कूड़ा फेंकने के चक्कर के लोगों की रोजमर्रा की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत के कार्य पर संतुष्टि व्यक्त की और कूड़ा वाहन का समय नियत करने की मांग की।

इस दौरान लोगों ने इस प्रकार का सफाई अभियान वाहन वार्ड के अन्य क्षेत्र में भी चलाने की मांग की। सफाई अभियान में विक्रम कुमार, सानू, चंद्रेश, संतोष कुमार, संजीव कुमार, दिव्यांशु कमार, आमिर खान आदि मौजूद थे।

वार्ड संख्या छह में सफाई अभियान चलाते स्थानीय निवासी। ● अमृत विचार

पशुओं से निजात दिलाने की मांग को प्रमुखता से उठाया

लोगों ने बेसहारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग को प्रमुखता से रखा। बताया कि आवारा पशुओं के चलते जहां भोजन की तालाश में वे खेतों को नुकसान पहुंचा रहे हैं वहीं इन जानवरों को निवाला बनाने के लिए तेंदुआ नगर की ओर रुख कर रहा है। आवारा पशुओं को गौशाला पहुंचाने के लिए शीघ्र ही शिष्ट मंडल जिला स्तरीय अधिकारियों से भेंट करेगा।

कहीं ट्यूबवेल खराब तो कहीं पर लीकेज ने बढ़ाई परेशानी

▸▸ बीच सड़क पर लाइन लीक होने से बर्बाद हो रहा पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जहां एक तरफ ट्यूबवेल खराब होने से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है वहीं दूसरी तरफ विभाग की लापरवाही के कारण सड़कों पर पानी बह रहा है।

जल संस्थान परिसर के ट्यूबवेल के साथ ही आईटीआई और भगवानपुर जयसिंह का ट्यूबवेल भी खराब चल रहा है जिसे विभाग अभी तक ठीक नहीं कर पाया है। जल संस्थान परिसर का ट्यूबवेल खराब हुए चार दिन से अधिक हो गए हैं जबकि भगवानपुर जयसिंह और आईटीआई का ट्यूबवेल दस दिन बाद भी ठीक नहीं हो पाया है। विभाग प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति कर रहा है लेकिन विभाग के टैंकर भी लोगों की प्यास नहीं बुझा पा रहे हैं जिस कारण लोगों को अपनी जेब ढीली कर निजी टैंकर मंगाना पड़ रहा है। वहीं, दूसरी तरफ हीरानगर में पिछले कई दिनों से सड़क में पानी बह रहा है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। यहां सड़क पर सुबह और शाम के समय लगातार कई घंटों तक पानी बहते रहता है जिससे लाइन से आपूर्ति होने वाले क्षेत्र में लोगों को पानी नहीं मिल पाता है। इसी तरह बरेली रोड में भी सड़क किनारे लाइन टूटी हुई है जिससे पानी बर्बाद हो रहा है और लोगों को होने वाली जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। यहां सड़क किनारे टूटी लाइन से आसपास के लोग पानी भर रहे हैं।

हीरानगर में सड़क पर बर्बाद होता पानी।

अलचौना के जीर्ण शीर्ण मार्ग का किया जाएगा निर्माण

भीमताल, अमृत विचार : ब्लाक भीमताल के माध्यम से विकासखंड के अलचौना में छह लाख रुपये से मार्ग का निर्माण किया जाएगा। इस बात की घोषणा करते हुए ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने बताया कि ग्राम सभा का यह मार्ग काफी जीर्ण शीर्ण है और ग्रामीणों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अवगत कराया कि मार्ग का निर्माण शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। मालूम हो कि इस मार्ग से रोज कई विद्यार्थी और ग्रामीण गुजरते हैं। मार्ग की दशा ठीक नहीं होने से हमेशा फिसलने और गिरने का भय बना रहता है।

तैयारी नगर वासियों को एक नई सौगात देने जा रही पालिका

तारा हॉल बनेगा विवाह स्थल

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : पालिका नगर वासियों को एक नई सौगात देने जा रही है। पालिका ने सात नंबर, स्नोव्यू क्षेत्र ब्रेसाइड स्थित तारा हॉल भूमि को विवाह स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। विभागीय स्तर पर अधिकारियों ने आरडब्ल्यूडी के साथ निरीक्षण कर प्लान पर कार्य करना शुरू कर दिया है, जिसके बाद नगर के लोगों को अब विवाह व अन्य आयोजनों के लिए होटल व बैंकेट हॉल का महंगा किराया वहन नहीं करना पड़ेगा। वहीं निवर्तमान स्थानीय सभासद पुष्कर बोरा ने इसे सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि इससे स्थानीय लोगों को शादी विवाह व अन्य आयोजनों के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

ईओ राहुल आनंद ने बताया कि ब्रेसाइड तारा कॉटेज क्षेत्र में नगर पालिका की करीब दो एकड़ भूमि खाली पड़ी है।

जिसमें पूर्व में सरकारी विद्यालय हुआ करता था। मगर वर्षों पूर्व स्कूल बंद होने के बाद भवन जर्जर अवस्था में है। बताया कि उक्त भवन को ध्वस्त कर खाली भूमि पर समतल मैदान विकसित किया जाएगा। जिसे विवाह स्थल के रूप में प्रयोग किया जाएगा। बताया कि नगर पालिका की ओर से संचालित किये जाने के कारण यह स्थल लोगों को सामान्य दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा।

बताया कि आरडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता के साथ क्षेत्र का निरीक्षण कर लिया गया है। पुराने जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण को टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

क्षतिग्रस्त तारा हॉल स्कूल भवन। ● अमृत विचार

सांड के हमले में ग्रामीण की मौत

लालकुआं। पूर्वी घोड़ानाला बिंदुखत्ता क्षेत्र में आवारा सांड के हमले के बाद ग्रामीण रामस्वरूप की मौत हो गयी। रामलीला मैदान स्थित अपने मकान की देखरेख के बाद वह साइकिल से आ रहे थे। मैदान में आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने हो हल्ला कर सांड को भगाया और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भिजवाया, लेकिन बीते रोज उनकी मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 75 वर्षीय रामस्वरूप ने सांड द्वारा किए गए हमले के दौरान उसका डटकर मुकाबला किया था। उक्त घटना को लेकर लोगों में दहशत व्याप्त है। क्षेत्र में लगातार आवारा जानवरों की ओर से जहां ग्रामीणों की फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है वहीं राह चलते लोगों पर भी हमला किया जा रहा है जिसके चलते ग्रामीणों को खासी दहशत व्याप्त है।

विद्यार्थियों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल के अलचौना के ग्लोबल अकादमी में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भीमताल ब्लॉक प्रमुख डॉ हरीश बिष्ट, प्रबंधक लोकेश तिवारी, प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वागत गीत के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान ग्राम प्रधान पूरन भट्ट, नितेश बिष्ट, अनिता आर्य, हेमा आर्या, कमल कुल्याल पूर्व ग्राम प्रधान हरीश पांडे, दुर्गा दत्त, तथा शिक्षक सुनीता तिवारी, योगेंद्र कुमार, राजू फुलारा, पूनम, नेहा, कल्पना, तनुजा, काजल तथा अन्य शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

ग्लोबल अकादमी में वार्षिकोत्सव का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

पीपलपानी



स्व. बलवंत सिंह चुफाल

संस्थापक/अध्यक्ष

पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर, हल्द्वानी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पूज्य पति श्री बलवंत सिंह चुफाल (संस्थापक/अध्यक्ष पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच, हीरानगर, हल्द्वानी) का आकस्मिक निधन दिनांक 10.02.2024 दिन शनिवार को हो गया है। उनका पीपलपानी दिनांक 20.02.2024 दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे हमारे निवास स्थान सैनिक कालोनी मल्ली बमोरी, हल्द्वानी में होना निश्चित हुआ है। कृपया इसी सूचना को ही व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें।

-: शोकाकुल परिवार :-

श्रीमती हेमलता चुफाल (पत्नी), ईसान सिंह चुफाल (पुत्र)

विनीता चुफाल (पुत्री), बीना चुफाल (पुत्रवधु)

रुद्राक्ष चुफाल (पोता) अंजलि चुफाल (पोती)

एक नजर

कल नहीं चलेगी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस

हल्द्वानी : मैदानी जिलों में कोहरे की वजह से कई ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जत नगर डिवीजन के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि काठगोदाम से पुरानी दिल्ली जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 20 फरवरी को संचालित नहीं होगी। इससे पूर्व काठगोदाम-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस को भी 26 फरवरी तक के लिए निरस्त किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मैदानी जिलों में घने कोहरे की वजह से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है।

जहर खाने से मौत

हल्द्वानी : एक व्यक्ति की जहर से मौत हो गई। मेडिकल चौकी पुलिस के अनुसार नवाड़खेड़ा गौलापार निवासी चिरंजी लाल (58 वर्ष) ने 13 फरवरी को संदिग्ध जहरीला पदार्थ गटक लिया था। उसे सुशीला तिवारी अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां शनिवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों कोसौंपदिया।

स्कूटी फिसलने से युवक की मौत

हल्द्वानी : एक युवक की स्कूटी फिसलने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक 106 सिविल लाइंस बरेली निवासी अभिषेक एन लाल (30 वर्ष) होटल समूह में नौकरी करता था। किसी काम के लिए सिलसिले में वह रामनगर गया था और शनिवार को स्कूटी से वापस लौट रहा था। शाम 52 डांठ कटघरिया के पास स्कूटी फिसल गई और वह बुरी तरह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए पहले एसटीएच लाया गया। जहां से उसके परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में रेफर करा लिया। जहां उसकीमौत हो गई।

दुकान का ताला तोड़कर हजारों का माल चोरी

हल्द्वानी : मुखानी थाना क्षेत्र में भुवन दानी की श्यामा गार्डेन के पास अमरावती कॉलोनी में मोबाइल की दुकान है। शनिवार को मुखानी थाने की पुलिस गश्त करते हुए अमरावती कॉलोनी पहुंची तो दुकान का शटर खुला और दरवाजे के शीशे टूटे मिले। पुलिस ने भुवन को फोन कर मौके पर बुलाया। सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो दो चोर चोरी नजर आए। चोर सरिया के ताले तोड़ते और शटर उठाते दिखे। भुवन के मुताबिक दुकान से करीब 18 हजार नकद, 10 चार्जर, चार पावर बैंक सहित काफी माल चोरी हुआ है।

उपद्रवियों में युवा कांग्रेस के नेता का नाम आने के बाद दोनों दलों के पदाधिकारी एक दूसरे पर लगा रहे गंभीर आरोप

बनभूलपुरा बलवे पर भाजपा-कांग्रेस में छिड़ा जुबानी संग्राम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा बलवे में युवा कांग्रेस के पूर्व नेता व भाजपा समर्थित पार्षद के नामजद होने के बाद सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी कांग्रेस में जुबानी घमासान छिड़ गया है। दोनों ही दलों के अगुवाकार उपद्रवियों को एक दूसरे के दल का बताकर बलवे का दोष मढ़ रहे हैं।

बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर बने अवैध ढांचों को गिराने गई नगर निगम, प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम पर हजारों उपद्रवियों ने पथराव, आगजनी की थी। बाद में उप्रदवियों ने बनभूलपुरा थाना फूंक दिया था।

इस बलवे में पुलिस ने तीन एफआईआर दर्ज की है। इनमें युवा कांग्रेस के हल्द्वानी विस अध्यक्ष मोकिन सैफी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। बीते शनिवार को उसकी गिरफ्तारी हो गई थी। इसके बाद राजनैतिक गलियारों में तूफान मच गया है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस अपना वोट बैंक बनाने के लिए देवभूमि विरोधियों को बसा रही है। एक तरफ कांग्रेस हाईकोर्ट के सिटिंग जज से बनभूलपुरा बलवे की जांच करवाने की मांग कर रही है, दूसरी तरफ युवा कांग्रेस के नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो रही है।

जो इनकी रीति नीति में अंतर को दर्शाती है। इधर, कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

कांग्रेस का कहना है कि भाजपा को समर्थन देने वाले पार्षद, उपद्रवी गिरफ्तार किए गए हैं लेकिन इस पर जिले से प्रदेश नेतृत्व ने चुप्पी साध रखी है। आरोप लगाया कि दंगे से किस राजनैतिक दल को लाभ पहुंचता है सबको पता है। फिलहाल बनभूलपुरा बलवे को लेकर दोनों दलों के पदाधिकारियों पर एक दूसरे पर जुबानी हमले से परहेज नहीं कर रहे हैं।

मोकिन सैफी चुनाव जीतकर हल्द्वानी विस अध्यक्ष बना था। बीती 29-30 जनवरी को अनुशासनहीनता के आरोप में उसे निष्कासित कर दिया गया था। 30 जनवरी को युवा कांग्रेस के ऑफिशियल ग्रुप से भी निकाल दिया गया था। मोकिन का कांग्रेस से कोई लेन देन नहीं है। हां, भाजपा के महबूब आलम और अयाज भी उपद्रव में गिरफ्तार हुए हैं। इस पर भी भाजपा के बयानवीर को कुछ कहना चाहिए।
-सुमित्तर भुल्लर, प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस

हल्द्वानी की हिंसक घटना में युवा कांग्रेस के नेता का नाम मुख्य आरोपियों में आना दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक है। कांग्रेस के बड़े नेताओं को सामने आकर युवा नेता की करतूत पर माफी मांगनी चाहिए। साथ ही आपसी विचार विमर्श कर संगठन की अंदरूनी गतिविधियों को भी जांचना चाहिए। कांग्रेस हाईकोर्ट जज से जांच करवाने की मांग तो कर रही है लेकिन एक शब्द भी देवभूमि की शांति भंग करने, प्रशासन, पुलिस और मीडिया टीम पर जानलेवा हमले करने वालों के खिलाफ नहीं बोला है।
-मनवीर सिंह चौहान, प्रदेश मीडिया प्रभारी, भाजपा उत्तराखंड

बाहरी लोगों के सत्यापन की मांग

हल्द्वानी, अमृत विचार : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन से बाहरी लोगों का शत प्रतिशत सत्यापन करने पर जोर दिया।

जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि डीएम वंदना सिंह से शहर में सत्यापन अभियान चलाकर बाहरी लोगों की जांच करवाने की मांग की है। महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा एवं महामंत्री मनोज जायसवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि जो भी व्यापारी दुकानों के सामने रुपये लेकर फड़ वालों को बैठाता है, उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। कोई भी व्यापार मंडल ऐसे व्यापारियों को समर्थन नहीं देता है।

मलिक के बैंक खातों से दंगे के कनेक्शन तलाश रही पुलिस

दंगे के लिए फंडिंग का अंदेशा, मामले में नामजदों के खाते भी खंगाले जाएंगे, मलिक के साथ बेटा, पत्नी और बहू के खातों को भी खंगाल सकती है पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे में ताबड़तोड़ गिरफ्तारियों के बाद अब पुलिस दंगे के कनेक्शन तलाशने में जुट गई। मसलन, इस दंगे को सुनियोजित बताया जा रहा है और माना जा रहा है कि दंगे के लिए फंडिंग भी की गई। दंगे और फंडिंग के बीच जुड़ी कड़ी तलाशने के लिए पुलिस दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक और उससे जुड़े कई लोगों के खाते खंगाल सकती है।

फिलहाल तो 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुए दंगे का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक अपने बेटे अब्दुल मोईद समेत फरार है। मलिक की पत्नी और बहू का भी घटना के बाद से कोई पता नहीं है। मामले से जुड़े वसीम उर्फ हप्पा, रईस उर्फ दत्तू, तस्लीम और एजाज भी पुलिस की पहुंच से दूर है। इन सभी की संपत्ती कुर्क की कार्रवाई भी पूरी हो चुकी है और 50 से अधिक आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

गिरफ्त में आए सभी लोग स्थानीय हैं, लेकिन दंगे में बाहरियों के भी शामिल होने का अंदेशा है।

चूंकि दंगे को सुनियोजित कहा जा रहा है और बाहरियों के शामिल होने के अंदेशे पर फंडिंग की संभावना प्रबल है। सूत्रों के मुताबिक अब्दुल मलिक और मोईद के साथ-साथ उसकी पत्नी व अन्य परिजनों के बैंक खातों को खंगाला जाएगा। दंगे से पहले किसके खाते से कितना लेन-देन और किससे हुआ, यह पता लगाया जाएगा। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि आरोपियों की लगातार ट्रेसिंग की जा रही है। जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अब्दुल मलिक की लाइन नंबर-8 स्थित कोठी। ● अमृत विचार

कर्फ्यू में मिली ढील

जिला प्रशासन ने बनभूलपुरा में कर्फ्यू में ढील दी है। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में सुबह 5 बजे से रात 10 तक कर्फ्यू में ढील दी जाती है। अब कर्फ्यू सिर्फ रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक ही रहेगा। उन्होंने बताया कि कर्फ्यू ढील में आज से प्रभावी होगी। बता दें कि रविवार तक नाइट कर्फ्यू लगा था। बनभूलपुरा के अलग-अलग हिस्सों में कर्फ्यू में ढील की समयावधि में बदलाव किया गया था। बाद में घटना स्थल से 100 मीटर की परिधि में कर्फ्यू है।

बनभूलपुरा में कर्फ्यू में ढील और निष्पक्ष जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जमीयत उलेमा ए हिंद का प्रतिनिधि मंडल रविवार को हल्द्वानी पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल ने सबसे पहले एसटीएच पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल बनभूलपुरा पहुंचा और सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह एवं जोनल मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी से मुलाकात की।

उनसे वार्ता के बाद बनभूलपुरा में क्षेत्रवासियों और प्रभावितों से भी बातचीत की। उन्होंने प्रशासन की ओर से क्षेत्रवासियों को दी जा रही मदद की भी जानकारी ली। सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। साथ ही कहा कि जो भी दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ है उसे भूलकर आपसी दूरियां मिटाकर फिर से अमन चैन कायम किया जाए। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की।

उन्होंने कहा कि बनभूलपुरा में कर्फ्यू में ढील का समय बढ़ाना चाहिए। जिससे रोज कमाने खाने वालों को रोजीरोटी के लिए समय मिल सके। बनभूलपुरा दंगे की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और निर्दोषों को जबरन झूठे मुकदमे में नहीं फंसाने की मांग की।

बाद में उन्होंने प्रशासन की ओर से मुहैया कराई जा रही राहत की भी सराहना की। इस दौरान मास्टर अब्दुल सत्तार नायब सदर जमीयत उलेमा देहरादून, मोहम्मद शाह नजर सदस्य जमीयत उलेमा उत्तराखंड, मास्टर मुस्तकीम शहर अध्यक्ष देहरादून, खुर्शीद आलम, अब्दुल समद, मौलाना मुकीम कासमी सदर जमीयत उलेमा नैनीताल, मौलाना असीम शहर सदर जमीयत उलेमा हल्द्वानी, मौलाना सलमान, मौलाना कासिम अब्दुल हबीब, मोहम्मद शुएब, मोहम्मद तहुर काजिम आदि रहे।

दौरा

- **जमीयत उलेमा ए हिंद के प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासन की ओर से दी जा रही मदद की सराहना की**



हजारों दंगाई, बनानी होगी अलग जेल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दंगाइयों की गिरफ्तारी लगातार जारी है। पुलिस रजिस्टर में पांच से छह हजार दंगाई हैं, जिनकी गिरफ्तारी अभी बाकी है और ये जेल प्रशासन के लिए चिंता की बात है। पहले ही ओवरलोड हल्द्वानी उप कारागार इतनी बड़ी संख्या में दंगाइयों का भार उठाने के काबिल नहीं है। ऐसे में दंगाइयों को अब अन्य जेलों में ले जाना होगा।

बता दें कि बनभूलपुरा दंगे में पुलिस अब तक 58 लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है। अभी नामजदों की गिरफ्तारी बाकी है और दंगे का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक भी बेटे मोईद समेत फरार है। हल्द्वानी उप कारागार में बंदियों और कैदियों की रखने की क्षमता करीब 700 की है।

उस पर इस जेल में बंदियों और कैदियों की संख्या कभी भी 1500 से कम नहीं होती। इन सबके बीच जेल लाए जा रहे दंगाइयों को अलग बैरक नंबर दो में रखा जा रहा है। इस बैरक में सिर्फ दंगे के आरोपी है। जेल में दंगाइयों की बढ़ती संख्या के साथ जेल प्रशासन की चिंता भी बढ़ रही है और इसकी वजह ही दंगाइयों को सुरक्षा के साथ अलग बैरक देना है। जेल में बैरक और सुरक्षा प्रहरी भी सीमित है, जो पहले से ही दो गुने का बोझ उठा रहे हैं।

चिंता

- **हल्द्वानी उप कारागार पहले से ओवरलोड, लगातार बढ़ रही दंगाइयों की संख्या**
- **सुरक्षा को लग सकती है सेंध**

जेल में फिलहाल दो नई बैरकें तैयार हो चुकी हैं और एक निर्माणाधीन है। संख्या बढ़ती है तो जेल मुख्यालय से बातचीत कर कैदी-बंदियों की शिफ्टिंग की जाएगी। **-प्रमोद पांडे**, जेल अधीक्षक, हल्द्वानीउपकारागार

पुलिस सुरक्षा में हुई साफ-सफाई

व्यवस्था

- **डीएम ने कर्मियों को सुरक्षा का दिया है आश्वासन**
- **दंगे के 10 दिन बाद बनभूलपुरा पहुंचे पर्यावरण मित्र**

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा में सफाई का काम शुरू हो गया है। सफाई कर्मचारियों ने सुरक्षा दिए जाने की मांग कर सफाई करने से मना कर दिया था। सुरक्षा का आश्वासन मिलने के बाद ही कर्मचारी सफाई के लिए पहुंचे हैं।

आठ फरवरी को दंगे के बाद बनभूलपुरा में कर्फ्यू लगा दिया गया था। दंगे के दौरान नगर निगम के कर्मचारियों पर भी हमले किए गए थे। हमले में निगम के कई कर्मचारी चोटिल हुए थे। बाद में सफाई कर्मियों ने बनभूलपुरा में काम करने से मना कर दिया था। कर्मचारियों का कहना था कि बनभूलपुरा में उन्हें काम के दौरान जान का खतरा है। इस संदर्भ में नगर निगम के अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक भी की थी जो विफल साबित हुईं थीं। साथ ही सफाई कर्मचारियों ने अपनी बैठक में भी तय किया था कि जब तक सुरक्षा का आश्वासन नहीं मिलेगा तब तक सफाई नहीं की जाएगी। इधर शनिवार को डीएम वंदना सिंह ने स्वयं सफाई कर्मियों को सुरक्षा का आश्वासन दिया। रविवार को सफाई कर्मचारी बनभूलपुरा पहुंचे और यहां सफाई की। कई दिनों से सफाई नहीं होने की वजह से कूड़े के ढेर लग गए थे। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि काम के दौरान किसी भी निगम कर्मचारी के साथ कोई अभद्रता नहीं हुई है।

बनभूलपुरा में सड़कों की सफाई करता कर्मी। ● अमृत विचार

दंगे में नहीं, नशे में गिरने से हुई थी राजेश की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कल तक जिस राजेश को दंगे से जोड़कर देखा जा रहा था, अब उसकी मौत के रहस्य से पर्दा उठ चुका है। उसकी मौत शराब पीकर गिरने की वजह से हुई थी। पुलिस ने इस मामले की विस्तृत जांच की है।

राजेश (35) पुत्र बाबू लाल निवासी वार्ड चार 16 क्वाटर शराब और खर्च के लिए केमू बसों की धुलाई का काम करता था। दंगे के अगले दिन 9 फरवरी को पुलिस ने घायल अवस्था में राजेश को अस्पताल पहुंचाया था। उसके सिर के पीछे चोट का गहरा निशान था और उपचार के दौरान उसकी एसटीएच में मौत हो गई। सिर पर चोट के निशान के बाद उसकी मौत का कारण दंगाइयों के पथराव में हुआ माना जा रहा था, लेकिन जब पुलिस ने इसकी जांच की तो कहानी कुछ और निकली। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि राजेश घायल अवस्था में तिकोनिया चौराहे के पास मिला था। वह शराब का लती था और 9 फरवरी को भी वह शराब के नशे में गिर गया था, जिसकी वजह से उसके सिर के पीछे चोट आई और फिर उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया, राजेश की मौत का दंगे से कोई वास्ता नहीं है।

खुलासा

- **दंगे के अगले दिन तिकोनिया में पुलिस को मिला था घायल**
- **राजेश की मौत को दंगे से जोड़ कर देखा जा रहा था**

बनभूलपुरा में मलिक का बगीचा जाने वाले रास्ते पर तैनात केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बल। ● अमृत विचार

कार्रवाई

दंगे के मामले में न्यायालय ने नौ आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे, पुलिस ने कार्रवाई के बाद सामान को ट्रक में लोड कर चौकी भेज दिया

छठे वांटेड का घर कुर्क, रजाई और गद्दे तक उठा ले गई पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच रविवार को पुलिस फरार छठे दंगाई एजाज के घर पहुंची। करीब 3 घंटे में पुलिस ने एजाज के घर का तिनका तिनका उठा लिया। खिड़की दरवाजे उखाड़े और बिचौना तक पुलिस उठा ले गई। मामले में एजाज के दो भाई भी फरार हैं।

बता दें की बनभूलपुरा दंगे के मामले में न्यायलय ने नौ आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे, जिसके बाद पुलिस ने सबसे पहले दंगे के मास्टर माइंड बताए जा रहे लाइन नंबर आठ निवासी अब्दुल मलिक की कोठी में कुर्की की करवाई की थी। जिसके बाद चार और लोगों के घर कुर्क किए गए। इधर रविवार दोपहर करीब एसओ कालाढूंगी नंनद रावत, एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा, एसओ खनस्यूं भुवन राणा और मालधन चौकी इंचार्ज आसिफ खान फोर्स के साथ फरार चल रहे वांटेड एजाज के घर पहुंचे। उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। पुलिस दो कमरों के मकान में रखा हर सामान जब्त कर लिया। इसमें बेड, सोफा, फ्रिज, टीवी, अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम, बर्तन, क्रॉकरी व अन्य तरह का हर वह सामान जिसकी बिक्री या नीलामी हो सकती है, सब जब्त कर लिया। यहां तक कि घर के दरवाजे, खिड़की और बिस्तर भी उठा ले गए।

कुर्की की कार्रवाई खत्म होने से पहले वहां एजाज की मां और भाई सलीम पहुंचे। पुलिस ने कार्रवाई के बाद सामान को ट्रक में लोड करके मलिक के बगीचा स्थित देखरेख चौकी परिसर में भेज दिया है। मामले में शकील अंसारी, मोकिन सैफी और जियाउल रहमान की संपत्ति कुर्क नहीं की गई है और इसकी वजह यह हा की इनकी गिरफ्तारी हो चुकी थी। वहीं अभी तक अब्दुल मलिक, अब्दुल मोईद, वसीम उर्फ हप्पा, रईस उर्फ दत्तू और तस्लीम के घरों पर कुर्की कर चुकी है।

दंगा फैलाने के फरार छठे आरोपी के घर के सामान को ट्रक में भरवाती पुलिस। ● अमृत विचार

आरोपी के घर के अंदर जांच करती टीम।

जब्त हुई संपत्ति की सूची तैयार की जा रही है। पूरी रिपोर्ट तैयार होने के बाद कोर्ट में पेश की जाएगी।
-प्रह्लाद नारायण मीणा, एसएसपी नैनीताल

किन्नर से रचाया ब्याह बाप-बेटे में जूतम पैजार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : किन्नर से प्यार और फिर शादी युवक के जी का जंजाल बन गई। शादी के बाद किन्नर के साथ फरार हुए युवक को लेने परिजन शहर पहुंचे तो हंगामा हो गया। बात बिगड़ गई और बाप-बेटे में जूतमपैजार हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

जानकारी के मुताबिक शहर में ही रहने वाले एक युवक को किन्नर से प्यार हो गया। दोनों ने शादी की और फिर घर से फरार हो गए। जानकारी मिलते ही युवक के परिजन भी उसकी तलाश में निकल गए। रात करीब साढ़े 10 बजे युवक के पिता और भाइयों ने युवक को किन्नर के साथ सिंधी चौराहे पर पकड़ लिया। पिता और भाई युवक को अपने साथ ले जाने लगे, लेकिन युवक किन्नर के साथ ही रहने की जिद्द पर अड़ गया और बोला कि वो किन्नर से प्यार करता है और शादी कर उसे अपनी पत्नी का दर्जा दिया है। इस पर बात और बिगड़ गई। पहले गाला-गलौज हुई और फिर देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। किन्नर से प्यार, शादी और हंगामे की खबर पर मौके पर तमाशबीन जमा हो गए। इसी बीच किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद समझा-बुझा कर मामला शांत कराया गया। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि मामला शांत करा दिया गया था। किसी भी तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

विधायक भगत के आवास पर कृष्ण जन्मोत्सव पर निकाली गई झांकी।

भगत के आवास पर श्रद्धा से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

हल्द्वानी : भाजपा विधायक बंशीधर भगत के ऊंचापुल स्थित आवास में आयोजित श्री मद्भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव में विधायक भगत वासुदेव के रूप में प्रभु श्री कृष्ण की झांकी लेकर कथा स्थल पर पहुंचे। कथा में मौजूद श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर कृष्ण लला का स्वागत किया। कथा के मुख्य यजमान कृष्ण चंद्र भगत और व्यास गद्दी पर आचार्य मनोज कृष्ण शास्त्री विराजमान हैं। इस दौरान लीलाधर भगत, भुवन चंद्र भगत, भोला भगत, हेम चंद्र भगत, करन भगत, मनोज जोशी, जगदीश चंद्र नैनवाल, देवकिशोर सुयाल, आदित्य भगत मौजूद रहे ।

नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश चंद्र भट्ट व जिलाध्यक्ष राकेश चौहान का स्वागत करते कार्यकर्ता।

उत्तराखंड क्रांति दल को होना पड़ेगा मजबूत

हल्द्वानी : उत्तराखंड क्रांति दल के नवनियुक्त केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश चंद्र भट्ट व जिलाध्यक्ष राकेश चौहान का रविवार को कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मुखानी स्थित जिला कार्यालय में स्वागत समारोह के दौरान केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत होना पड़ेगा नहीं तो दिल्ली और नागपुर से चलने वाली पार्टियां इस राज्य को दीमक की तरह खा जाएंगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राकेश चौहान ने सर्वसम्मति से प्रताप सिंह चौहान को जनपद कार्यकारिणी अध्यक्ष मनोनीत किया। कार्यक्रम में नवनियुक्त संयुक्त सचिव देवी शर्मा, मोहम्मद इरफान खान का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय ध्यानी व कार्यक्रम का संचालन काजल रावत ने किया। इस दौरान इंद्र सिंह मनराल, श्याम सिंह नेगी, कंचन जोशी, बिशन सिंह लटवाल, हरीश जोशी, अलाउद्दीन सिद्दीकी, दिनेश नौटियाल, भावना मेहरा, सुनीता रानी आदि मौजूद रहे।

बसंतोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित हुई काव्य गोष्ठी में उपस्थित लोग।

अद्भुत वीणा से तन-मन को झंकार दे...

हल्द्वानी : हरफनमौला साहित्यिक संस्था की ओर से बसंतोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को कालाढूंगी रोड स्थित हेल्थ केयर सेंटर में एक काव्य गोष्ठी हुई। गोष्ठी का शुभारंभ हेल्थ केयर सेंटर की निदेशक डॉ. अंकिता चांदना, सुरेखा चांदना, हर्षिल कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। युवा कवि करन आर्या अज्ञात ने सुनाया–अब आसान है यह कहना कि वो शख्स मर गया होगा, वरना कौन समझाए इन्हें कि वो कहां गया होगा। हर्षित जोशी ने कहा–न जाने कितने दशकों से साथ थे हम, जन्मों जन्म के साथी थे हम। कमल सिंह ने कहा–कौन समझता है दर्द एक दीवाने का, लोगों ने कह दिया ये तो सरफिरा है। सावित्री नेगी ने कहा–ये जिंदगी भी कैसी होती है, कभी थोड़ी अच्छी तो कभी बुरी लगती है। डॉ. गुंजन जोशी ने कहा–हे सरस्वती मां, वीणा पाणी शारदे, अद्भुत वीणा से तन–मन को झंकार दे। लक्षिता जोशी ने कहा–देखो बसंत ऋतु है आई सुनाकर श्रोताओं को मन मोह लिया।

कुमाऊं विवि का 100 करोड़ रुपये अनुदान के लिए चयन

हल्द्वानी : कुमाऊं विश्वविद्यालय को 100 करोड़ रुपये के अनुदान के लिए चयनित किया गया है। इसके लिए केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय ने कुमाऊं विश्वविद्यालय को बहुविधात्मक शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए 100 करोड़ रुपए के अनुदान के लिए चयनित किया गया। 20 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी स्वयं इन योजनाओं का शुभारम्भ करेंगे, जो क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस अनुदान से विश्वविद्यालय के शिक्षा के स्तर में सुधार के साथ–साथ हजारों छात्र–छात्राएं लाभान्वित होंगे। भट्ट ने कुमाऊं विश्वविद्यालय को 100 करोड़ के अनुदान के लिए चयनित करने पर प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री काआभारजातायाहै।

बरसाती नाले पर पीएम आवास योजना से मकान बनाने का मामला, मामला खुलने पर अब लीपापोती शुरू

दमुवाढूंगा में घपले की 'काली स्याही' पर 'सफेद पेंट'

फॉलोअप

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दमुवाढूंगा बरसाती नाले पर पीएम आवास योजना से मकान बनाने के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। जिस मकान पर योजना और लाभार्थी का नाम चस्पा था, उसे रविवार को सफेद पेंट कर मिटा दिया गया। इससे सरकारी योजना के नाम पर बड़े घोटाले की आशंका बढ़ गई है।

जवाहर ज्योति वार्ड 37 में बरसाती नाले के पास करीब छह व सात मकान बने हैं। इनमें से एक मकान का निर्माण केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना से हुआ है। लाभार्थी गंगा देवी पत्नी चंदन राम को नगर निगम हल्द्वानी से इस योजना का लाभ मिला है। इतना ही नहीं गंगा देवी को योजना के तहत पहली और दूसरी किश्त भी जारी हो गई है। 'अमृत विचार' ने रविवार को 'सरकारी धन से नाले की जमीन पर बनाया मकान' शीर्षक से इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। जिसके बाद नगर निगम अधिकारियों और गलत तरीके से योजना का लाभ लेने वाले लाभार्थी में हलचल मच गई। जिस मकान पर लाभार्थी का नाम, योजना का नाम और मकान बनाने का वर्ष चस्पा था उसे रविवार को सफेद पेंट कर मिटा दिया गया। हालांकि निगम अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की है। चर्चा है कि मकान स्वामी ने स्वयं सफेद पेंट कर दिया है। इससे साफ हो चला है कि योजना के नाम पर गलत तरीके से मकान बनाने का बड़ा खेल चल रहा है।

पहले और अब

शनिवार को यह थी तस्वीर और रविवार को पोत दिया सफेद पेंट। ● अमृत विचार

15 फीट तक पाट दिया बरसाती नाला

दमुवाढूंगा बरसाती नाले को कब्जेदारों ने करीब 15 फीट तक पाट दिया है। इन्हें यहां बसाने वालों में क्षेत्र के ही कुछ प्रभावशाली लोग शामिल हैं। बरसाती नाले ने बीते वर्ष दमुवाढूंगा में भारी तबाही मचाई थी। उसके बावजूद नाले पर कब्जा कर मकान बनाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों ने इससे आंखें मूंद ली हैं।

माफियाओं ने बेच दी वनभूमि

हल्द्वानी। दमुवाढूंगा खाम, जवाहर ज्योति आदि क्षेत्र में ज्यादातर हिस्सा वनभूमि है। यहां रहने वाले लोग मालिकाने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं वहीं कुछ लोग ऐसे हैं जिन्होंने यहां पहले तो वनभूमि पर कब्जा किया और बाद में बकायदा प्लाटिंग करके प्लाट तक बेच दिए। वोट बैंक की राजनीति के चलते प्रशासन हमेशा कार्रवाई करने से भी बचता रहा।

अधिकारी बोलने से बच रहे

हल्द्वानी : इस मामले में जब नगर निगम के अधिकारियों से बात की गई तो वह बोलने से बचते रहे। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने मामले की जानकारी लेने की बात कही तो वहीं दूसरी ओर सामाजिक विकास अधिकारी सुरेश अधिकारी ने भी मामले की जांच के बाद ही कुछ कहने की बात कही है।

संरक्षण अधिनियम से बाहर हों तेंदुए और सुअर

जन मिलन सम्मेलन में गरजे ग्रामीण, 22 को सांसद व विधायकों के कार्यालय पर धरना देने का ऐलान किया

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : जंगली जानवरों व बंदरों से इंसानों, फसलों व मवेशियों को सुरक्षा देने आदि मांगों को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति का ग्राम कानिया में जन-सम्मेलन हुआ। इसमें वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में जंगली जानवरों का आतंक चरम पर है।

उत्तराखंड में टाइगर की संख्या बढ़कर 560 व तेंदुए की संख्या तीन हजार से भी ज्यादा है। अब ये विलुप्त प्रजाति नहीं रह गए हैं। इनके आतंक के कारण लोग न घर में सुरक्षित हैं और न बाहर। अतः टाइगर, तेदुओं व जंगली सुअरों को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1973 की संरक्षित प्रजाति सूची से बाहर किया जाना चाहिए तथा हिंसक जानवरों के आबादी क्षेत्र में आने पर इन्हें पकड़ने या मारने का अधिकार मुख्य जीव प्रतिपालक की जगह रेंज स्तर के अधिकारी या जन प्रतिनिधि को दिया जाना चाहिए। सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि वन कानूनों में बदलाव व सुरक्षा के लिए उत्तराखंड के सांसद एवं विधायकों को मांग पत्र दिया जाएगा तथा 22 फरवरी से उनके कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन भी किया जाएंगे तथा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को भी मांग पत्र दिया जाएगा।

वक्ताओं द्वारा कहा गया कि सरकार उत्तराखंड में जंगली जानवरों की संख्या को सीमित करे। इन्हें दक्षिण अफ्रीका की तर्ज पर जंगली जानवरों की संख्या सीमित करने के लिए बैलेंस हंटिंग की अनुमति दी जाए। इसके अलावा 10 सूत्रीय मांग पत्र भी पारित किया गया तथा कंडी सड़क को आम यातायात हेतु खोले जाने, वन ग्राम, गोट, खत्ते व गुर्जर खत्तों को राजस्व ग्राम का दर्जा देने व वनाधिकार कानून, 2006 के तहत प्रस्तुत दावों को स्वीकार करने तथा किसान आंदोलन के समर्थन में प्रस्ताव भी पारित किए गए।समिति के ललित उप्रेती ने कहा कि जनता पिछले 3 महीने से कार्बेट पार्क क्षेत्र में आदमखोर बाघ को पकड़े या मारे जाने की मांग कर रही है, देखते-देखते चार मौतें हो गई हैं और अब आदमख़ोर टाइगर फिर किसी को मारेगा।

उन्होंने कहा कि तीन दिन के भीतर यदि आदमखोर को पकड़ा या मार नहीं गया तो संघर्ष समिति मजबूर होकर अनिश्चितकाल के लिए कॉर्बेट पार्क बंद करने का निर्णय के लेना पड़ सकता है। अतः सरकार व वन प्रशासन गंभीरतापूर्वक टाइगर को पकड़े या मारे।

सम्मेलन को चाफी की हेमा जोशी, भीमताल की भावना तिवारी, काशीपुर के मनोज डोबरियाल, सल्ट के अजय जोशी, अंजू देवी, तुलसी बेलवाल,प्रेम राम, महिला एकता मंच की ललिता रावत, प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र की बिंदु गुप्ता, भाकपा माले के कैलाश पांडे, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रभात ध्यानी, चिंताराम, संयुक्त किसान मोर्चा के नेता धर्मपाल, वन पंचायत संघर्ष मोर्चा के तरुण जोशी, इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित, महेश जोशी, संजय मेहता, तारा बेलवाल, वन गूजर नेता मौ. सफी, जनवादी लोकमंच के हेम, आइसा के सुमित, रेखा, देवी लाल आनंद नेगी,पनीराम, सोबन तड़ियाल, ललित मोहन व समाजवादी लोक मंच के मुनीष कुमार ने संबोधित किया।

रामनगर के कानिया में जन मिलन सम्मेलन में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

पढ़ाई पंडित पूरन पांडे ने हासिल की 15वीं डिग्री

रामनगर, अमृत विचार : समाचार पत्रों में संपादक के नाम सर्वाधिक पत्र लिखकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज करा चुके रामनगर के वरिष्ठ अधिवक्ता पूरन चन्द्र पाण्डे की हालिया उपलब्धि अध्ययन जीवन में 15वीं डिग्री प्राप्त करना है। यह उपलब्धि उन्होंने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी इग्नू से दर्शन शास्त्र (फिलॉसफी) में प्राप्त की है। उनके पास 2 स्नातक और 13 परास्नातक डिग्री हो गई हैं जो उत्तराखंड में भी डिग्री पढ़ाई का रिकॉर्ड है। 1998 में बीए करने के बाद 2000 में अर्थशास्त्र, 2002 में समाजशास्त्र में एमए, 2005 में विधि स्नातक, 2007 में विधि परास्नातक, 2009 में मानवाधिकार 2010 में राजनीति शास्त्र, 2021 में मनोविज्ञान के बाद 2023 में दर्शन शास्त्र में परा स्नातक तक पहुंचा है। उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी से ज्योतिष अंतिम वर्ष की परीक्षा दी है जिसका परिणाम भी अगले महीने आ जाएगा। वह उनकी 16 वीं डिग्री होगी।

बाघ के नहीं पकड़े जाने पर रोष

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : शनिवार को ग्राम ढेला क्षेत्र में रहने वाली कलादेवी को बाघ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था, उसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश विभाग के खिलाफ लगातार बढ़ता जा रहा है।

बता दें कि पिछले करीब दो माह में ग्राम सावल्दे और ढेला क्षेत्र में बाघ की ओर से चार लोगों को निवाला बनाया जा चुका है तथा कई लोगों को घायल करने के साथ ही पालतू जानवरों को भी शिकार बनाया है। बाघ को पकड़ने के लिए ग्रामीण लगातार आंदोलन कर रहे हैं लेकिन आज तक बाघ नहीं पकड़ा है। मामले में रविवार को रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट सख्त दिखाई दिए। उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए अपने कार्यालय में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निर्देश डॉ. धीरज पांडे को बुलाकर इस मामले में कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए हैं। विधायक ने कहा कि लगातार इस प्रकार की घटनाएं घटना बेहद चिंता जनक हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में उनकी वन मंत्री के अलावा उच्च अधिकारियों से वार्ता हुई है। उधर कॉर्बेट पार्क निदेशक डॉक्टर धीरज पांडे ने भी घटना पर दुख जताते हुए कहा कि इस बाघ को पकड़ने के लिए उच्च अधिकारियों से अनुमति मिल चुकी है। विधायक बिष्ट ने कहा कि बाघ को तुरंत पकड़ने के प्रयास में कोई कोताही न बरती जाए। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी मौजूद रहे।

विधायक कार्यालय में वार्ता करते कार्बेट के निदेशक धीरज पांडे। ● अमृत विचार

रातीघाट क्षेत्र में खनन तस्करों ने एकाएक बढ़ाई सक्रियता

गरमपानी : कुछ दिन शांत रहने के बाद अब खनन तस्करों ने अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे रातीघाट क्षेत्र में सक्रियता बडा. दी है। हाइवे से रातीघाट - बुधलाकोट मोटर मार्ग पर शिप्रा नदी क्षेत्र से धड़ल्ले से चोरी के रेत को ठिकाने लगाया जा रहा है। रात के अंधेरे में काले कारोबार में जुटे तस्कर पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे है। रातीघाट - बुधलाकोट मोटर मार्ग के समीप बहने वाली शिप्रा नदी खनन तस्करों के निशाने पर आ गई है। दिन ढलने के साथ ही नदी क्षेत्र में खनन तस्करों का जमावड़ा लगना शुरु हो जा रहा है। पुलिस प्रशासन को चुनौती दे डंपरों में चोरी के उपखनिज को लाद अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से ठिकाने लगाया जा रहा है। रातीघाट क्षेत्र में पांव पसार रहे काले कारोबार से तस्करों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

उपलब्धि

प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में रामनगर दूसरे व कोटद्वार तीसरे पायदान पर रहा

राज्य स्तरीय नाटक प्रतियोगिता में नैनीताल जिला अव्वल

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रयोगांक नैनीताल की लोकगाथा भगतु माया पहली पायदान पर रही। दूसरे स्थान पर पर्वतीय महिला ग्राम समिति की लोक गाथा रमौल ने दूसरा और शैल संगीत मंच समिति कोटद्वार की प्रस्तुति गंगू रमौल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

देर रात तक घोषित परिणामों में राज्य स्तरीय झांकी प्रतियोगिता में कल्याण समिति बागेश्वर प्रथम, कल्पेश्वर संसृतिक मंच उर्गम घाटी चमोली दूसरे व शैल संगीत रंगमंच समिति कोटवार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। स्थानीय स्कूलों की लोक नृत्य प्रतियोगिता में साइनिंग स्टार स्कूल पहले, ग्रेट मिशन रामनगर दूसरे व ग्रेट मिशन स्कूल हिम्मतपुर को तीसरा पुस्कार मिला। क्षेत्रीय झांकी में ग्रेट मिशन स्कूल की झांकी राम बाण को पहला, ग्रीन फील्ड एकेडमी की झांकी केदार नाथ को दूसरा व बीडीजे एम ढिकुली की झांकी कत्यूरी को तीसरा पुरस्कार मिला। ऐपण प्रतियोगिता में दीपा शाह की जनेऊ चौकी को पहला, विमला जोशी की धुलिअर्घ चौकी को दूसरा एवं तारा सती की लक्ष्मी चौकी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने पुरस्कार देते हुए कहा कि लोक कलाकार उत्तराखण्ड की संस्कृति को इसी तरह आगे बढ़ाते हुए अपनी संसृतिक धरोहर को नई पीढ़ी को सौंपे। भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी, लेखपाल संघ के प्रदेश महामंत्री तारा चंद्र घिल्डियाल, भाजपा नेता गणेश रावत, दिनेश महरा, हेम भट्ट, तारा दत्त रेखाड़ी विशिष्ठ अतिथि रहे। इस दौरान समिति के अध्यक्ष गिरीश मठपाल, सचिव दीप चंद्र जोशी, मुख्य निर्णायक श्रीश डोभाल, नरेश बिष्ट, डॉ कुसुम भट्ट, कमल बेलवाल, रोहित गोस्वामी, अनुज मिश्रा, भूपेंद्र खाती, गणेश पंत, नवीन करगेती, मोहन बिष्ट, मानवेन्द्र कालाकोटी, मनोज पपनै, माया रावत,वीरेंद्र पांडे, विनीत रिखाड़ी, गोपाल कांडपाल, तरुण जोशी मौजूद रहे।

पुरस्कार के साथ विजेता नैनीताल की टीम। ● अमृत विचार

ध्रुव।

योगिता।

ध्रुव व योगिता बने सर्वश्रेष्ठ नायक-नायिका

रामनगर के ध्रुव व नैनीताल की योगिता को मिला सर्वश्रेष्ठ नायक व नायिका का खिताब प्रतियोगिता में रामनगर के ध्रुव टम्टा व सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का खिताब नैनीताल की योगिता तिवारी (माया) की झोली में गया। सर्वश्रेष्ठ संगीत नवीन बेमाला नैनीताल,सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा का पुरस्कार मनोज कुमार रामनगर को दिया गया। जब कि बेहतर पटकथा का पुरस्कार मदन मेहरा रामनगर की झोली में आया। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक मदन मेहरा व उमेश कांडपाल नैनीताल, सर्वश्रेष्ठ गायक अमित बुधोड़ी रामनगर व सर्वश्रेष्ठ गायिका जयंती कठियार उर्गम घाटी को दिया गया।

एक नजर

विक्रम नेगी बने उक्रांद के भीमताल मंडल प्रभारी

हल्द्वानी : उत्तराखंड क्रांति दल के कुमाऊं मंडल प्रभारी भुवन चंद्र जोशी ने बताया कि विक्रम सिंह नेगी पुत्र प्रेम सिंह नेगी निवासी मेहरा गांव जून स्टेट को भीमताल मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि नेगी भीमताल में संगठन को मजबूत करेंगे। छह माह में संगठन का विस्तार करने की उम्मीद जताई है।

खिलाड़ियों को बताया मतदान का महत्व

हल्द्वानी : जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल के निर्देशन में जिला खेल कार्यालय नैनीताल की ओर से रविवार को मिनी स्टेडियम में युवा खिलाड़ियों को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। करीब 100 से अधिक खिलाड़ियों को मताधिकार के अनिवार्य इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) कार्यक्रम के अंतर्गत 'मजबूत लोकतंत्र-सबकी भागीदारी की थीम पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं से लोगों को जागरूक किया गया और मतदान का महत्व बताया गया। इस अवसर पर उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, फुटबॉल प्रशिक्षक किशोर पाल, वरिष्ठ क्रिकेट प्रशिक्षक त्रिलोक जीना, भारतीय जिजुत्सू संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय जोशी, गोपाल नेगी, देवेंद्र रावत, किरण मौर्य, विमला रावत, सोना जोशी, कैलाश जोशी सहित युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हॉकी प्रशिक्षक गोविंद लटवाल ने किया।

बीईओ को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया

गरमपानी : अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भुजान में हुए कार्यक्रम में बीईओ एसएस चौहान के उपनिदेशक पद पर पदोन्नति होने पर खुशी व्यक्त की गई। विद्यालय के शिक्षकों ने एसएस चौहान को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना कर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय के सभागार में हुए कार्यक्रम में बीईओ पद पर रहे एसएस चौहान के कार्यकाल की खूब सराहना हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य भंवर सिंह ने कहा कि एसएस चौहान से मिले मार्गदर्शन से तमाम व्यवस्थाओं को सुधारा जा सका। शिक्षकों व अभिभावकों ने बीईओ को संयुक्त रूप से प्रतिक चिन्ह सौंपा। इस दौरान राजीव खाती, ललित मोहन जोशी, रमेश चंद्र पांडे, शकील सिद्दीकी समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

परिवहन निगम के अनुबंधित ढाबों पर यात्री सुविधाओं की अनदेखी

ढाबों पर बसों के असमय पहुंचने से यात्री नहीं करते भोजन, ऐसे में ढाबा मालिक परिचालकों को नहीं दे रहे पर्ची, भुगतान में हो रही परेशानी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : परिवहन निगम के अधिकारी आंख मूंदकर फैसले लेते हैं, इसका जीता जागता उदाहरण यह है कि उन्होंने ढाबों के साथ अनुबंध तो कर लिया लेकिन यात्रियों व परिचालकों की सुविधा का ख्याल नहीं रखा, जिससे ढाबों पर असमय पहुंच रहीं बसों के यात्री भोजन नहीं करते और ढाबा मालिक परिचालकों को पर्ची नहीं देते व उनका भुगतान नहीं हो पाता। खासकर दिल्ली मार्ग पर ढाबों के अनुबंध में समय का ध्यान नहीं रखा गया।

हल्द्वानी स्टेशन से दिल्ली मार्ग पर जाने वाली बसों के लिये दिल्ली से पहले गढ़ स्थित कान्हा श्याम ढाबा के साथ परिवहन निगम का अनुबंध है। हल्द्वानी से दिल्ली के लिये सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक बसों का संचालन किया जाता है। चालकों के अनुसार हल्द्वानी से गढ़ पहुंचने में लगभग 5-6 घंटा लगता है। जो बसें सुबह 10 बजे तक रवाना हो जाती हैं, वे तो अपराह्न 2-3 बजे तक पहुंच जाती हैं जिससे यात्रियों को सही समय पर भोजन उपलब्ध हो जाता है लेकिन सुबह 10 बजे के बाद जाने वाली बसें शाम तक गढ़ पहुंचती हैं, जिससे यात्रियों को दोपहर का भोजन नहीं कर पाते।

यात्रियों के साथ चालक-परिचालकों को भी दिक्कतें हो रही हैं। परिचालकों ने बताया कि अनुबंधित ढाबे में बसें असमय पहुंचने से यात्री भोजन नहीं करते, जिस पर ढाबा स्वामी उनको भी पर्ची नहीं देता है। बता दें कि परिचालकों को अनुबंधित ढाबे में बस रोकनी होती है, जहां यात्रियों के साथ ही चालक-परिचालकों को भोजन करना होता है। एक परिचालक ने बताया कि यात्रियों के भोजन नहीं करने पर ढाबा स्वामी उसे पर्ची नहीं दे रहा है। बता दें कि ढाबे में चालक व परिचालक भोजन करते हैं जिसकी पर्ची और नकद रुपये ढाबे की तरफ से परिचालक को दी जाती है जिसे परिचालक डिपो के कलेक्शन सेंटर में जमा करता है। इसके बाद यह धनराशि निगम के राजस्व में जमा होती है। पर्ची न मिलने के कारण परिचालक धनराशि जमा नहीं कर पा रहे हैं जिससे निगम को भी नुकसान हो रहा है।

दिल्ली मार्ग पर स्थित अनुबंधित ढाबे पर खड़ी बस। ● अमृत विचार

परिवहन निगम की चेकिंग टीम रखती है निगरानी

परिवहन निगम की ओर से पूर्व में चेकिंग टीम गठित की गई थी जिसका काम बसों में ओवरस्टैंडिंग, ओवरलोड सामान, प्रतिबंधित सामान की चेकिंग के साथ ही अनुबंधित ढाबों के स्थान पर दूसरे ढाबों में बसें रोकने पर संबंधित चालक-परिचालक के खिलाफ कार्रवाई करना है। अलग-अलग टीमें प्रतिदिन मार्ग पर चेकिंग करती हैं।

भोजन भी गुणवत्ताविहीन

यात्रियों को समय पर भोजन नहीं मिलता, उसमें भी जो भोजन उपलब्ध होता है वह बहुत ही खराब गुणवत्ता का होता है, जिससे यात्री भूखा रहना ही मुनासिब समझते हैं। यात्रियों ने बताया कि पैकेट बंद खाद्य सामग्री भी लोकल स्तर की होती है, जिसमें ब्रांडेड कंपनियों के डिजाइन को कॉपी कर ज्यादा मूल्य पर बेचा जाता है। यात्रियों के विरोध करने पर उन्हें सामान नहीं खरीदने की सलाह या ट्रांसपोर्ट या अन्य के कारण दाम अधिक होने का हवाला दिया जाता है। इस कारण अधिकांश यात्री मजबूरन अधिक दाम चुकाकर सामान खरीदते हैं। यात्री कई बार परिवहन निगम के उच्चाधिकारियों को भी शिकायत कर चुके हैं लेकिन इस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

यात्री बोले, एमआरपी से अधिक रेट पर बेचा जाता है सामान

ढाबे में देरी से बसें पहुंचती हैं। इस पर भी यात्रियों को गुणवत्ताविहीन खाना मिलता है। इसके साथ ही पैकेटबंद खाद्य सामग्री को एमआरपी से अधिक रेट पर बेचा जाता है। विरोध करने पर सामान न खरीदने की सलाह दी जाती है।
-अरमान, यात्री

देरी से पहुंचने के कारण दोपहर का भोजन नहीं कर पाते हैं जिससे सभी यात्री परेशान रहते हैं। ढाबे का अनुबंध यात्रियों की सुविधा के अनुसार किया जाना चाहिये। अनुबंधित ढाबे अपनी मनमानी चला रहे हैं जिस पर निगम मुख्यालय को संज्ञान लेना चाहिये।
- नितेश, यात्री

रोडवेज परिचालक बोले

सुबह 9-10 बजे बाद जाने वाली बसें शाम को पहुंचती हैं। देर होने के कारण अधिकांश यात्री भोजन नहीं करते हैं। चालक-परिचालकों को अनुबंधित ढाबे पर बस रोकना अनिवार्य है और हम इसका पालन करते हैं।
- सुनील, परिचालक

अनुबंधित ढाबे में यात्रियों के भोजन नहीं करने पर ढाबा स्वामी परिचालकों को पर्ची देने से मना कर रहा है। ढाबा स्वामी का तर्क है कि यात्रियों को दूसरे ढाबों में रोका जा रहा है जिससे यात्री अनुबंधित ढाबे में खाना नहीं खा रहे हैं।
- रामनरेश यादव

यात्रियों की ओर से शिकायत मिलने पर संज्ञान लिया जाता है और कार्रवाई की जाती है। दिल्ली मार्ग पर ढाबों में अनियमितता के संबंध में शिकायत नहीं मिली है।- **दीपक जैन**, जीएम, उत्तराखंड परिवहन निगम

यूरिनल का शुल्क भी लिया जा रहा है

यात्रियों ने बताया कि उनसे ढाबे में यूरिनल का शुल्क भी लिया जा रहा है जबकि अनुबंध के अनुसार यूरिनल का कोई शुल्क नहीं लिया जाना चाहिये। इसके बावजूद ढाबा स्वामी यात्रियों से जबरन शुल्क वसूल रहे हैं। यात्री बेवजह के विवाद से बचने के लिये शुल्क चुकाते हैं।

बालाजी ग्रुप ने जीती शहीद संजय क्रिकेट चैम्पियनशिप

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार: शहीद संजय सिंह बिष्ट क्रिकेट चैंपियनशिप का खिताब बालाजी ग्रुप ने जीता। फाइनल मुकाबले में बालाजी ग्रुप ने इलेवन स्टार धनियाकोट की टीम को 11 रन से शिकस्त दी। चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले इलेवन स्टार धनियाकोट के खिलाड़ी देवेश को मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। विजेता व उपविजेता टीम को नगद धनराशि के साथ ही चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई।

एमसीसी मैदान मझेड़ा में शहीद संजय सिंह बिष्ट क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेला गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अंकित साह, धन सिंह रावत, वरिष्ठ कांग्रेसी भुवन तिवारी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मदन मेहरा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबले का शुभारंभ किया। इलेवन स्टार धनियाकोट की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी बालाजी ग्रुप के सलामी बल्लेबाजों ने टीम को शानदार शुरुआत दी। निर्धारित 15 ओवर में 175 रन का स्कोर खड़ा किया। विजयी लक्ष्य का पीछा करने उतरी इलेवन स्टार धनियाकोट की टीम के खिलाड़ियों ने भी शानदार शुरुआत की। सलामी जोड़ी ने ही सात ओवर में 100 रन की साझेदारी की। बालाजी ग्रुप के गेंदबाज मुकुल ने अपनी गेंदबाजी से पूरा मैच ही पलट दिया। एक के बाद एक तीन खिलाड़ियों को पवेलियन भेज दिया। अंतिम 12 गेंदों में 27 रन की जरूरत होने पर मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया। पर बालाजी ग्रुप के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन कर 11 रन से फाइनल मुकाबला जीत लिया।

11वीं कक्षा का छात्र दो दिन से लापता

लालकुआं: कैम्पस स्कूल को निकला कक्षा 11वीं का छात्र पीयूष बिष्ट दो दिन से लापता है। जिस पर परिजनों ने छात्र की गुमशुदगी थाना लालकुआं में दर्ज कराई है। सुभाष नगर घोड़ानाला निवासी डिगर सिंह बिष्ट का 16 वर्षीय पुत्र घर से पंतनगर स्कूल के लिए निकला था, लेकिन देर शायं तक घर न लौटने पर परिजनों में हड़कम मच गया। आनन फानन में पीयूष की जानकारी उसके विद्यालय से लेकर दोस्तों से ली लेकिन पीयूष का कहीं पता न लगने पर रविवार सुबह उनके परिजनों ने थाना लालकुआं में गुमशुदगी दर्ज कराई है। परिजनों के अनुसार पीयूष को फुटबॉल को लेकर काफी ललक थी। इधर पुलिस ने भी छात्र पीयूष की खोजबीन शुरू कर दी है।

ओपन टेनिस के विजेता सम्मानित

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ओपटिमम टेनिस एकेडमी चूनाखान में चल रही चतुर्थ राज्य स्तरीय ओपन टेनिस प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

समापन अवसर पर यूटीए के अध्यक्ष एसपी सिंह, डीएनएस बिष्ट व पीके वालिया अतिथि रहे। एसोसिएशन के सचिव हेम कुमार पांडे ने बताया कि ओपन मैच में रितुराज पटवाल ने सचिन को सिंगल्स इवेंट में 7-4, डबल्स इवेंट में सचिन व लोकेश चुग की जोड़ी ने रितुराज पटवाल व अनिल धीमान को 7-2, 35 प्लस सिंगल्स इवेंट में रतन राय ने देवेन्द्र सिंह बिष्ट को 7-4, डबल्स इवेंट में लोकेश चुग व मनोज गुप्ता की जोड़ी ने रितेश शर्मा व राजेश कुमार को 7-2 से कराया। वहीं 45 प्लस सिंगल्स इवेंट में देवेंद्र सिंह बिष्ट ने ललित मोहन जोशी को 7-3, डबल्स में रितेश शर्मा व ललित मोहन जोशी ने ट्राई ब्रेक में भास्कर साह व अमर जगाती को 6-8 से पराजित किया। 55 प्लस के सिंगल्स इवेंट में हेम चंद सिंह निखुरपा ने अमित जोशी को 7-1 व डबल्स में हेमचंद निखुरपा व धर्म वीर बघेल की जोड़ी ने हेम कुमार पांडेय व हरीश प्रसाद की जोड़ी को 7-3 से हराया। 65 प्लस आयुवर्ग के सिंगल्स इवेंट में एचएस बिष्ट ने ब्रिज मोहन सिंह बिष्ट को 7-1 से तथा पीके वालिया व एसपी सिंह ने हेम कुमार पांडेय व एचएस बिष्ट की जोड़ी को 7-3 से हराया। इस मौके पर तकनीकी निदेशक जीएल साह, अतिरिक्त आयकर आयुक्त (सेनि) देवेंद्र सिंह रावत, कर्नल राजेश ठाकुर, वरिष्ठ अधिवक्ता ललित बेलवाल, आयकर आयुक्त ठाकुर सिंह मोपवाल, एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. समीर वर्मा, उपसचिव अमर जगाती, संयुक्त सचिव हर्ष गोयल, अक्षय साह, देवेंद्र सिंह बिष्ट, मानस तिवारी आदि मौजूद रहे।

पुरस्कृत होते ओपन टेनिस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

गोद लिए गांव में यूओयू ने बांटे कंबल

हल्द्वानी : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के गोद लिए गांव बसानी में दिव्यांग कल्याण समिति के सहयोग से कंबल वितरण किया गया। दो दर्जन से अधिक वृद्धों को कंबल व अन्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में नहीं आ पाए सात वृद्धों को घर जाकर कंबल दिए गए। कार्यक्रम में यूओयू के नोडल अधिकारी राजेन्द्र सिंह क्वीरा, बसानी ग्राम पंचायत से जीवंती तड़ागी, सरमाउंट स्कूल की प्रधानाचार्य वनिता क्वीरा, हेमन्त सिंह आदि थे।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

रूसी कलाकारों ने मनवाया लोहा

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : भारत महोत्सव के तीसरे दिन एनडी तिवारी ऑडिटोरियम हॉल रूसी नाटक कास्टिंग रंग मंच से जुड़े कलाकारों के लिए अपनी छाप छोड़ता दिखाई दिया।

कास्टिंग नाटक की निर्देशक रिका लूला के निर्देशन में कलाकारों ने रंगमंच से पूर्व अपनी उलझन और अपने करियर को लेकर कई अनसुलझीं पहेलियों को शानदार रूप से प्रस्तुत किया। कास्टिंग का कथानक हर कलाकार के जीवन में घटित होती हुई अनसुलझीं पहेलियों से पर्दा हटाता है। तीसरे दिन का शुभारंभ बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध अभिनेता मुख्य अतिथि ललित तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. यशपाल रावत द्वारा किया गया। मंच पर रूसी कलाकार गिगोरेनस्मिक, कुदामोव लवन, लेविन, मुसीना दीना, पैरोटिकवोआ मारिया, शाओदागिन फेडोर, रोशचें को वेलेरिया, ओस्कनोव रुला न, सिनित्सिन किरिल, ट्रो वा पीएनए, किलस एलेक्जेंड र ने शानदार अभिनय किया। इस दौरान प्रोफेसर भरत गुप्त, उपाध्य क्ष राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय सोसाइ टी, ए न एसडी के सहायक प्रोफेसर राम जी बाली, साइनिंग स्टार स्कूल के प्रबंधक डीएस नेगी और एनएसडी के सदस्य मौजूद रहे।

नाटक का मंचन करते रूसी कलाकार। ● अमृत विचार

संविदा और विशेष श्रेणी के कर्मी होने चाहिए नियमित

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रोडवेज संविदा विशेष श्रेणी कर्मचारी संगठन ने संविदा और विशेष श्रेणी कर्मचारियों को नियमित किये जाने की मांग की। संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को हल्द्वानी स्टेशन में हुई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि संविदा व विशेष श्रेणी कर्मचारी 15 सालों से चालक-परिचालक के रूप में और कार्यशालाओं में न्यूनतम वेतन में काम कर रहे हैं। कहा कि संगठन 2021 से लगातार कर्मचारियों को नियमित करने की मांग कर रहा है जिसे आज तक पूरा नहीं किया गया है। संगठन ने न्यूनतम वेतन 25633 करने की मांग की। इसके साथ ही बताया कि संगठन अपनी मांगों को लेकर 15 अगस्त तक चरणबद्ध रूप से संघर्ष करने के लिये रूपरेखा बनाकर काम करेगा। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव भी किया गया जिसमें कैलाश भट्ट को प्रदेश अध्यक्ष, गोकुल सिंह को महामंत्री, प्रेम सिंह कोषाध्यक्ष, सुरेश राणा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, गणेश जोशी उपाध्यक्ष, कैलाश आर्या संयुक्त मंत्री और रवि पालीवाल को कार्यालय मंत्री चुना गया। इस मौके पर सुरेश राम, केदार जोशी, राकेश माहरा, हिमांशु उपाध्याय, कैलाश पंत, रमेश जोशी आदि मौजूद रहे।

मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हल्द्वानी, अमृत विचार : स्वस्त्ययन सीनियर सेकेंडी स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का नाम बोध कलश उत्साह रखा गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी, एमआईआईटी के प्रबंध निदेशक डॉ. बहादुर सिंह बिष्ट, निदेशक रजनीकांता बिष्ट, उप प्रधानाचार्य दीप शिखा पंत ने किया। इस दौरान 480 विद्यार्थियों का साल भर कराई गई गतिविधियों में प्रदर्शन को आधार बनाते हुए मेडल दिए गए। साथ ही बीते सत्र में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के टॉपर रहे अर्थव सिंह को 95.4 प्रतिशत अंकों के लिए, रुद्रप्रताप सिंह को 94.6 प्रतिशत अंकों और आयुष कार्की को 92.4 प्रतिशत अंकों के लिए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

अनदेखी | योजना में बेटी के जन्म पर ही मिलती है 11 हजार रुपये की सहायता

12 साल बाद भी नहीं मिला गौरा कन्या का लाभ

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : योजनाओं का लाभ सही समय पर लोगों को मिल सके, तभी उसकी सार्थकता है लेकिन गौरा कन्या योजना में बालिकाओं को 12 साल बाद भी लाभ नहीं मिल पा रहा, जबकि इसमें बेटी के जन्म पर ही 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिलती है।

भ्रूण हत्या जैसे अपराधों पर अंकुश व बालिकाओं की पढ़ाई सुचारू रूप से चले, इसके लिए राज्य सरकार ने गौरा कन्या धन योजना चलाई लेकिन इसका लाभ सभी बालिकाओं को नहीं मिल पा रहा है। ग्राम दीना, हल्दूचौड़ की 12 वर्षीय आशा दुमका को आज तक इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया। उनकी माता कीर्ति दुमका बताती हैं कि विभाग के चक्कर लगाते-लगाते थक गईं, अधिकारी हर बार बैंक पासबुक की फोटो कॉपी व अन्य कागजात मंगाते हैं लेकिन इसके बाद भी बेटी अब तक योजना के लाभ से वंचित है। इसी तरह हल्दूचौड़ की ही रहने वाली अंजलि शर्मा की उम्र भी 12 साल है लेकिन उन्हें भी अब तक योजना का लाभ नहीं मिल पाया। उनके परिजन कहते हैं कि स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हर बार आश्वासन देती हैं, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। इधर, जिले के अधिकारी भी इस बात को स्वीकार करते हैं कि कई बालिकाओं को योजना का लाभ नहीं मिला लेकिन अपनी कमियों को छिपाने के लिए वह कहते हैं कि ज्यादातर मामलों को निदेशालय भेज दिया गया व जल्द ही सहायता मिलने की उम्मीद है। उनका कहना है कि योजना में प्रमाण पत्रों की संख्या ज्यादा है, लोग इन्हें पूरा नहीं कर पाते, इसलिए कई बार लाभ मिलने में देरी होती है।

अंजलि शर्मा व आशा दुमका।

जिले में सैकड़ों बालिकाएं योजना से वंचित

परिजन बताते हैं कि जिले में सैकड़ों बलिकाओं को सालों बाद भी योजना का लाभ नहीं मिल पाया है लेकिन लोग सामने आने से डरते हैं। उनका कहना है कि यह हर बालिका का अधिकार है लेकिन अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से बचने के लिए तरह-तरह के बहाने बनाते हैं।

योजना से कोई भी पात्र वंचित न रहे, इसके लिए विभाग प्रयासरत है। यदि किसी को भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा तो वह कार्यालय में संपर्क कर सकता है।
- शिल्पा जोशी, बाल विकास अधिकारी

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

ग्राम अजीतपुर श्री गुरुद्वारा साहिब से बाबा दर्शन सिंह कुली वालों की याद में निकाला गया नगर कीर्तन

जसपुर में निकला भव्य नगर कीर्तन, पुष्प वर्षा से स्वागत

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : ग्राम अजीतपुर श्री गुरुद्वारा साहिब से बाबा दर्शन सिंह कुली वालों की याद में नगर कीर्तन का शुभारंभ बाबा गुरदेव सिंह की अगुवाई में किया गया।

नगर कीर्तन का सिख समुदाय समेत राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। रविवार को पंच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन काशीपुर से कुंडा चौराहा, हल्दुआ साहू, गोविंदपुर, कलियावाला मोड़ होते हुए जसपुर पहुंचा। इस दौरान बाबा गुरदेव सिंह और पंच प्यारों को सरोपे भेंट किए गए तथा नगर कीर्तन का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों ने टेंट लगाकर सिख संगत के जलपान की व्यवस्था की और फल वितरित किए। नगर कीर्तन में श्री ग्रंथ साहिब की फूलों से सजी पालकी के आगे सिख समुदाय की महिलाएं झाड़ू लगाते सड़क की सफाई कर चल रही थीं तथा उनके पीछे टैंकर पानी का छिड़काव करते हुए चल रहा था। पतरामपुर बूढ़ा फार्म बाबा जी की कुटिया पहुंचने पर नगर कीर्तन का विधिवत समापन किया गया।

इसके बाद हजारों लोगों ने अटूट लंगर छका। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, सुधीर बिश्नोई, तरुण गहलोत, सरवन सिंह सिद्धू, महेश कुमार प्रजापति, चौधरी ब्रजवीर सिंह, अंकुर सक्सेना, अशोक प्रजापति, डॉ. शिव किशोर, पूर्व चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. एमपी सिंह एवं कांग्रेस विधायक आदेश चौहान, सुखदेव सिंह , गजेंद्र सिंह चौहान, राजेंद्र बिट्टू, हिमांशु नम्बरदार, इख्तियार अहमद बबलू, नूरी आबिद, अनीश अहमद रुबी व समदर्शी संस्था अध्यक्ष आरपी सिंह, मोहम्मद यामीन, डॉ. सुरेश कुमार, वीरमल सिंह, प्रेम सिंह सहोता, सुरेंद्र सिंह तथा उत्तरांचल पंजाबी महासभा के अध्यक्ष महेन्द्र अरोरा, त्रिलोक चन्द्र अरोरा, हरिओम अरोरा, विनोद अरोरा आदि मौजूद रहे।

जसपुर में नगर कीर्तन का स्वागत करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

गुरु की महिमा का किया बखान

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : उत्तराखंड -उत्तर प्रदेश की सीमा पर ग्राम उत्तमनगर स्थित गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब परिसर में 47 वां महान आत्मरस कीर्तन दरबार वार्षिक जोड़ मेला धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर गुरुद्वारा परिसर में दिल्ली, पंजाब, हल्द्वानी, रामपुर, बरेली, किच्छा, गदरपुर, सितारगंज, शक्ति फार्म आदि क्षेत्र से आए हजारों श्रद्धालुओं ने शीश नवाया और गुरुद्वारा घर का प्रसाद ग्रहण किया। कीर्तन दरबार में बाहर से आए कीर्तनी जत्थे ने गुरु की महिमा का सुंदर बखान किया। गुरुद्वारा परिसर में विगत 12 फरवरी से रखे गए श्री संपत अखंड पाठ साहिब जी का रविवार को विधिवत समापन हो गया। इस मौके पर महान कीर्तनी भाई सरबजीत सिंह, भाई रणजीत सिंह हजूरी रागी, भाई चमनजीत सिंह लाल, भाई सुखविंदर सिंह की टीम ने गुरु की महिमा का सुंदर बखान किया। इस दौरान गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुखचैन सिंह, बलवीर सिंह, मनविंदर सिंह, लवी सहगल, ज्योति, मोनिका सहगल, सेवा सिंह, प्रहलाद, जसविंदर सिंह, उधम सिंह आदि मौजूद रहे।

किच्छा में गुरु की महिमा का बखान करता कीर्तन जत्था। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

किसान यूनियन की बैठक आज

जसपुर। सोमवार को अपराह्न 2 बजे कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर में भारतीय किसान यूनियन की बैठक का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए युवा भाकियू ब्लाक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह ने बताया कि यह बैठक पंजाब और हरियाणा के किसान आंदोलन के समर्थन में आयोजित की जाएगी। जिसमें आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से उक्त बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

चार के खिलाफ पॉक्सो के तहत मामला दर्ज

खटीमा। पुलिस ने किशोरी के साथ मारपीट और अभद्रता करने के मामले में चार लोगों के खिलाफ पॉक्सो सहित संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निकटवर्ती गांव की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में वहीं के निवासी इसराइल पर नाबालिक पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने एवं इब्राहिम, मुन्नी व आरिफ पर परिजनों के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 327/354/504/506 आईपीसी और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

निशुल्क कैंप लगाकर की आंखों की जांच

काशीपुर। वार्ड नंबर तीन के निवर्तमान पार्षद अनिल कुमार ने कुंडेश्वरी रोड पर आंखों की जांच के लिए निशुल्क कैंप लगवाया। जिसमें केवीआर हॉस्पिटल के डॉक्टरों और स्टाफ ने 250 लोगों की निशुल्क आंखों की जांच की। इस दौरान करीब 35 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद की परेशानी सामने आई। जिनका केवीआर हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड से निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। कैंप में डॉ. कनिका अग्रवाल, अनुज, अजय, साबिर, अनस आदि स्टाफ मौजूद रहा।

चाकू और शराब के साथ तीन गिरफ्तार

काशीपुर। कोतवाली पुलिस ने अवैध चाकू और कच्ची शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रेलवे के कोयले यार्ड की ओर संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे खड़कपुर देवीपुरा निवासी सुदेश कश्यप व शुगर मिल कॉलोनी निवासी सतवीर सिंह को एक- एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों का आर्म्स एक्ट में चालान किया गया है। वहीं कुंडेश्वरी पुलिस ने 40 लीटर शराब के साथ ग्राम दोहरी वकील निवासी हरबंश सिंह उर्फ बंशु को आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया है।

आरएसएस ने स्टॉल लगाकर बेचा साहित्य

भगत सिंह चौक पर स्टाल लगाकर पुस्तकों की बिक्री करते आरएसएस स्वयं सेवक।

बाजपुर। रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बाजपुर नगर द्वारा साहित्य बिक्री दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्यमार्ग स्थित भगत सिंह चौक पर सड़क किनारे स्टाल लगाकर साहित्यिक पुस्तकों की बिक्री की गई। साथ ही लोगों को अपने साहित्य के बारे में जानकारी दी। बताया गया कि प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघ चालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर (श्री गुरुजी) की जयंती पर पूरे देश में मनाया जाता है। इस मौके पर नगर संघ चालक सुशील सिंघल, नगर बौद्धिक प्रमुख गणेश सती, नगर कार्यवाह सुरेंद्र जैन, प्रचारक विनोद, नगर सेवा प्रमुख महिपाल, विक्रम, प्रभाष, बिट्टू चौहान आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

सीएसडी कैंटीन में सामान न मिलने से पूर्व सैनिक खफा

खटीमा के तहसील परिसर में बैठक करते पूर्व सैनिक।

खटीमा : पूर्व सैनिकों ने सीएसडी कैंटीन में पर्याप्त मात्रा में समान न मिलने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कैंटीन में पर्याप्त सामान उपलब्ध कराने की मांग की। तहसील परिसर स्थित सैनिक कार्यालय पर पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष कै. गंभीर सिंह धामी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विगत दिनों क्षेत्र में दिवंगत हुए पूर्व सैनिकों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। संगठन के ग्राम सभा अध्यक्षों को सराहनीय कार्य करने पर शॉल ओढ़ाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। बैठक में पूर्व सैनिकों ने खटीमा की सीएसडी कैंटीन में पर्याप्त मात्रा में लिक्वर व सामान न मिलने का मुद्दा उठाया। जिस पर अध्यक्ष धामी ने पूर्व सैनिकों का आश्वस्त किया कि वह उनकी समस्या को स्टेशन कमांडर बनबसा के समक्ष रखकर उसका निराकरण कराएंगे। अध्यक्ष धामी ने पूर्व सैनिकों को 24 फरवरी को होने वाले सम्मेलन में भाग लेने की अपील की। इस दौरान धन सिंह सामंत, राजेंद्र अधिकारी, दिवानी चंद, होशियार बोरा, लक्ष्मण महर, गिरधर सिंह, गोपाल सिंह, चंचल सिंह, इंद्रजीत, बहादुर पोखरिया, राज कुमार, भूपाल चंद, शिव चंद, हीरा चंद, देवेंद्र कठायत, सुरेंद्र अधिकारी, भूपेंद्र खनका, पुष्कर सिंह आदि मौजूद थे।

कोर ऑफ सिग्नल का 114 वां स्थापना दिवस मनाया

कोर ऑफ सिग्नल के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिक परिवार।

खटीमा। कोर ऑफ सिग्नल का 114 वां स्थापना दिवस कोर के पूर्व सैनिक परिवारों द्वारा रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। निजी प्रतिष्ठान में कोर ऑफ सिग्नल के स्थापना दिवस का शुभारंभ सिग्नल कोर एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रौतेला सहित पूर्व सैनिकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पूर्व सैनिक व परिजन देश भक्ति और कुमाऊंनी गीतों पर जमकर थिरके। संचालन राजू भंडारी ने किया। यहां एनएस धौनी, अमर सिंह अधिकारी, एनडी पांडे आदि रहे।

उत्तराखंड गन्ना पर्यवेक्षक संघ के सुरेश बने अध्यक्ष, भगीरथ महामंत्री

गन्ना समिति में संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन शांतिपूर्ण तरीके से हुआ संपन्न

काशीपुर में चुनाव के बाद जीते हुए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड गन्ना पर्यवेक्षक संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।

इस दौरान 94 मत हासिल कर सुरेश चंद्र डबराल अध्यक्ष और 107 मत हासिल कर जयपाल सिंह उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। रविवार को बंद पड़ी शुगर मिल के सामने गन्ना समिति में संघ का अधिवेशन हुआ। इसमें देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल जिले के करीब 13 काउंसिल के करीब 200 कर्मचारियों ने भाग लिया। काफी समय तक समिति के कार्यों और कर्मचारियों की समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद नई कार्यकारिणी गठन को लेकर चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान दो दावेदार मैदान में होने के कारण अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री, महामंत्री पद पर मतदान हुआ। वहीं जितेंद्र कुमार संयुक्त मंत्री, विनोद कुमार कोषाध्यक्ष और दीपक कुमार संप्रेक्षक पद पर निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरजेश कांडपाल, प्रांतीय संयुक्त मंत्री जगदीश सिंह बिष्ट, सहायक चुनाव अधिकारी एसके नैयर, रविंद्र कुमार रहे। वहां पर बहादुर सिंह, राम कृष्ण नौटियाल, पीके सिंह, प्रताप सिंह, पूरन गंगवार, रमन सैनी, प्रकाश भट्ट आदि मौजूद रहे।

इन्हें इतने मिले मत

अध्यक्ष पद	
पवन कुमार शर्मा	73
सुरेश चंद्र डबराल	94
उपाध्यक्ष पद	
जयपाल सिंह	107
चतुर सिंह	60
संगठन मंत्री	
अनिल कुमार राठी	73
गंगा दत्त	94
महामंत्री पद	
कृष्णपाल	82
भागीरथ	85

भाषण में आयान और रंगोली में प्रेरणा अव्वल

- जीबी पंत विवि में विकसित भारत 2047 के उपलक्ष्य में आयोजित हुई प्रतियोगिता

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

अमृत विचार : विकसित भारत 2047 के उपलक्ष्य में जीबी पंत विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों के अलावा विश्वविद्यालय के अन्य महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया गया।

विकसित भारत 2047 के तहत आयोजित भाषण प्रतियोगिता में आयान सिंह प्रथम, अदिति रावत द्वितीय एवं पारितोष गौतम तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रेरणा कुमारी का ग्रुप प्रथम, निकिता बिष्ट का ग्रुप द्वितीय और भूमिका बिष्ट का ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। पोस्टर प्रजेन्टेशन कम्पटीशन में वानी गहतोड़ी प्रथम, दिविषा भट्ट एवं देव राजपूत द्वितीय एवं गायत्री त्यागी तृतीय स्थान पर रहे। निबंध लेखन प्रतियोगिता में वेटनरी महाविद्यालय की निकिता भट्ट प्रथम एवं कम्यूनिटी साइंस महाविद्यालय की वैशाली सुयाल द्वितीय स्थान पर रही। तृतीय स्थान देवाशीष महंत एवं आकांक्षा राठी का रहा।

इसके अतिरिक्त रेबीज दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित स्लोगन मेकिंग प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को भी पारितोषिक वितरण किया गया। रेबीज दिवस के पोस्टर कम्पटीशन में चित्रा बजेठा ने पहला, समृद्धि चनयाल ने दूसरा और मनीषा सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में दिव्यांशी चन्याल, विनीता पांडे प्रथम और द्वितीय एवं आस्था चन्द्र, भूमिका बिष्ट तृतीय स्थान पर रहे।

पुण्यतिथि पर पं जनकराज शर्मा का स्मरण, फल बांटे

बाजपुर। शेर-ए तराई स्व. पंडित जनकराज शर्मा की 17वीं पुण्यतिथि पर युवाओं ने उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। साथ ही उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा सरकारी अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए।

वक्ताओं ने कहा कि पं. जनकराज शर्मा वास्तव में तराई के शेर थे जिन्होंने कभी भी अत्याचारों के सामने झुकना नहीं सीखा, बल्कि गरीबों व मजलूमों की मदद के लिए आधी रात को भी तैयार रहते थे। क्षेत्र की जनता आज भी उन्हें दिल से याद करती है। स्व.जनकराज शर्मा के सुपुर्द कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि उनका पूरा परिवार पिताजी के बताए मार्ग पर चल दूसरों की सेवा करने के अपने दायित्वों का निर्वहन करता रहेगा। इस मौके पर उत्तराखंड वाल्मिकी दलित समाज सुधार संगठन के अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि, रेशम यादव, सुभाष शर्मा, जैदी खान, तनवीर खान, प्रेम सिंह यादव, संजय रुहेला, सिंह स्वरूप भारती रहे।

आप जिलाध्यक्ष व्यापारी को किया गया सम्मानित

- मटकोटा-गदरपुर मार्ग के नवीनीकरण को लेकर छह बार दिया था सांकेतिक धरना

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : मटकोटा- गदरपुर क्षतिग्रस्त मार्ग के निर्माण के लिए 2023 में आप जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने छह बार सांकेतिक धरना देकर मुख्यमंत्री व केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को मार्ग के नवीनीकरण की मांग का ज्ञापन भेजा था। मार्ग के नवीनीकरण व फोरलाइन बनाने की घोषणा पर की घोषणा पर क्षेत्रवासियों ने जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी का जोरदार स्वागत किया।

रविवार को आप कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि क्षतिग्रस्त मटकोटा- गदरपुर मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाओं से दुखी होकर क्षेत्रवासियों की मांग को अपना समर्थन देते हुए उन्होंने छह बार सांकेतिक धरना देकर शासन-प्रशासन को अवगत कराते हुए ज्ञापन भेजा। उन्होंने बताया कि मार्ग निर्माण को लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों के साथ सांकेतिक धरना नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक व कालीनगर मुख्य मार्ग के निकट 28 सितंबर, 04, 15, 22 व 30 अक्टूबर एवं 05 नवंबर को सांकेतिक धरना दिया। जिसमें सभी लोगों ने अपना समर्थन दिया था। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिश गडकरी ने मार्ग के नवीनीकरण व फोरलाइन की घोषणा की है। जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। समाजसेवी विरेश सिंह ने कहा कि जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी क्षेत्र की समस्याओं व आम लोगों की परेशानियों को शासन-प्रशासन पर रखते हैं। आज जिलाध्यक्ष व्यापारी की मेहनत रंग लाई है। जिससे लोगों में उनकी लोक प्रियता बढ़ती जा रही हैं। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला प्रवक्ता चौधरी विजय सिंह व संचालन सुनील भक्त ने किया।

चिकित्सकों व उनके परिवारों ने खेल स्पर्धाओं में लिया भाग

- आईएमए ने आयोजित किया स्पोर्ट्स डे
- डीपीएस के मैदान में हुआ भव्य आयोजन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : आपसी सामंजस्य बनाने और सद्भावना खेल का परिचय देते हुए आईएमए की नगर इकाई ने डीपीएस स्कूल के मैदान में स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया। जिसमें शहर के नामी गिरामी चिकित्सकों व उनके परिवार ने कई खेल प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लिया। इस दौरान विजेता टीम को ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया।

प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ डीपीएस के एमडी सुरजीत सिंह ग्रोवर और आईएमए के नगर अध्यक्ष डॉ. रवि फुटेला द्वारा किया गया। इस दौरान क्रिकेट, टेबल टेनिस, गोला फेंक व दौड़ का आयोजन हुआ। इसमें मैन ऑफ द मैच का खिताब डॉ.भरत सिंह, सर्वश्रेष्ट विकेट कीपर डॉ. प्रत्यक्ष, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज डॉ. आयरिश, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज डॉ. मनोरंजन, मैच का सर्वश्रेष्ठ कैच डॉ. जेडी सिंह को मिला।

वहीं रिले दौड़ में डॉ.रश्मि, डॉ. पवन, डॉ. निधि, डॉ. दीप्ति ने स्वर्ण पदक, डॉ. शिवकी, डॉ. रसिका, डॉ. मेघा,डॉ. शिखा ने रजत पदक, डॉ. मनप्रीत, डॉ. नीरजा, डॉ. भव्या, डॉ. दीपाली ने कांस्य पदक जीता। इसके अलावा पुरुष रिले दौड़ में स्वर्ण पदक डॉ. सचिन, डॉ. सारांश, डॉ. संकल्प, डॉ. अंकित को मिला। वहीं रजत पदक डॉ. विकास, डॉ.नवीन, डॉ. अशोक, डॉ. जेडी ने जीता।

वहीं कांस्य पदक डॉ. नितिक, डॉ. सुरेश, डॉ. अनुराग, डॉ. शशांक ने जीता। 50 मीटर स्प्रिंट, 200 मीटर ट्रैक इवेंट, हूला लूप वाक एंड स्ट्रेच का आयोजन भी हुआ। विजेताओं को सुरजीत सिंह ग्रोवर एमडी डीपीएस ने पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

रुद्रपुर में विजेता ट्रॉफी के साथ चिकित्सक। ● अमृत विचार

कुल्हा स्टेडियम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : रविवार को एसएस पब्लिक स्कूल के मैदान में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका शुभारंभ एसएस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डीपी सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहला मैच कुल्हा स्टेडियम ने ढकिया कला काशीपुर को 32-22 से हराया।

सेमी फाइनल में एसएस पब्लिक स्कूल ने सर्व इंडिया इंटर कॉलेज खेमपुर को 36-20 से हराया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में कुल्हा स्टेडियम गूलरभोज ने एसएस पब्लिक स्कूल को 22-9 से हराया फाइनल मुकाबला कुल्हा स्टेडियम गूलरभोज और एसएस पब्लिक स्कूल गदरपुर के बीच में खेला गया जिसमें कुल्हा स्टेडियम गूलरभोज ने एसएस पब्लिक स्कूल को 29-20 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।

निर्णायक बृजेश दुबे, संदीप सिंह, संदीप कुमार, शालिनी आर्या, इंदरजीत सिंह, विमल पांडेय, कुलदीप सिंह रहे। चैयरमैन डीपी सिंह ने विजेता टीम को ट्रॉफ़ी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल के सचिव अभिषेक प्रताप सिंह, कबड्डी प्रदेश उपाध्यक्ष मेजर सिंह, शैलेंद्र कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य परविंदर सिंह, रवि शाह, सुरेन्द्र प्रसाद, उमेश कुमार, किशन चंद आदि मौजूद रहे।

दरी चौपाल में दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

बाजपुर। गांव चलो अभियान के तहत ग्राम हरसान वीरपुरी में दरी चौपाल लगाकर मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनमानस के बीच रखा गया। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। जनजाति समाज के लोगों ने प्रधानमंत्री जनमन के तहत आवासों का लाभ न मिलने, पेंशन स्वीकृति व दिव्यांग प्रमाण पत्र, कर्मकार कल्याण बोर्ड के कार्ड बनवाने आदि समस्याओं को रखा।

इस दौरान भाजपा नेता राजेश कुमार ने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठाकर विधानसभा बाजपुर में 15 दिन के अंदर 276 लोगों के जनमन के तहत आवास स्वीकृत हुए हैं जिनकी लागत ढाई लाख रुपये है और प्रथम राशि के रूप में 90 हजार रुपये लाभार्थी के खातों में सीधे जारी कर दी गई है। इस मौके पर सोनू पासवान, राजेंद्र सैनी, महादेव सिंह, नरपत सिंह, सुखदेव सिंह, कमलू सिंह, लक्ष्मण सिंह, मंगा सिंह, पिंकी देवी, मुनिया देवी, कृष्णा देवी, राजवती, गीता, दुर्गा, दिवाली देवी, गेंदों देवी, लीला देवी, फूलों देवी, राजेंद्र सिंह, जयपाल सिंह, राम सिंह, रितेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

राज्य में प्रस्तावित विद्युत दरों पर जन सुनवाई 20 को

रुद्रपुर। राज्य में प्रस्तावित विद्युत दरों पर जन सुनवाई के लिए उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के समक्ष उत्तराखंड पावर कारपोरेशन, उत्तराखंड पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन, राज्य भार प्रेषण केंद्र और यूजेवीएन ने वितरण, पारेषण एवं उत्पादन की वर्ष उत्तराखंड में 2024-25 टैरिफ दर निर्धारण के लिए याचिकाएं उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग में प्रस्तुत की गयी है। इन याचिकाओं पर आयोग ने राज्य के विभिन्न स्थलों में जन सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। इसी क्रम में जिला ऊधमसिंह नगर में जन सुनवाई 20 फरवरी सुबह 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक विकास भवन सभागार में आयोजित होगी। आयोग ने जनसाधारण से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने बहुमूल्य सुझाव दें। ताकि उनके सुझावों को आयोग द्वारा अपने मूल्यांकन में सम्मिलित करके एक ऐसी दर को निर्धारित किया जा सके जो कि सामाजिक और प्रदेश के हित में हो। यूपीसीएल के एसई शेखर चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जनसुनवाई में आयोग के पदाधिकारी और मुख्यालय से निदेशक और अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।

अलग-अलग मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

किच्छा। पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने बहेड़ी बॉर्डर पर ग्राम चाठो पिलालिया, थाना बहेड़ी, जिला बरेली, यूपी निवासी मोहम्मद हसनैन को पकड़ लिया। उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा तथा तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ बहेड़ी थाने में चोरी तथा शस्त्र अधिनियम के कई मामले दर्ज हैं। अन्य मामले में पुलिस ने ग्राम अंजनिया- नोडांडी बॉर्डर के पास देर रात्रि बाइक सवार दो युवकों को पकड़ लिया। पुलिस ने ग्राम शांतिनगर, बिंदुखत्ता, थाना लालकुआं, जनपद नैनीताल निवासी डिगर सिंह रावत एवं शांतिपुरी गोल गेट नगला, थाना पंतनगर निवासी आफताब के कब्जे से तलाशी के दौरान 2 चाकू बरामद किए। पुलिस ने बाइक को सीज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

69 पाउच अवैध शराब सहित दो दबोचे

खटीमा। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत थाना झनकईया पुलिस ने दो को 69 पाउच अवैध कच्ची शराब सहित दो दबोचे। पुलिस ने भुड़ाई निवासी मंडल सिंह उर्फ नेपाली को 30 और अमित सिंह को को 39 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर मय अवैध शराब सहित न्यायालय में पेश कर दिया।

गल्ला मंडी से ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच निकली बारात, ट्रांजिट कैंप फुटबॉल मैदान में आयोजित हुआ विवाह समारोह

धूमधाम से हुआ 41 जोड़ों का विवाह, लोगों ने दिया आशीर्वाद

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लघु व्यापार मंडल ट्रांजिट कैंप की ओर से सातवां सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस दौरान 41 नव विवाहित जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। सभी को साधु-संतों और गणमान्य लोगों ने विवाह समारोह में पहुंचकर नव दंपति को अपना आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

रविवार को फुटबॉल मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह के दौरान सर्व व्यवस्था प्रमुख भारत भूषण चुघ ने कहा कि यह बड़े सौभाग्य का विषय है कि आज ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से सामूहिक विवाह का आयोजन लघु व्यापार मंडल की ओर से किया जा रहा है जो अनवरत जारी रहेगा। जो परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं ऐसे में उनकी बेटियों का विवाह कराया जाता है। क्योंकि बेटियां सबकी सांझी होती हैं और यह पुण्य लाभ प्राप्त होता है।

सामूहिक विवाह समारोह में शामिल नवविवाहित जोड़े। ● अमृत विचार

सामूहिक विवाह में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने भी अपना सहयोग दिया। इस मौके पर भजन प्रवाहक कपिल भार्गव ने भी सुंदर भजन सुनाए। बारात गल्ला मंडी से प्रारंभ हुई जहां सभी दूल्हे सज धज कर रथों पर सवार थे। ढोल नगाड़ों ओर आतिशबाजी के साथ बारात शहर के सभी मुख्य मार्गों से होती हुई ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान पहुंची। जहां लड़की पक्ष वालों ने सभी दुल्हों और बारातियों का स्वागत किया और उन्हें सजे हुए मंच पर ले गए। जहां सभी जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई। इस दौरान पंडित ने वैदिक मंत्र उच्चारण किया। बाद मे एक-एक कर सभी दूल्हा-दुल्हन को फेरों के लिए ले जाया गया। जहां सभी दूल्हा दुल्हनों ने अग्नि के समक्ष सात फेरे लिए और एक-दूसरे के जीवन साथी बने। सामूहिक विवाह के दौरान बहू पक्ष की ओर से उपहार भी दिए गए। इस मौके पर सभी लोगों ने वर और वधू को अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र कोली ने किया।

यह लोग रहे मौजूद

पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, संजय ठुकराल, अध्यक्ष संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, राज कोली, मोहित गुप्ता, आकाश, शिखर, अशोक शाह, राहुल निषाद, रोहित यादव, ललित बिष्ट, अंकित गुप्ता, मोहित वंदे मातरम ग्रुप से संजय आर्य, सत्ता कोली, विजयभान, शिवकुमार, सिब्बू सनी, पासवान, कृष्ण पाल गंगवार, हिम्मत राम कोहली, दर्शन कोली, छत्रपाल गंगवार, अमित गौड़, ममता त्रिपाठी, कौशल शर्मा, राजीव कुमार समेत तमाम महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

कार में मारी टक्कर दंपति से की मारपीट

काशीपुर। कार में टक्कर मारने के बाद पांच-छह युवकों ने एक दंपति व उनके बच्चों के साथ मारपीट की। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस को दी तहरीर में मोहल्ला कटोराताल निवासी सरफराज आलम ने कहा है कि शनिवार रात वह अपनी कार से जसपुर रोड स्थित एक रिसार्ट जा रहे थे। कार में उनके साथ पत्नी नजमा, बेटी अलिजा व बेटा फ़ैजान भी था। उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज के प्रेक्षाग्रह के सामने एक कार के चालक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। विरोध करने पर उस कार में सवार पांच-छह लोगों ने उन्हें गाड़ी से बाहर खींच लिया और उनके साथ मारपीट की। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की वीडियो भी बना ली। जिसमें हमलावर मारपीट करते और कुछ लोग बीच बचाव करते दिख रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घायल राजमिस्त्री की मौत पर भड़के लोग, कंपनी के खिलाफ किया प्रदर्शन

15 फरवरी को छज्जा गिरने से हुआ था घायल, धरना देकर कंपनी से मांगा मुआवजा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: 15 फरवरी को सिडकुल कंपनी में काम करते वक्त छज्जा गिरने से घायल राजमिस्त्री की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही जहां परिवार में कोहराम मच गया। वहीं कंपनी प्रबंधन के खिलाफ गुस्साए लोगों ने जगतपुरा में धरना दे कर मुआवजे की मांग की। उनका आरोप था कि कंपनी प्रबंधन द्वारा जबरन दीवार तोड़ने के लिए काम पर लगाया, जबकि दीवार तोड़ने का काम राजमिस्त्री का नहीं होता है। उन्होंने आगाह किया कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार थाना ट्रांजिट कैंप इलाके के जगतपुरा एवं मूल रूप से खगड़िया लदौरा बिहार निवासी 43 वर्षीय संजीव यादव पांच बच्चों व परिवार के साथ रहता था और राजमिस्त्री का काम कर परिवार की जीविका चलाता था। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को सेक्टर तीन स्थित एक कंपनी का कर्मचारी आया और थोड़ा काम करने की बात कहकर कंपनी ले गया। आरोप था कि जहां कंपनी प्रबंधन ने दीवार तोड़ने के बाद चाहरदीवारी बनाने की बात कही। जिस पर राजमिस्त्री ने दीवार तोड़ने से इंकार किया तो प्रबंधन ने जबरन दीवार तोड़ने को कहा। दीवार तोड़ते वक्त अचानक झज्जा राजमिस्त्री संजीव के ऊपर गिर गया और घायल अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां गंभीर हालत को देखते हुए संजीव को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जिंदगी से जूझते राजमिस्त्री ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

रुद्रपुर के जगतपुरा में धरना देते गुस्साए लोग। ● अमृत विचार

मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गुस्साए लोगों ने जगतपुरा मुख्य मार्ग पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि प्रबंधन ने जबरन दीवार तोड़ने के काम पर लगाया। ऐसे में कंपनी प्रबंधन मुआवजा देने से इंकार कर रही है, जबकि मृतक की चार बेटियां एवं एक बेटा है और परिवार की हालत दयनीय है। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही कंपनी प्रबंधन ने उचित मुआवजा नहीं दिया तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर रंजीत यादव, रणवीर यादव, राम राज सिंह, मिथुन यादव, गोरख यादव, विकास ठाकुर, सुनील यादव, मीना देवी, शोभा देवी, रीना देवी, बबीता देवी, सोनी देवी, श्यामली देवी आदि मौजूद रहे।

चेक बाउंस मामले में तीन माह की कैद

काशीपुर। चेक बाउंस के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने आरोपी को तीन माह के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर साढ़े चार लाख रुपये का प्रतिकर भी डाला है।

ग्राम फसियापुरा निवासी आबिद ने अपने अधिवक्ता आलोक माथुर के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में परिवाद प्रस्तुत किया था कि ग्राम पसियापुरा निवासी धर्मेंद्र सिंह ने उसे एक प्लाट दिखाया था। 14 फरवरी 2015 को उसने प्लाट का बैनामा कराने का झांसा देकर उसे 3.42 लाख रुपये ले लिए, लेकिन जमीन का बैनामा नहीं कराया। रकम वापस मांगने पर धर्मेंद्र सिंह ने उसे 3.42 लाख रुपये का एक चेक दिया। जो कि 30 सितंबर 2015 को उसके कैनरा बैंक स्थित खाते में लगाने पर बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई कर न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने आरोपी धर्मेंद्र को कोर्ट में तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का परिशीलन कर न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव ने धर्मेंद्र सिंह को एनआई एक्ट का दोषी पाया। अदालत ने आरोपी को तीन माह के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी को साढ़े चार लाख रुपये प्रति कर अदा करने के आदेश दिए हैं। प्रतिकर अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: रविवार सुबह घरों में झाड़ू पोंछा करने निकली सड़ासड़िया निवासी महिला को ट्रक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप घायल कर दिया। उसे 108 वाहन से नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

सीमा देवी।

सड़ासडिया निवासी सीमा देवी (40) पत्नी स्व. भजन लाल लोगों के घरों में झाड़ू-पोछा कर बच्चों का भरण पोषण कर रही थी। रोज की भांति रविवार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे सीमा काम के लिए जा रही थी। वह सड़ासडिया पुल के पास पहुंची ही थी कि सितारगंज की ओर से आ रहे प्लाई लदे ट्रक संख्या-एचआर 58बी-6908 ने महिला को टक्कर मार दी और दूर तक घसीटता ले गया। इ दौरान ट्रक अनियंत्रित हो गया और प्लाई सड़क पर बिखर गई जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल आपातकालीन सेवा 108 व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतका के घर में कोहराम मचा हुआ है।

बताया गया कि मृतक महिला के पति भजन लाल की मौत तीन साल पूर्व हो चुकी है। वह चार नाबालिग पुत्र-पुत्रियां अभिषेक(18), ज्योति(16), पायल(14) और संजय(12) का पालन पोषण करती थी। अभिषेक ईंट भट्टे पर मजदूरी करता है और तीन छोटे भाई बहनों की परवरिस का जिम्मा उसके सिर आ गया है।

सड़क हादसों में तीन लोग घायल

खटीमा। सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। बनबसा निवासी 26 वर्षीय पंकज बाइक से खटीमा आ रहे थे। चकरपुर में आवारा पशु से टकराकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर चंदेली निवासी 65 वर्षीय सुदामा देवी स्कूटी से गिरकर घायल हो गई। वहीं दो बाइकों की टक्कर में थारू भुड़िया निवासी गौतम सिंह घायल हो गया। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिन्हें बाद में घर भेज दिया गया।

नाबालिग लड़की बरामद आरोपी को किया गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: कोतवाली इलाके की रंपुरा बस्ती पुलिस ने रामपुर यूपी से नाबालिग को बरामद कर अगवा करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाने के कारण आरोपी की पहचान हो गई थी।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि रंपुरा चौकी इलाके की रहने वाली एक नाबालिग लड़की 12 फरवरी को गायब हो गई थी। मामले की तफ्तीश रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी को सौंपी गई। मामले की जांच करते हुए जब विवेचक ने सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो एक युवक संदेह के घेरे में आ गया। पुलिस ने शनिवार की शाम को रामपुर यूपी में दबिश देकर आरोपी अमृत उर्फ सिद्धू निवासी मनिहार खेड़ा बिलासपुर यूपी को गिरफ्तार कर लड़की को बरामद कर लिया। नाबालिग ने बताया कि युवक उसे बहला-फुसलाकर साथ ले गया और रामपुर यूपी ले जाकर घर नहीं आने दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

कार्रवाई

- **रामपुर से किया बरामद, पुलिस ने भेजा जेल, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था आरोपी**

सड़क हादसों में चार लोग हुए घायल

बाजपुर। रविवार को बरहैनी नगला निवासी मलकीत सिंह पुत्र बलवीर सिंह बाइक से बाजपुर आ रहा था। नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर ग्राम नमूना के पास कपूर फार्म निवासी 12 वर्षीय शरीफ पुत्र निजाम की साइकिल से बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों को चोटें आई हैं जिन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। दूसरी घटना ग्राम गजरौला में हुई। बताया जाता है कि अपने परिजनों के साथ विवाह समारोह में शामिल होने दिल्ली से आई सात वर्षीय जसमीत कौर पुत्री दर्शन सिंह खेलते वक्त ट्रैक्टर से गिरकर घायल हो गई। उसे उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया है।

तराई क्षेत्र में आज दोपहर बाद बारिश की संभावना

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: तराई में एक बार मौसम से करवट बदल ली है। सुबह से आसमान में बादल छाये रहे और ठंड हवाएं चली। वैज्ञानिकों ने सोमवार को दोपहर बाद बारिश की संभावना जताई है। 15 से 20 मिलीमीटर बारिश होने की उम्मीद है। वहीं बारिश होने से फसलों को भी काफी फायदा मिलेगा।

तराई में पिछले एक सप्ताह से चटक धूप खिली हुई थी। वहीं रविवार को सुबह से बादल छाये रहे और ठंडी हवा चलने से लोगों को ठंड का अहसास हुआ। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि तराई का अधिकतम तापमान 24.5 और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वातावरण में नमी की मात्रा 47 फीसदी रही, जबकि दक्षिण पश्चिम दिशा से 3.2 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया कि सोमवार को दोपहर से तराई में बारिश होने की उम्मीद है। यह बारिश मंगलवार को भी जारी रहेगी।

पूर्वानुमान

- **मौसम वैज्ञानिकों ने 15 से 20 मिमी. बारिश की जताई संभावना**

चलती कार में लगी आग, बचे सवार

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार: किच्छा से घर लौट रहे व्यक्ति की कार में अचानक आग लग गई। कार चला रहे वाहन स्वामी और उसके साथी ने कार से निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझाया। लेकिन, तब तक कर पूरी तरह जल चुकी थी।

शनिवार रात करीब नौ बजे अपने साथी के साथ किच्छा से घर लौट रहे गुरुग्राम निवासी सुकुमार विश्वास पुत्र मनोरंजन विश्वास की कार से अचानक धुआं निकलने लगा। कार को रोककर जब दोनों लोग बाहर निकले तो अचानक कार ने आग पकड़ ली और कार धूं-धूंकर जलने लगी। चंद मिनटों में ही कार (यूके06 बीएफ 2021) जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि कार रेनॉल्ट कंपनी की ट्राइबर वर्ष 2023 मॉडल की थी। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने मंद पड़ चुकी आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थी।

शक्तिफार्म में कार में लगी आग।

रद्दी के गोदाम में लगी आग

काशीपुर। एक रद्दी के गोदाम में लगी आग पर अग्निशमन दल ने बमुश्किल काबू पाया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। शनिवार को मुरादाबाद रोड़ पर ग्राम सरवरखेड़ा स्थित एक रद्दी के गोदाम में अचानक आग लग गई। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर स्टेशन काशीपुर को दी। जिस पर अग्निशमन अधिकारी गोविंद राम के नेतृत्व में दो फायर यूनिट घटनास्थल पर पहुंची। बताया कि वहां कबाड़ की रद्दी के गोदाम में आग फैल रही थी। जिस पर तत्काल फायर यूनिट ने मोटर फायर इंजन से दो होज लगाकर पंपिंग कर आग बुझाना शुरू किया। वाहन में पानी समाप्त होने पर हाई प्रेशर पंप से एक हॉज रील लगाकर पंपिंग कर आग पर पानी डालकर आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया।

बैठक गुरुद्वारे में कई सिख संगठनों ने की बैठक, चार डायरेक्टर और अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज हुआ था मुकदमा

नानकमत्ता मुकदमा प्रकरण को लेकर सिख संगत में रोष

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: नानकमत्ता गुरुद्वारा के चार डायरेक्टरों सहित अध्यक्ष के खिलाफ एससी एसटी का मुकदमा दर्ज होने पर सिख संगठनों की एक बैठक आवास विकास गुरुद्वारे में हुई। जिसमें मुकदमा दर्ज होने पर रोष जताते हुए पुलिस प्रशासन से मुकदमा निरस्त करने और साजिशकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने का मुद्दा उठाया गया। प्रकरण को लेकर सिख नेताओं ने अपनी राय और सुझाव रखे।

रविवार को हुई बैठक में तराई सिख महासभा, सिख संगठन, वीर खालसा दल रामपुर, खालसा परिवार रुद्रपुर, गुरुनानक सेवक दल बाजपुर व इलाके की संगत मौजूद रही। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि विगत दिनों पूर्व रिसीवर के इशारे पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नानकमत्ता के अध्यक्ष हरबंस सिंह चुघ और चार डायरेक्टरों के खिलाफ एससी एसटी का झूठा मुकदमा दर्ज किया गया। तराई सिख महासभा के अध्यक्ष प्रीतम सिंह संधू ने बताया कि 2016 से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी दोबारा से अस्तित्व में आई है। तत्कालीन गुट ने नाजायज तरीके से एकाधिकार कर रखा था। इसके बाद संगत ने सत्ता परिवर्तन कर नई कमेटी को निर्वाचित किया। जिसको लेकर वर्ष 2008 से ही महासभा ने काफी संघर्ष किया। आरोप था कि पूर्व रिसीवर गुट नहीं चाहता कि नई प्रबंधक कमेटी धार्मिक स्थल का विकास करे। तभी से लगातार आरोपी गुट कमेटी के कार्यों में हस्तक्षेप कर रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कमेटी के अध्यक्ष व चार निदेशकों पर दर्ज मुकदमे वापस करने और षड्यंत्रकारी पूर्व रिसीवर गुट के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। निर्णय लिया गया कि जल्द पुलिस प्रशासन सिख संगत की भावनाओं का सम्मान नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। यहां संतोख सिंह रंधावा, जागीर सिंह जख्मी, सलविंदर कलसी, अमरजीत विर्क, शिवदेव सिंह, सतनाम सिंह, प्रभजीत सिंह, जोगिंदर सिंह, दर्शन सिंह मलंगी, हरभजन सिंह, सूरत सिंह, गुरमेज सिंह, परगट सिंह, मंजीत सिंह, कुलदीप सिंह, परमजीत सिंह, दर्शन सिंह, जरमनजीत सिंह रहे।

रुद्रपुर में बैठक करते सिख संगठनों के प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

युवक ने ससुरालियों पर लगाया मारपीट का आरोप

बाजपुर। युवक ने मायके में रह रही पत्नी पर परिवार से अलग रहने का दबाव बनाने व ससुरालियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी यासीन पुत्र सलीम खां ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी करीब 11 वर्ष पहले जवाहर गंज टंडोला मुंशीगंज स्वार रामपुर निवासी नईम जहां पुत्री अहमद नवी के साथ हुई थी और चार बच्चे भी हैं। बीते 14 फरवरी को उसकी पत्नी अपने मायके गई। 16 फरवरी को उसने फोन कर पत्नी से घर आने को कहा तो वह परिवार से अलग रहने का दबाव बनाने लगी। 17 फरवरी की सायं करीब चार बजे पत्नी, अपने परिजनों व 4-5 अन्य लोगों के साथ लाठी-डंडे लेकर घर में घुस गए और यासीन, भाई नाजिम व पिता के साथ मारपीट की।

कांस्टेबल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आदर्श कॉलोनी घास मंडी की रहने वाली विवाहिता ने यूपी पुलिस के सिपाही पति पर पांच लाख रुपये दहेज नहीं देने पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। आरोप है कि पति ने पुलिस का रौब दिखाकर उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आदर्श कॉलोनी वार्ड-36 निवासी कविता सिंह ने बताया कि उसकी शादी 28 नवंबर 2022 को पैगम्बरपुर उर्फ शाहपुर डिडौली अमरोहा निवासी बिदर सिंह के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी हुई थी और मायके वालों ने हैसियत के हिसाब से स्त्री धन भी दिया था। आरोप था कि शादी के बाद से ही पति पुलिसिया रौब दिखाकर पांच लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगा। जब मायके वालों की मजबूरी बताकर इंकार किया तो पति बिंदर सिंह, सास माया देवी, रणवीर सिंह, जयवीर सिंह, देवर पुनीत, जेठानी संजना, ससुर हरकेश सिंह ने 24 जुलाई 2023 को अभद्रता करते हुए जमकर मारपीट की। जब मायके वालों को फोन किया तो मायके वालों ने भी महिला हेल्पलाइन यूपी जाकर समझाने की कोशिश की। मगर सिपाही पति की प्रताड़ना कम नहीं हुई। इसके बाद वह अपने मायके चली आई।

एक नजर

जुआ खेलते चार गिरफ्तार

काशीपुर। आईटीआई पुलिस ने जुआ खेल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने ताश की गड्डी और 17 सौ रुपये की नकदी बरामद की। सूचना के आधार पर आईटीआई थाने के एसआई प्रकाश बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगल बाजार में छापा मारा। वहां एक खाली प्लॉट में चार व्यक्ति घेरा बनाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने चारों व्यक्तियों को मौके पर ही धर दबोचा। आरोपियों ने अपना नाम हेमपुर इस्माइल निवासी अमित कुमार, अनिकेत सिंह, ग्राम भटपुरा तारन थाना कैमरी जिला रामपुर निवासी जलाउद्दीन व हिम्मतपुर निवासी मनोज बताया। आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि तलाशी में चारों व्यक्तियों के कब्जे से 17 सौ रुपये की नकदी व ताश की गड्डियां बरामद की है। उनके खिलाफ 13 जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

देवभूमि पर्वतीय महासभा की बैठक 25 को

काशीपुर। देवभूमि पर्वतीय महासभा की बैठक रविवार 25 फरवरी को होगी। जिसमें महासभा की नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की जाएगी। महासभा के निर्वतमान अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जीना ने बताया कि महासभा की आमसभा 25 फरवरी को खालसा भवन में होगी। जिसमें पिछली बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की जाएगी। साथ ही महासभा की नई कार्यकारिणी व पदाधिकारियों की निर्वाचन प्रक्रिया पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा निर्वाचन प्रक्रिया के लिये चुनाव अधिकारी की नियुक्ति पर भी चर्चा की जाएगी।

बाजपुर में भूमि बचाओ आंदोलन पर डटे रहे किसान, महिला मार्च अब अगले माह

भाकियू के 21 को ट्रैक्टर मार्च के ऐलान को देखते हुए महिला मार्च की तिथि बदली

बाजपुर में तहसील परिसर में आंदोलन स्थल पर आयोजित बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श करते आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन स्थल पर हुई किसानों की बैठक में आंदोलन के भावी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। 21 फरवरी को भारतीय किसान यूनियन द्वारा ट्रैक्टर मार्च के ऐलान के चलते बाजपुर में 20 फरवरी के प्रस्तावित महिला मार्च को स्थगित कर दिया गया है।

रविवार को तहसील परिसर में आंदोलन स्थल पर आयोजित बैठक में मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि अब महिला मार्च भूमि बचाओ आंदोलन के सात माह पूर्ण होने पर एक मार्च को होगा। उन्होंने बताया कि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय कार्यालय से 21 मार्च को सभी जिला मुख्यालयों पर ट्रैक्टर मार्च करने का निर्णय लिया गया है जिसके चलते महिला मार्च को आगामी तिथि तक स्थगित किया गया है। सत्याग्रह के अगुवा रजनीत सिंह सोनू ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन द्वारा प्रस्तावित 21 फरवरी के ट्रैक्टर मार्च को लेकर 19 फरवरी को प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा की अगुवाई में आयोजित होने वाली बैठक में रूपरेखा तैयार की जाएगी।

बैठक में कर्म सिंह पड्डा, हरमिंदर सिंह बरार, दर्शन गोयल, निरंजन दास गोयल, कर्मजीत शाकर, दलजीत सिंह रंधावा, शेर सिंह,गुरमीत सिंह, अमरनाथ शर्मा, हरदेव सिंह, राजा सिंह, बब्बू सागर, देवेश प्रताप सिंह, बाबू सिंह चौहान, बसंत सिंह, मनजीत सिंह, जसवीर सिंह आदि मौजूद थे। वहीं बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन को 202 दिन हो चुके हैं। रविवार को रणजीत सिंह सौकर, हरदीप सिंह, सिकंदर सिंह, जसवीर सिंह व सुबेग सिंह को भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा व रजनीत सिंह सोनू ने माल्यार्पण कर क्रमिक अनशन पर बैठाया।

उमेद अध्यक्ष, गोपाल बिष्ट बने प्रबंधक

खटीमा। फकीर सिंह पोखरिया स्वतंत्रता सेनानी उच्च माध्यमिक विद्यालय चकरपुर में प्रबंध समिति के चुनाव में उमेद सिंह पोखरिया को निर्विरोध अध्यक्ष सहित अन्य पधाधिकारी भी निर्विरोध चुने गए।

रविवार को गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बतौर चुनाव पर्यवेक्षक पंचदेव सिंह और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नगरा तराई के प्रधानाध्यापक डॉ. सुबोध तिवारी बतौर चुनाव अधिकारी की देखरेख में प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न हुआ। निर्धारित समय तक सभी पदों पर एक-एक नामांकन दाखिल होने पर चुनाव अधिकारी ने सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जिसमें अध्यक्ष उमेद सिंह पोखरिया, उपाध्यक्ष संदीप सिंह राना, प्रबंधक गोपाल सिंह बिष्ट, सहायक प्रबंधक पूरन सिंह, कोषाध्यक्ष मनोहर सिंह बिष्ट, लेखा परीक्षक जीवन सिंह, मंत्री विरेंद्र सिंह तथा गणेश सिंह मेहरा, राजेंद्र सिंह पोखरिया, निर्मला चंद, किशन चंद, गोपाल दत्त और शरीफ अली को सदस्य चुने जाने की घोषणा की गई।

कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

बाजपुर। एसएसपी द्वारा जनपदभर में संचालित नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए बरहैनी चौकी की पुलिस ने ग्राम सेमल हरसान निवासी संता सिंह पुत्र राम सिंह को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ रम्पुरा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया है।

सार-संक्षेप

जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक के पद पर तैनात मिश्रा का स्वागत करते शिक्षक।

जिला शिक्षा अधिकारी का शिक्षकों ने किया स्वागत

खटीमा। हल्द्वानी में खंड शिक्षा अधिकारी रहे हरेंद्र कुमार मिश्रा ने शनिवार को उधमसिंह नगर में जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक का पदभार ग्रहण कर लिया है। उनकी तैनाती पर खटीमा ब्लॉक के शिक्षकों ने रुद्रपुर पहुंचकर उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जोशी, महिपाल रौतेला, याकूब अली, अरविंद गोस्वामी, शिवानंद यादव, गौरी शंकर जोशी, कमान सामंत, अशोक यादव, राजेश गंगवार, अर्जुन खोलिया, राजेंद्र पाठक, दिनेश पंचोली, पूरन बिष्ट, रमेश जोशी, संजय सिंह, प्रशांत कुमार आदि थे। बता दें कि हरेंद्र कुमार मिश्रा खटीमा में उप शिक्षाधिकारी के पद पर रह चुके हैं।

जिज्ञासा एकेडमी स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चे मंच पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते।

जिज्ञासा एकेडमी के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से मचाया धमाल

गदरपुर। जिज्ञासा एकेडमी के वार्षिकोत्सव में एनवल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। शनिवार को जिज्ञासा एकेडमी के वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समिति उपाध्यक्ष गुलाब सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पूरन सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि गुलाब सिंह ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने शिव तांडव, देशभक्ति गीत, पहाड़ी डांस, पंजाबी गिद्दा भंगड़ा आदि कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य विशाल सक्सेना ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। संचालन सिमरन रिफत भावना और चारु ने किया। इस मौके पर प्रबंधक संजय सिंह, प्रधानाचार्य विशाल सक्सेना, मनोज कांडपाल, सुषमा सिंह, जय कृष्ण अरोड़ा, जसपाल डोगरा, सुरजीत बत्रा, सांची बत्रा, पूनम सक्सेना, प्रशांत सिंह, सिद्धार्थ अरोरा, संदीप कौर मौजूद थे।

सूर्यनगर व शांतिपुरी के बीच बनेगा पुल

निरीक्षण

- 180 मीटर लंबा और 7 मीटर चौड़ा होगा पुल, लोनिवि के एसई ने किया स्थल का भौतिक सत्यापन

संवाददाताः शांतिपुरी

अमृत विचार: शांतिपुरी नंबर पांच सूर्यनगर व शांतिपुरी के बीच गोला नदी पर पुल निर्माण की क्षेत्रवासियों की पुरानी मांग अब जल्द पूरी हो सकती है। पूर्व में गोला नदी पर पुल निर्माण की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने की थी। उनके बेटे कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा इस पुल के निर्माण के लिए लगातार प्रयासरत रहे और उन्होंने इसे मुख्यमंत्री द्वारा मांगे गये 10 बड़े कामों में शामिल करवा लिया।

पुल निर्माण के लिए स्थलीय निरीक्षण करती लोक निर्माण विभाग की टीम।

बीते शनिवार को लोक निर्माण विभाग खटीमा के अधीक्षण अभियंता एके जोशी और उनकी टीम ने पुल निर्माण हेतु भौतिक सत्यापन की कार्यवाही पूरी की। उन्होंने बताया कि पुल बनाने हेतु स्थान का चयन किया जा रहा है। जिस पर शीघ्र कार्य आरंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुल करीब 180 मीटर लंबा होगा तथा पुल की चौड़ाई सात मीटर होगी। गोला नदी में इस पुल के बनने से सूर्यनगर, चमनगर, शांतिपुरी, बिंदुखत्ता, लालकुआं, धौराडेम, शक्तिफार्म, बसघर, तिलयापुर, चौरगलिया, सितारगंज, माताफार्म, नज़ीमाबाद, बखपुर व गउघाट की करीब दो लाख से अधिक जनता लाभान्वित होगी। साथ ही पुल के बनने से रुद्रपुर मुख्यालय की दूरी 60 किमी से घटकर 30 किमी तथा सितारगंज सिडकुल से रुद्रपुर सिडकुल की दूरी 70 किमी से घटकर मात्र 35 किमी रह जाएगी।

गौला नदी पर पुल के प्रस्ताव पर बरा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बहादुर सिंह मेहता, महामंत्री दीपक मेहता, सूरज कोरंगा, खड़क सिंह कोरंगा, विशाल मेहता, कुंदन दानू, प्रताप मेहता, नंदन टाकुली, खीम सिंह मेहता, कुशल दानू, प्रताप कोरंगा, दीपक दानू, बहादुर देव, विक्रम मेहता, बसंत तिवारी आदि ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार जताया है।

वन कर्मचारियों से मारपीट कर डंपर छुड़ा ले गए खनन तस्कर

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: कोसी नदी में छापेमारी के दौरान वन टीम द्वारा पकड़े गए अवैध खनन में लिप्त डंपर को खनन माफिया वन टीम से मारपीट कर छुड़ा ले गए। वन रेंजर रामनगर की ओर से पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा किया गया है।

तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के वन क्षेत्राधिकारी जेपी डीमरी ने बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी में तहरीर देकर बताया कि 16 फवरी को दोपहर बासद करीब साढ़े तीन बजे वह अपने अधीनस्थ रामनगर रेंज के कर्मचारियों के साथ राजकीय वाहनों में जोगीपुरा बीट के अंतर्गत प्रधान घाट पर चल रहे अवैध खनन में संलिप्त वाहनों की जांच कर रहे थे। तभी बिना नंबर का डंपर तेजी से आया और सरकारी वाहनों की एक साइड से निकल कर भाग गया। उसका पीछा कर कुछ दूरी पर कोसी नदी में रोक लिया। आरोप है कि इसी बीच वाहन चालक ग्राम गोबरा प्रधान घाट निवासी परमजीत सिंह ने फोन करके आसपास के लोगों को एकत्र कर हमला कर दिया। इसी बीच परमजीत का साथी ग्राम गोबरा निवासी भूरा वाहन को खाली कर भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद परमजीत सिंह व भूरा के विरुद्ध धारा 186, 189, 353 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

काशीपुर में वन विकास निगम को मांग पत्र सौंपते प्रांतीय अध्यक्ष व प्रांतीय प्रवक्ता।

वन विकास निगम अध्यक्ष से की समस्याएं हल करने की मांग

काशीपुर। उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मेजर स्वतंत्र कुमार मिश्रा ने उत्तराखंड वन विकास निगम अध्यक्ष कैलाश चंद्र गहतोड़ी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण, चयन प्रोन्नत वेतनमान में तदर्थ सेवा जोड़ने, मानदेय प्राप्त पीटीए शिक्षकों को तदर्थ नियुक्ति दिए जाने, पुरानी पेंशन बहाली, आउटसोर्स के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती किए जाने, मानदेय से वंचित शिक्षकों को मानदेय की श्रेणी में लाए जाने, वित्तविहीन सेवा जोड़ने समेत 24 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। वन विकास निगम अध्यक्ष गहतोड़ी ने शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से वार्ता कराए जाने के लिए प्रांतीय अध्यक्ष को आश्वस्त किया। वहां पर प्रांतीय प्रवक्ता कौशलेश गुप्ता मौजूद रहे।

बरहैनी में विजेता टीम को ट्राफी प्रदान करते एसडीएम आरसी तिवारी। ● अमृत विचार

कोसी कांटा की टीम ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

बाजपुर। रविवार को बरहैनी में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए बाजपुर टीम ने पांच विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। जिसमें रोहित भारती व नावेद ने 45-45 तथा नीतीश व भूपेंद्र ने 17-17 रनों का योगदान दिया। कोसी कांटा टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए पवी ने दो, कपिल और मुनव्वर ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोसी कांटा की टीम ने 12 ओवरों में 160 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें वीरा ने 48, पवी ने 31, कपिल ने 21, शारिम ने 16 व धीरू ने 15 रन बनाए। मैन आफ द मैच वीरा तथा मैन आफ द सीरीज पवी को दी गई। मुख्य अतिथि एसडीम राकेश चंद्र तिवारी ने विजेता टीम को 16 हजार रुपये व ट्राफी तथा उपविजेता को 6500 रुपये व ट्राफी प्रदान की। इस मौके पर खीम सिंह दानू, अमरजीत सिंह रंधावा, अंपायर नीरज रौतेला, शकील शाह, कमेंटेटर वीरेंद्र सिंह बिष्ट, स्कोर राहुल, सुधीर कुमार, मंगत सिंह, वसीम, कृष्ण जोशी, सुखविंदर सिंह, हरिओम सैनी, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

अध्यक्ष इलेवन की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: काशीपुर बार एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट मैच अध्यक्ष इलेवन की टीम ने सचिव इलेवन की टीम को हरा दिया।

रविवार को शिवालिक होली माउंट एकेडमी में काशीपुर बार एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, शिवालिक होली माउंट एकेडमी के प्रबंधक बसंत बल्लभ भट्ट, टीम मैनेजर उमेश जोशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। सचिव इलेवन टीम के कप्तान समर्थ सिंघल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 134 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी अध्यक्ष इलेवन की टीम ने मात्र 11 ओवर में 134 रन बनाकर जीत हासिल की। अध्यक्ष इलेवन टीम के कप्तान विवेक मिश्रा रहे। मैन ऑफ द मैच जावेद, बेस्ट बैट्समैन हिमांशु बजाज तथा बेस्ट बॉलर अजहर को दिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा की खेल प्रतिभा को निखारते हैं और अधिवक्ताओं द्वारा खेलों में रुचि लेना समाज के खेल दर्पण को आगे बढ़ता है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे ने मुख्य अतिथि, टीम मैनेजर व एकेडमी के प्रबंधक बीबी भट्ट का स्वागत किया। अंपायर शाहनवाज व विकास रहे। कमेंट्री भास्कर त्यागी एडवोकेट व अजहरुद्दीन ने की। वहां पर नेपेंद्र चौधरी, अनूप शर्मा, सौरभ शर्मा, मोहम्मद आकिब, मनोज निकोटिया, विष्णु भटनागर, मनोज जोशी रहे।

काशीपुर में विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

फिजियोथेरेपी सेंटर के ताले तोड़ सामान उड़ाया

बाजपुर। यहां सांई फिजियोथेरेपी सेंटर के ताले तोड़कर चोरों ने 15 हजार की नगदी व अन्य सामान उड़ा लिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वार्ड नंबर-11 मोहल्ला पहाड़ी कालोनी निवासी डॉ. आरएस दिवाकर पुत्र रामगोपाल ने पुलिस को बताया कि रामराज रोड पर सिद्धि विनायक हॉस्पिटल के पीछे उनका सांई फिजियोथेरेपी सेंटर है। रविवार तड़के करीब चार बजे तोर ताले तोड़कर दुकान में घुस गए और गल्ले में रखी 15 हजार रुपये की नगदी, एलसीडी, सी-प्लस कैमरा, वाईफाई आदि सामान चोरी कर ले गए। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोर की तलाश कर रही है।

कलर बेल्ट प्रतियोगिता का किया आयोजन

काशीपुर। एसक्यूएवाई फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से मार्शल आर्ट ट्रेनिंग करने वाले विद्यार्थियों के लिए कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को साईं पब्लिक विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शानदार प्रदर्शन करने पर 62 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। चयनित छात्रों को फेडरेशन की ओर से प्रमाण-पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। शारीरिक शिक्षक मनीत कुमार ने बताया कि चयनित छात्र ऑरेंज बेल्ट के लिए ट्रेनिंग लेंगे। एसोसिएशन प्रदेश महासचिव मोहम्मद हसन खान, डायरेक्टर चेतन अरोरा, प्रधानाचार्य सौम्या बनर्जी, प्रीति महिंद्रा मौजूद रहे।

धर्म कर्म सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में 19 फरवरी को होगी मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा, भंडारे का भी होगा आयोजन

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: भव्य मंगल कलश शोभायात्रा के साथ वनखंडी शिव मंदिर बरहैनी में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू हो गई है। कलश यात्रा से पूरा माहौल भक्तिरस में सराबोर हो गया।

रविवार को सैकड़ों महिलाएं एवं अन्य श्रद्धालु सती माता मंदिर में एकत्र हुए जहां से कथावाचक पं. कांति बल्लभ पाठक के सानिध्य में यजमान बृजमोहन जोशी एवं विशन दत्त पांडे ने सह पत्नी वैदिक मंत्रोचरण के साथ पूजा-अर्चना करवाई। इसके बाद मंगल कलश शोभायात्रा शुरू हुई, जोकि गांव की विभिन्न गलियों से होते हुए नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर पहुंची और वहां से वनखंडी मंदिर में कथास्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। वहां सभी कलशों को व्यासपीठ के आसपास स्थापित करवाया गया। बताया गया कि रोजाना दोपहर बाद कथा शुरू होगी, जो शाम तक चलेगी। इसके उपरांत प्रसाद वितरण होगा। अंतिम दिन 24 फरवरी को हवन-यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

शिव मंदिर के पुजारी बाबा श्याम गिरी, भगवान गिरी, सावन पुरी के साथ ही उनके सहयोग में हरीश कांडपाल, कपिल शर्मा, विक्की शर्मा, गीता बिष्ट, प्रेम जोशी, पूनम कांडपाल, चंद्रा कांडपाल, रेखा भट्ट, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, कन्नू जोशी, पीतांबर पांडे, किशन चंद्र सुयाल, संजय चंद्रा आदि मौजूद थे। वहीं सिद्धेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना के उपलक्ष्य में नगर में श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा निकाली, जो कि हल्द्वानी बस अड्डा स्थित प्राचीन शिव मंदिर से शुरू होकर मुख्यमार्ग, बेरिया रोड से होते हुए मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। बताया कि 19 फरवरी को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी तथा विशाल भंडारे का आयोजन होगा। यहां सभासद महेश कुमार आशु, बबलू सैनी, आदित्य चानना, कुसुम सैनी, साधना रहे।

बाजपुर में भव्य मंगल कलश शोभायात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

श्री खाटूश्याम भक्तों ने निकाली कलश यात्रा

रुद्रपुर। श्री खाटूश्याम गल्ला मंडी में 22 फरवरी को श्री खाटू श्याम और राणी सती की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसको लेकर श्री खाटूश्याम मंदिर पदाधिकारियों ने महिलाओं के साथ शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली।

रविवार को कलश यात्रा अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकली और गल्ला मंडी स्थित श्री खाटूश्याम बाबा मंदिर में संपन्न हुई। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष चंदन अग्रवाल ने बताया कि 21 फरवरी को शहर में धूमधाम से श्री निशान यात्रा निकाली जाएगी। जबकि 22 फरवरी को विधि विधान से मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर राजेंद्र तुलसियान, राजेंद्र गुप्ता, प्रवेश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, विजय भूषण गर्ग, नवल अग्रवाल, जय भगवान, गौरव सिंघल, राधा अग्रवाल, शशि बंसल, काजल अग्रवाल रहे।

बाजपुर में प्रदर्शन करते सौर ऊर्जा प्लांट के सुरक्षा कर्मी। ● अमृत विचार

सुरक्षा कर्मियों ने कंपनी के खिलाफ किया प्रदर्शन

बाजपुर। सौर ऊर्जा प्लांट के सुरक्षा कर्मियों ने सुरक्षा गार्ड कंपनी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। ग्राम पंचायत रतनपुरा के अंतर्गत सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित है जिसमें प्लांट की देखभाल के लिए सुरक्षा कर्मियों को रखा गया है। प्लांट में काम कर रहे आठ सुरक्षा कर्मियों को अचानक काम से हटाने व वेतन नहीं देने को लेकर सुरक्षा कर्मियों ने गेट पर मालिकों के खिलाफ प्रदर्शन किया और काम पर फिर से रखने की मांग की। वहीं सुरक्षा कर्मी आदेश कुमार ने बताया कि रुद्रपुर में स्थित एक सुरक्षा गार्ड कंपनी ने आठ लोगों को बाजपुर में स्थापित सौर ऊर्जा प्लांट में सुरक्षा गार्ड में रखा गया था, लेकिन एक माह के पश्चात बिना नोटिस के काम से निकाल दिया और एक महीने का वेतन भी नहीं दिया है जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। प्रदर्शन करने वालों में विशाल सिंह, राजेश, रंजीत सिंह, आशीष, प्रताप, नंदन सिंह, जोगेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

एक नजर

एनएसएस शिविरार्थियों को पढ़ाया अनुशासन का पाठ

चम्पावत : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का सात दिवसीय एनएसएस शिविर जारी है। रविवार को शिविरार्थियों ने व्यायाम व योग के साथ तीसरे दिन के कार्यक्रमों की शुरूआत की। कार्यक्रम प्रभारी डा. भूपिन्दर औलख व सह कार्यक्रम प्रभारी डा. सुनील के नेतृत्व में पतंजलि योग समिति चंपावत के महामंत्री राजेंद्र गहतोड़ी ने योग व प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए योग के लाभों की विस्तार से जानकारी दी। श्रम सत्र में स्वयंसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति व मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर व चौड़ासेठी में जागरूकता रैली निकाली। बौद्धिक सत्र में पूर्व प्रधानाचार्य एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डा. बीसी जोशी ने एनएसएस के उद्देश्यों की जानकारी दी और कैंप मे सीखी गई बातों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। स्वामी विवेकानंद और डा. राधाकृष्णन का उदाहरण देते हुए चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास की प्रेरणा दी। यहां रेडक्रास टीम से राजेंद्र गहतोड़ी, हरीश भट्ट, हरीश पांडे ने रेडक्रास के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में डा. डीएन गहतोड़ी, डा. उपेन्द्र, पंकज, श्रीकृष्ण, निर्मल, दीपक आदि मौजूद रहे।

गुस्साए उपनल कर्मियों का प्रदर्शन

सरकार पर मांगों को अनसुना करने का लगाया आरोप, कार्य बहिष्कार से कामकाज ठप

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अपनी विभिन्न मांगों पर कार्रवाई ना होने से नाराज उपनल कर्मचारियों ने रविवार को भी नगर के गांधी पार्क में प्रदर्शन कर धरना दिया। उपनल कर्मियों ने कहा है कि सरकार उनकी मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है। जिसे वह किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

रविवार को अवकाश के बावजूद उपनल कर्मचारी नगर के गांधी पार्क में एकत्र हुए और उन्होंने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। बाद में कर्मी धरने पर बैठ गए। वक्ताओं ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के निर्णय को लागू करने, उपनल कर्मचारियों के वेतन में 20 प्रतिशत की वृद्धि करने, महंगाई भत्ता देने, पांच वर्ष से अधिक समय तक कार्य करने पर पद सृजित करने जैसी जायज मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार उनकी मांगों को पूरा करने के लिए कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं कर रही है।

रविवार को नगर के गांधी पार्क में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते उपनल कर्मी। ● अमृत विचार

उपनल कर्मियों ने कहा कि वह पिछले सात दिनों से अपनी मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर हैं। जिस कारण विभागों में काम ठप पड़े हुए हैं। लेकिन सरकार को इससे कोई लेना देना नहीं है। सरकार अपनी मनमानी पर उतर आई है। लेकिन उपनल कर्मी भी जब तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हो जाती, अपना संघर्ष जारी रखेंगे। जरूरत पड़ी तो आने वाले समय में आंदोलन को और अधिक उग्र करने की रणनीति बनाई जाएगी। प्रदर्शन और धरना सभा में मनीष वर्मा, शेखर भट्ट, निशांत गोस्वामी, विक्की मेहरा, आनंद खोलिया, पंकज कुमार, दिनेश परिहार, केशव लाल, सुनील टम्टा, मोहन पांडे, किशोर भट्ट, राजेश साह, कुंदन कनवाल आदि मौजूद रहे।

दो अज्ञात लोगों ने तोड़ा युवक का पांव

अल्मोड़ा, अमृत विचार : धौलादेवी विकास खंड के दन्या निवासी एक ग्रामीण दो अज्ञात लोगों पर उनके भाई के साथ मारपीट कर उसका पांच तोड़ने की शिकायत पुलिस ने की है। ग्रामीण की तहरीर के बाद पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

दन्या कस्बे के पाभौ खेती गांव निवासी मदन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनका भाई हरीश सिंह नाराणीखान कस्बे में स्थित एक दुकान गया था। इस दौरान वहां आए दो युवकों ने उनके भाई के साथ बिना वजह ही विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने भाई हरीश के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला कर भाई का पांव बुरी तरह से जख्मी कर दिया। उन्होंने बताया कि सुचना मिलने के बाद वह आनन फानन में अपने भाई को अस्पताल ले गए। जहां जांच के दौरान पता चला कि उसके भाई का पांव टूट गया है। मदन सिंह ने अज्ञात आरोपियों से जान का खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग को दुरुस्त न कर पाया महकमा

संवाददाता, अल्मोड़ा

रोष

▸▸ बढ़ रही सड़क हादसों की संभावना, लोगों में आक्रोश

अमृत विचार : नगर के मुख्य माल रोड पर वन विभाग के समीप लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग को विभाग अब तक ठीक नहीं कर सका है। इस मार्ग पर वाहनों की काफी अधिक आवाजाही होने के कारण यहां सड़क हादसों की संभावना काफी अधिक है। लेकिन इसके बाद भी विभाग इस मार्ग को ठीक करने के लिए कोई कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझ रहा है। जिस कारण स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

नगर की माल रोड पर पांच माह पूर्व बारिश के बाद सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिस कारण इस मार्ग पर आवाजाही में खतरा बना हुआ है। इस मार्ग पर स्थानीय वाहनों के अलावा हल्द्वानी, नैनीताल, दिल्ली, लखनऊ समेत बड़े महानगरों से यात्री बसें और भार वाहन भी गुजरते हैं। मार्ग के क्षतिग्रस्त होने के कारण अब यह मार्ग काफी संकरा भी हो गया है। जिस कारण यहां पर कई बार जाम की समस्या भी पैदा हो जाती है। लेकिन स्थानीय लोगों की कई बार की मांग के बाद भी विभाग इस क्षतिग्रस्त मार्ग को दुरुस्त नहीं कर सका है। इधर लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता सन्नी सैनी का कहना है कि इस मार्ग के सुधारीकरण के लिए तीन महीने पूर्व लोक निर्माण विभाग ने करीब साढ़े चार लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा था। लेकिन प्रस्ताव पर तहसीलदार और पटवारी की रिपोर्ट ना होने के कारण प्रस्ताव अस्वीकृत कर दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव पर लगी आपत्तियों को दूर कर दोबारा प्रस्ताव भेजा जा रहा है। धनराशि स्वीकृत होते ही मार्ग को दुरुस्त कर लिया जाएगा।

टनकपुर व्यापार मंडल में अध्यक्ष महामंत्री पदों पर सीधा मुकाबला

संवाददाता, टनकपुर

चुनाव

▸▸ उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद में चुन लिए गए निर्विरोध

अमृत विचार : टनकपुर व्यापार मंडल के 25 फरवरी को होने जा रहे चुनाव में अब अध्यक्ष और महामंत्री पद पर सीधा मुकाबला होगा। जांच में चार पदों के सभी छह प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाए गए। रविवार को व्यापार संघ चुनाव के लिए जांच और नाम वापसी प्रक्रिया पूरी हुई। उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी संजय अग्रवाल ने नाम वापस ले लिया। कोषाध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए।

रविवार को व्यापार मंडल चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी भगवत सरन और सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि जांच के सभी छह प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। बताया कि उपाध्यक्ष के एक प्रत्याशी संजय अग्रवाल ने नाम वापस लिया है। बताया कि अध्यक्ष पद पद पर मोहित गड़कोटी और वैभव अग्रवाल के बीच सीधा मुकाबला होगा। जबकि महामंत्री पद पर संजय पांडेय और भूपेश चड्ढा के बीच मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष में अंकित अग्रवाल और कोषाध्यक्ष पद पर गिरीश वर्मा निर्विरोध चुने गए हैं। 25 फरवरी को पंचमुखी धर्मशाला में चुनाव होंगे। चुनाव में 811 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों के आतंक से किसानों में रोष

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : जंगल से लगे हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से हाथियों के आतंक से किसानों में भारी रोष है। हाथियों के झुंड खेतों में घुसकर किसानों की गेहूं की फसल, सब्जी व अन्य फसलों को तहस-नहस कर रहा है।

बीती रात्रि पूर्णागिरि मार्ग से लगे गांव उचौलीगोठ में हाथियों ने हयात सिंह, बाबा तपसी दास, दीपक कुमार समेत तमाम किसानों की लगभग 2 एकड़ भूमि में गेहूं व अन्य फसलों को तहस-नहस कर डाला। इधर जंगली जानवरों की रोकथाम के लिए जिन-जिन ग्रामीण क्षेत्रों में फेंसिंग सोलर लाइन नहीं बिछाई गई है वहां जंगली जानवर उत्पाद मचा रहे हैं।

ग्रामीणों ने हाथियों द्वारा नुकसान किए गए किसानों की फसल के एवज में उन्हें उचित मुआवजा दिए जाने व उनकी रोकथाम के लिए कारगर कदम उठाए जाने की मांग उठाई है।

लोगों ने संपत्ति कर का किया विरोध

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार: चिलियानौला नगरपालिका नागरिक मंच, हिमालय वृद्ध जन कल्याण समिति और व्यापार मंडल की एक बैठक आयोजित की गई। लोगों ने कहा कि नगरपालिका परिषद बनते समय सरकार ने घोषणा की थी कि आगामी 10 वर्ष तक करो में छूट दी जाएगी। लेकिन 5 वर्ष के बाद ही संपत्ति कर लिए जाने के बाद ही कर निर्धारण करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिसे किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

संपत्ति कर के विरोध को लेकर आयोजित बैठक के लिए पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 21 फरवरी को हैड़ाखान परिसर में एक आम बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सातों वार्ड की एक सूचना समिति बनाई गई। जिसमें आरसी आर्या, विनोद मेहरा, कमला बिष्ट, संजीव जोशी, सरस्वती पंत, पूरन चंद्र तिवारी, हिमांशु बिष्ट, कमलेश बोरा, नवीन, चंदन रावत, त्रिलोचन भट्ट, अरुण रावत, कल्पना, राजेंद्र, ललित बोरा, लक्ष्मण और हंसी आदि को सम्मिलित किया गया।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनावों की अधिसूचना जारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर इकाई चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है। कार्यक्रम के अनुसार कुल छह पदों के लिए तीन मार्च को मतदान होगा। मुख्य चुनाव अधिकारी दीप डांगी ने चुनाव कार्यक्रम की विधिवत घोषणा कर दी है।

मल्ला महल स्थित व्यापार मंडल भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी दीप डांगी ने कहा कि व्यापार मंडल के अध्यक्ष, वरिष्ठ व कनिष्ठ उपाध्यक्ष , उपाध्यक्ष महिला, महासचिव, वरिष्ठ व कनिष्ठ उपसचिव व कोषाध्यक्ष के लिए चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। उपाध्यक्ष व उपसचिव के लिए वरिष्ठ व कनिष्ठ का निर्धारण मुख्य चुनाव अधिकारी व चुनाव समिति के द्वारा वोट गणना के आधार पर घोषित किया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी डांगी ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 20 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। जिसके बाद 21 फरवरी को व्यापार मंडल भवन में नामांकन पत्रों की ब्रिकी, 23 फरवरी को नामांकन पत्रों की आपत्तियां मांगने व उनकी जांच, 24 फरवरी को नामांकन पत्र वापसी, 25 फरवरी को वैध नामांकन पत्रों का चुनाव चिन्ह आंवटन किया जाएगा। जबकि 3 मार्च को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 6 पदों के लिए मतदान होगा। उसी दिन 3 बजे मतों की गिनती होगी और जिसके बाद चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा। डांगी ने बताया कि अब तक 2340 व्यापारियों ने प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की सदस्यता ग्रहण की है।उन्होंने कहा है कि इस चुनाव में नगरपालिका परिषद के तहत आने वाले सभी व्यापारी प्रतिष्ठानों के अलावा नगरपालिका परिधि से जुड़े क्षेत्र पपरशैली, खत्याड़ी, सरकारी की आली, मकेड़ी विश्वनाथ मार्ग, गोलनाकरड़िया क्षेत्र के व्यापारी भी मतदान में हिस्सा ले सकेंगे।

वार्ता के दौरान प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश संगठन मंत्री मनीष जोशी, जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल सुशील साह, महामंत्री भैरव गोस्वामी, सह चुनाव अधिकारी गोविंद मटेला, सदस्यता प्रभारी अमित साह मोनू, हेम तिवारी, शहजाद कश्मीरी आदि मौजूद रहे।

विकास कार्यों का किया लोकार्पण

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सल्ट विधायक ने विकास खंड स्याल्दे के परथोला में आयोजित कार्यक्रम में करोड़ों की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा के प्रत्येक गांव के ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता में शुमार है।

स्याल्दे के परथोला में विकास कार्यों का शिलान्यास करते विधायक जीना।

परथोला गांव में आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंचे विधायक महेश जीना का ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने परथोला में 1 करोड 97 लाख की लागत से बनने वालर लिफ्ट सिंचाई योजना का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने साढ़े सात लाख रुपये की लागत से बने आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सिंचाई लिफ्ट योजना बनने के बाद जहां काशत्कारों को सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी। वहीं आंगनबाड़ी भवन के निर्माण के बाद बच्चों को विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप कराने में सुविधा प्राप्त हो सकेगी। जीना ने ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार की अनेक योजनाओं बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के रंगारंग प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हृदयेश मेहरा ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कुंदन लाल, ग्राम प्रधान राधे बंगारी, क्षेत्र पंचायत आनंद सिंह, सहायक अभियंता अनूप जैन अपर सहायक अभियंता मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

दन्या में अवैध चीड़ के तख्ते और बल्लियां बरामद

अल्मोड़ा, अमृत विचार : जिले के धौलादेवी विकास खंड में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के घर के पास चीड़ के तख्ते और बल्लियां बरामद की है। आरोपी इनके संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। जिस कारण पुलिस ने वन संपदा को कार्रवाई के लिए वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर दन्या पुलिस की टीम क्षेत्र में चेकिंग अभियान पर थी। अभियान के दौरान थानाध्क्ष विजय सिंह नेगी ने दन्या के निकट नारायणीखान, कलौटा में पूरन सिंह के घर के पास बने टिन शैड की चेकिंग की तो वहां चीड़ के 75 अवैध तख्ते और 19 बल्लियां बरामद की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी इनके बारे में कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। जिस कारण पुलिस ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। वन विभाग के अधिकारियों के आने के वन संपदा उनके सुपुर्द कर दी गई। टीम में पुष्कर खाती, गोपाल गिरि, पवन थवाल शामिल रहे।

वर्ग पहेली-347

बाएं से दाएं

1.1. अत्यंत निर्धन, कंगाल 2. भुखमरी से पीड़ित, दुर्भिक्ष-पीड़ित 3. जिसका सब कुछ लुट गया हो 4. पराश्रित, परावलंबी।

4.1. ज़ोर से डांटना, झिड़कना, लानत-मलामत करना 2. वस्तु आदि की धूल झटकना, झाड़ना 3. निचोड़े हुए कपड़े को झटके से ऊपर से नीचे हिलाना।

5.1. सुंदर एवं रमणीय देश 2. किसी कार्य के निष्पादन के लिए उपयुक्त स्थान।

6.1. दोनों हथेलियों के टकराने या आघात से उत्पन्न ध्वनि, ली 2. लकड़ी, कांसे आदि का बना हुआ एक वाद्य, मजीरा, झींका, झांझ।

ऊपर से नीचे

1.1. छोटी कील 2. कांटा 3. मछली फंसाने वाली नुकीली अंकुसी या बंसी 4. कुएं में गिरी हुई चीज़ों (बाल्टी आदि) को निकालने के लिए बनाया गया अंकुसियों का गुच्छा। (मु.)-लगाना : मुख्य तार में कंटिया फंसाकर चोरी से या अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना।

2.1. मौके का फ़ायदा उठाने की प्रवृत्ति, मौकापरस्ती 2. अवसर के अनुकूल बरतने की प्रवृत्ति।

3.1. कीड़ों को मारने वाली दवा 2. फ़सल आदि में छिड़काव के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा।, कीटाणुओं या कीड़ों को मारने वाला।

5.1. होश; चेतना 2. स्मरण; याद 3. ज्ञान।



वर्ग पहेली - 346 का हल

		1 न			2 क
3 अ	ल	गा	गु	जा	री
		थि			ल
4 ज	ठ	रा	म	य	
ग		ज			
झं			5 का	रं	ड
6 प	र	बा	बा		

सुडोकू -64

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			2			7		4
4				7			5	
			1		3			8
		5		3			8	
	4					2		
	3			9		1		
3			9		4			
	2	4		6				9
6					7			

सुडोकू - 63 का हल

4	1	3	7	6	8	9	5	2
9	7	2	4	3	5	1	8	6
5	6	8	9	2	1	3	4	7
1	2	6	8	7	4	5	9	3
7	4	9	5	1	3	6	2	8
8	3	5	2	9	6	7	1	4
6	9	7	1	4	2	8	3	5
2	8	1	3	5	7	4	6	9
3	5	4	6	8	9	2	7	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 08 .49 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10 .33 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज लोग आपके विचारों से काफी सहमत रहेंगे। प्रेमी के विषय में मन में अनेक तरह के विचार चलते रहेंगे। अपने पिछले अनुभव का लाभ उठाने का प्रयास करें। समाज में आपकी काफी प्रशंसा होगी। नया काम सीखने के लिए समय उत्तम है।

वृष — आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। बुजुर्ग सदस्यों की राय लेना आपके लिए काफी आवश्यक होगा। विश्वस्त मित्रों से सहायता लेनी पड़ सकती है। घर के लिए आवश्यक सामान खरीदने के लिये आप बाजार जा सकते हैं।

मिथुन — आज नए स्रोतों से धन प्राप्त होगा। अविवाहित जातकों को विवाह के लिए रिश्ते मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। फिल्म निर्माण क्षेत्र से जुड़े जातकों के लिए काफी लाभप्रद दिन होगा।

कर्क — आज घर के वातावरण में परेशानी आ सकती है। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद न करें। आपको आराम करना चाहिए। जीवनसाथी से अपनी समस्याओं को साझा करें। सिरदर्द की समस्या रहेगी। बुखार और सर्द-गर्म होने की आशंका है।

सिंह — आज रियल एस्टेट और विनिर्माण से जुड़े कारोबार में अच्छा धन लाभ होगा। भाई-बहनों से आपको सहायता मिल सकती है। आपकी आय में शानदार वृद्धि होगी। रोगियों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

कन्या — आज अपनी नेतृत्व क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। नए कारोबार को लेकर जल्दबाजी न करें। ऑफिस में आपके ऊपर अच्छे प्रदर्शन का दबाव रहेगा। मन में किसी अज्ञात कारण से भय हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

तुला — आज आपका आत्मविश्वास कम हो सकता है। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। आपको मित्रों और शुभ चिंतकों को परखने का अवसर मिलेगा। विदेश यात्रा का अवसर मिलेगा। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज आपको गुस्से से बचना चाहिए। यात्राओं से आपको बचना चाहिए। जल्दबाजी में कोई नया प्रोजेक्ट शुरू न करें। मानसिक सुख-शांति का अभाव रहेगा। जॉब में आपको बहुत दबाव झेलना पड़ सकता है। परिजनों से संबंध अच्छे नहीं रहेंगे।

धनु — आज कमीशन से जुड़े कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। गलत कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। जीवनसाथी से आपको उपहार मिल सकता है। व्यवसाय में बदलाव करने का विचार बना सकते हैं। प्रियजनों से भेंट हो सकती है।

मकर — आज कानूनी मामलों में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से समस्या होगी। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयत्नशील रहें। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

कुंभ — आज प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। जीवनसाथी की कोई जिद पूरी करनी पड़ेगी। विरोधी आपको नीचा दिखाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। विरोधी आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

मीन — आज अस्थमा के रोगियों को स्वास्थ्य में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। अनावश्यक खर्चे घर में तनाव का कारण बन सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में रुकावट आ सकती है। धन से जुड़े मामलों में परेशानी बढ़ सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
शिव शक्ति — सुबह : 10 .00
जख्मी सिपाही — रात : 07 .00

SONY MAX
सोनू के टीटू की स्वीटी — सुबह : 09 .00
पटेल की पंजाबी शादी — रात : 09 .00

SONY PIX
जुमांजी — सुबह : 09 .40
व्हाइट हाउस डाउन — शाम : 06 .37

ZEE CINEMA
दीवाना मस्ताना — सुबह : 10 .30
दिल धड़कने दो — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
चलते चलते — सुबह : 12 .29
भागम भाग — रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-07 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बीवी को डिलीवरी के समय पप्पू हॉस्पिटल में नर्स से बोला।
पप्पू-लड़का हो तो भालू और लड़की हो तो लोमड़ी कहना।
पप्पू की बीवी के जुड़वा बच्चे हुए एक लड़का और एक लड़की।
नर्स बाहर आकर पप्पू से बोली- बधाई हो, चिड़िया घर में दो जानवर आए हैं।

पत्नी - ये रैगिंग किसे कहते हैं?
पति - ये जो तुम हर मैरिज एनिवर्सरी, करवाचौथ और जन्मदिन पर जबरदस्ती गिफ्ट मांगती हो न, उसे ही अंग्रेजी में रैगिंग कहते हैं।

षडेव तु गुणा : पुंसा न हातव्या : कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति : ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

संपादकीय

वैश्विक सुरक्षा चुनौतियां

आज दुनिया परमाणु खतरों, जलवायु संकट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जोखिम जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पहले से कहीं अधिक विभाजित है। इन हालात में इस वर्ष के म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन का खास महत्व रहा। आयोजन की महत्ता के मद्देनजर विदेशमंत्री एस.जयशंकर तीन दिवसीय म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) में शामिल हुए। सम्मेलन वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर केंद्रित रहा। इससे पहले सम्मेलन के आयोजकों ने दुनिया भर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता पर केंद्रित म्यूनिख सुरक्षा रिपोर्ट जारी की।'रक्षा का दावोस' कहा जाने वाला एमएससी अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का एक बड़ा मंच है। इस मंच के जरिए दुनिया भर के नेता और राजनयिक अहम मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। ये प्रमुख सुरक्षा और विदेश नीति के मुद्दों पर चर्चा और समाधान करने पर केंद्रित है। यानि यह राजनीतिक नेताओं, नीति निर्माताओं, सैन्य अधिकारियों, विशेषज्ञों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के लिए वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर बातचीत और बहस में शामिल होने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। इसकी शुरुआत 1962 में एक जर्मन सैन्य अधिकारी एवाल्ड फोन क्लाइस्ट ने की। क्लाइस्ट वही सैन्य अधिकारी हैं जिन्होंने तानाशाह एडोल्फ हिटलर की हत्या की योजना बनाई। सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने यूरोप और अमेरिका की विभिन्न आशंकाओं को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत पश्चिमी देशों का विरोधी नहीं बल्कि पश्चिमी देशों से अलग है। रूस के साथ व्यापार और दूसरी तरफ अमेरिका के साथ बढ़ते संबंधों के बीच संतुलन बनाए रखने के मुद्दे पर कहा यूक्रेन रूस विवाद पर भारत अपनी बात स्पष्ट करता रहा है। भारत ने इस मामले पर हिंसा को खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति से बीच का रास्ता निकालने की वकालत की है। गाजा में मौजूदा स्थिति को लेकर चिंता के बीच कहा कि भारत कई दशकों से कहता रहा है कि फिलिस्तीन मुद्दे का द्विराष्ट्र समाधान होना चाहिए। महत्वपूर्ण है कि जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक की मौजूदगी में यह टिप्पणी की। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। कहा जा रहा है कि एमएससी यूक्रेन संकट और फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष जैसी कई वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा के लिए अनूठा अवसर साबित हुआ। वहां अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की गई। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को तात्कालिकता और एकजुटता की नई भावना के साथ न्याय-आधारित समाधानों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

सौर ऊर्जा से बुंदेलखंड में विकास की संभावनाएं

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है, जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है।

जहां एक ओर शुष्क और गर्म जलवायु, पानी की कमी और पठारी क्षेत्र होने के कारण बुंदेलखंड खेती, उद्योग और विकास की दृष्टि से पिछड़े होने का दंश झेल रहा है, वहीं दूसरी ओर यही कमी इसको नवीकरणीय सौर उर्जा के बेहतर उत्पादन को लिए अनुकूल माहौल भी प्रदान करता है। यही कारण है कि बुंदेलखंड में खाली जमीन की उपलब्धता और मौसम के साफ रहने के कारण प्रचुर मात्रा में उपलब्ध सौर ऊर्जा से यहां पर सोलर प्लांट लगाने को निजी कंपनियां आकर्षित हुई हैं। उपयुक्त जलवायु के चलते बुंदेलखंड में सौर ऊर्जा प्लांटों की स्थापना काफी पहले प्रारंभ हो गई थी।

वर्ष 2016 में पनवाड़ी, महोबा और हमीरपुर में लगाए गए निजी सौर ऊर्जा प्लांटों से लगभग 200 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बुंदेलखंड के सातों जिलों बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी और ललितपुर में अब तक लगभग साढ़े 500 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट निजी कंपनियों के माध्यम से स्थापित किए जा चुके हैं। यूपीनेडा के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में बड़ी सौर परियोजनाएं मात्र 18 जिलों में चल रही हैं जिनमें सात जिले बुंदेलखंड के ही हैं। ज्यादातर परियोजनाएं बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त इलाकों में है, जहां की जमीन खेती के दृष्टिकोण से उन्नत नहीं है। यूपीनेडा के अनुसार राज्य में स्थापित 949 मेगावाट की ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजनाओं में से 553 मेगावाट की परियोजनाएं बुंदेलखंड में हैं। सरकार ने बुंदेलखंड में उपयुक्त जलवायु और क्षेत्रीय स्थिति के दृष्टिगत यहां सौर विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार हजार मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर का निर्माण करने की योजना तैयार की है, जिस पर लगभग 55 सौ करोड़ रुपए का निवेश होगा।

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्युएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है, जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है। इसी योजना के

वस्तुत : सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है, क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है।

तहत 600-600 मेगावॉट क्षमता की सोलर पॉवर पार्क की झांसी और ललितपुर में स्थापना की जा रही है। वर्तमान में विश्व में लगभग 80 प्रतिशत लोग जीवाश्म ईंधन यानि डीजल-पेट्रोल का उपयोग कर रहे हैं जिसका परिणामस्वरूप ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, ओजोन संकट का खतरा सामने आ रहा है। इसके विकल्प के रूप में अपनाए जाने वाले नवीकरणीय ऊर्जा के बेहतर उपयोग के लिए विश्व में लगभग 4.5 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता है जिसके लिए विकासशील और विकसित देश सक्षम नहीं है। हालांकि भारत एशिया में तीसरे और दुनिया में पांचवें स्थान पर नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। फिर भी यहां कुल ऊर्जा खपत में जीवाश्म ईंधन से 75.5 प्रतिशत, परमाणु शक्ति से 2.8 प्रतिशत, सौर ऊर्जा से 4.2 प्रतिशत, पवन ऊर्जा से 4.6 प्रतिशत, पनबिजली से 10.7 प्रतिशत, बायोमास 0.5 प्रतिशत ऊर्जा का उपयोग हो रहा है।

भारत के अधिकांश क्षेत्र में वर्ष में 250-300 धूप निकलने वाले दिनों सहित प्रतिदिन प्रति वर्गमीटर 4-7 किलोवाट घंटे का सौर विकिरण प्राप्त होता है। इसके बावजूद उपलब्ध क्षमता की तुलना में देश में सौर ऊर्जा का दोहन बहुत ही कम है। वस्तुत उष्णकटिबंधीय देश होने के नाते भारत में सौर ऊर्जा के दोहन की अपार संभावनाएं है। इसमें हिमालय के पहाड़, बुंदेलखंड के पठार, राजस्थान रेगिस्तान, गुजरात के कच्छ सहित अन्य प्रदेशों के पहाड़ी और बंजर जमीन उपयोगी साबित हो सकते हैं। इसी के दृष्टिगत सरकार ने भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता को वर्ष 2030 तक पांच सौ गीगावाट तक विस्तारित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। देश के ग्रामीण इलाकों के दूरदराज क्षेत्रों तक स्वच्छ और सस्ती बिजली पहुंचाने के लिए वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री सोलर पैनल योजना शुरू की गई थी, लेकिन वर्ष 2024 तक सौर ऊर्जा के 40 गीगावाट लक्ष्य की तुलना में उत्पादन मात्र 11 गीगावाट का ही हो पाया है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए भारत सरकार ने पीएम सूर्योदय योजना प्रारंभ की है जिससे लोगों को न केवल 24 घंटे मुफ्त बिजली मिलेगी, बल्कि हरित ऊर्जा के लक्ष्य की पूर्ति में भी सहायता मिलेगी। इस योजना के अंतर्गत रुफ टाप सोलर (आर टी एस) योजना का सरलीकरण कर हरेक घर की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

देश के लगभग 25 करोड़ घरों के छतों पर 637 गीगावाट सौर संयंत्र स्थापित कर सकने की क्षमता है। संस्था टेरी के अनुसार जहां सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली की लागत 2.50 से 3.50 रुपये प्रति यूनिट है, वहीं ग्रिड आधारित बिजली की लागत छह से सात रुपये है। मार्च 2019 में केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में डीजल को खत्म करने, किसानों को पानी और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने, उनकी आय बढ़ाने और पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पीएम कुसुम योजना की शुरुआत की जिसके अंतर्गत 30 अप्रैल 2023 तक भारत में कुल 219,674 सौर सिंचाई पंप स्थापित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में मात्र 20688 पंप लगाए गए हैं जिनमें से 5589 बुंदेलखंड क्षेत्र हैं। सौर सिंचाई पंप बुंदेलखंड में किसानों को खरीफ सीजन के बाद फसल उगाने में मदद कर रहे हैं जिससे इन क्षेत्रों से पलायन रुक रहा है। सौर ऊर्जा संयंत्रों की रख-रखाव के लिए 30 हजार युवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें 'सूर्य मित्र' का नाम दिया गया है। प्रोत्साहन प्रावधानों के तहत ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था के साथ ही सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए स्टॉम्प ड्यूटी और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में शत-प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है, लेकिन छोटे शहरों और गांवों में आरटीएस योजना ज्यादा सफल नहीं हो सकी है, क्योंकि यहां बिजली कटौती ज्यादा होती है। वैसे भी आरटीएस योजना के लिए एकमुश्त पैसे देना भी निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के लिए आसान नहीं है। कुसुम-बी योजना में 36,842 स्वीकृत सौर पंपों की तुलना में मात्र 12,773 पंप ही लगे। कुसुम-सी योजना में 4 लाख पंप की तुलना में एक भी पंप नहीं लग पाया है। वैसे भी सोलर पंप योजना बुंदेलखंड की परिस्थितियों के दृष्टिगत ज्यादा उपयुक्त नहीं है, क्योंकि यहां भू-जल स्तर पहले से ही कम है। सोलर पंप के चलते ज्यादा भूजल दोहन होने पर भूमि के स्वास्थ्य पर खराब असर पड़ेगा, लेकिन अन्ना पशुओं की समस्या से ग्रस्त बुंदेलखंड में सोलर चालित फेंसिंग उनके फसलों को अन्ना पशुओं और वनरोजों से बचाने में उपयोगी साबित हो सकता है।

वस्तुतः सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है, क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है। जब तक सूर्य मौजूद है तब तक पृथ्वी पर यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध भी होता रहेगा। इतना ही नहीं इस ऊर्जा को बैटरियों में संग्रहित भी किया जा सकता है, लेकिन वर्तमान में सौर पैनलों की साफ- सफाई एक समस्या के रूप में सामने आ रही है जिसमें प्रति वर्ष लगभग 10 बिलियन गैलन जल का उपयोग किये जाने का अनुमान है। बुंदेलखंड जैसे पानी की कमी से जूझ रहे क्षेत्र के लिए यह एक चुनौती है। यदि जलरहित सफाई की जाती है तो एक तरफ यह श्रमसाध्य कार्य है, दूसरी ओर इससे पैनलों की सतहों पर अपरिवर्तनीय खरोंच लगने का खतरा भी उत्पन्न होता है जिससे पैनलों की दक्षता कम हो सकती है। फिर भी सौर ऊर्जा बुंदेलखंड के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जिसका न तो पर्यावरण पर कोई असर पड़ने वाला है और न ही यहां के जल संसाधन या खेती पर कोई विपरीत असर पड़ेगा।

प्रसंगवश

मुझे कैसा डर

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तानाशाही से संघर्ष करते जनयोद्धा, वकील एलेक्सी नवेलनी की बीते शुक्रवार साइबेरिया की जेल में मृत्यु हो गई। वे मात्र 47 वर्ष के थे। उन्हें जेल में जहर देकर मारने की आशंका है। वे 19 साल की सजा काट रहे थे। पुतिन की पार्टी यूनाइटेड रशिया को नवेलनी 'ठगों की पार्टी' बताते थे। मास्को में नवेलनी की पत्नी यूलिया ने कहा कि पुतिन को इसकी सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने कहाः' मैं वैश्विक बिरादरी से रूस की शैतानी सरकार के खात्मे की अपील करती हूं।' मां ल्यूडमिला ने कहा कि मैं 12 फरवरी को बेटे से जेल में मिली थी, वो स्वस्थ और खुश था।

एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान नवेलनी ने कायम की। उन्होंने 2008 में एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। वह 2013 में मास्को के मेयर पद के लिए खड़े हुए थे और दूसरे नंबर पर आए थे। बाद में उन्होंने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की कोशिश की, लेकिन आपराधिक मुकदमों की वजह से उन पर रोक लगा दी गई। उन्होंने इन मुकदमों को राजनीति से प्रेरित बताया था। रूस के खुफिया एजेंटों ने 2020 में नवेलनी को साइबेरिया में घातक जहर नोविचोक देकर मारने की कोशिश की थी। जर्मनी में इलाज के बाद उन्हें चेताया गया था कि उनका रूस लौटना सुरक्षित नहीं होगा। नवेलनी ने किसी की नहीं सुनी और कहा कि ' मैं रूस लौटूंगा, जर्मनी में राजनीतिक प्रवासी नहीं बनूंगा।' नवेलनी कहते थेः'मुझे कैसा भय? डर तो उनको (पुतिन) लगना चाहिए।' याद आते हैं रूसी संपादक और नोबेल पुरस्कार से नवाजे गए पत्रकार दिमित्री मुरातोव। पुतिन के अन्याय का वह भी शिकार रहे। उन दिनों जेल में नजरबंद एलेक्सी नवेलनी पर दिमित्री मुरातोव ने कहा था : 'इस नोबेल पुरस्कार का असली हकदार नवेलनी ही हैं। वह जेल में पुतीन द्वारा दी जा रही असह्य यातना का शिकार है।' नोबेल समिति से उनका आग्रह था कि अंतर्राष्ट्रीय यातना विरोधी न्याय प्राधिकरण का गठन हो। मानव की आत्मा की आजादी सुनिश्चित करने हेतु उनकी घोषणा थी कि उन्हें मिला पारितोष मानव मुक्ति के लिए संघर्षरत हर पत्रकार के नाम है।

सभी धर्मों और किसानों का सम्मान करते थे शिवाजी

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा, लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए।

हिंदू संगठन और उनके अनुषांगिक संगठन शिवाजी महाराज को हिंदू प्रतापी के तौर पर स्थापित करते हुए केसरिया ध्वज लहराते हुए उनकी जयंती के कार्यक्रम मनाते हैं। हालांकि वे धर्मनिरपेक्ष थे वीर, पराक्रमी, चरित्वान थे, उन्होंने अपने कौशल के दम पर स्वराज बनाया। उनके चरित्र में भेदभाव नहीं था। वे अपने विरोधियों के धर्म और स्त्रियों का सम्मान करने वाले महाराज थे। शिवाजी की सेना में मुसलमान थे, महार थे, मराठे, शूद्र थे, जब औरंगजेब ने आगरा में शिवाजी को नजरबंद किया तब उनको आजाद कराने में मदारी मेहतर की बड़ी भूमिका थी। उनके गुप्तचर मामलों के सचिव मौलाना हैदर अली थे और तोपखाने की कमान इब्राहिम गर्दी के हाथों में थी।

शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी किला में महाराष्ट्र के पुणे में हुआ। पिता शाहजी भोंसले तथा माता जीजाबाई थीं। आज जब भारत में किसान अपनी मांगों के लिए आंदोलनरत हैं, ऐसे शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर, उनकी किसानों के प्रति आस्था तथा किसानों के लिए कल्याणकारी नीति याद करने का दिन है। वो गरीबी का दौर था, जब सूखे का दंश झेल रहे किसान हलकान थे। सिंचाई के साधन दुर्लभ थे, तब भी इतिहास में उनके शासन में किसी किसान ने कर अदायगी या कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या की हो, का उदाहरण नहीं मिलता। आज देश प्रजातांत्रिक है, हजारों किसान बैंकों का कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या कर रहें हैं। लोकतांत्रिक सरकारें पूंजीपतियों के कर्ज तो माफ करती हैं, लेकिन ऐसी नीति नहीं बनाती जिससे अन्नदाताओं का जीवन सुखमय हो सके। उनके कार्यकाल के दौरान किसान नीति पूंजीवाद और व्यापारिकता के परक ही नहीं थी, बल्कि आम किसानों के हितों को बढ़ावा देने वाली थी। एक बार उनके गुप्तचर ने सूचना दी शाहिस्ते खां पुणे की ओर बढ़ रहा है, तब उन्होंने सुरजेराव जेठे को कहा किसानों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाए, किसी भी नुकसान पर उनकी नाराजगी मानी जाए। किसानों का हित साधना पुण्य है, मुसीबत में छोड़ देना पाप है।

1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा, लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए। शिवाजी राजे इस बात का बहुत ध्यान रखते थे कि उनके राज्य में कोई भूखा न सोये। जानवरों तक का ख्याल रखा जाता था। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण की व्यवस्था थी। किसान की उपज का वाजिब मूल्य मिले इसका ख्याल रखा जाता था। किसानों के कर बहुत कम थे।

आज किसान अपनी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए आंदोलनरत हैं जिनके मार्ग अवरुद्ध किए जा रहे हैं। पिछलीबार प्रधानमंत्री ने अपनी तपस्या की कमी माना था। सरकार गंभीरता पूर्वक हल निकालेगी यह सोचकर किसानों का आंदोलन समाप्त हुआ, लेकिन किसानों का लंबे इंतजार के बाद सब्र जबाब दे रहा था। अब सामाजिक न्याय के किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। एक और किसान नेता जिनका कद भी बहुत सम्मानीय है, सर छोटूराम। उनका कहना था कि यदि दुनिया में कोई धंधा ऐसा है जिसकी नेक कमाई है तो वह यही किसान है।

यदि दुनिया में कोई ऐसा व्यक्ति है तो संतोष जीवन का ज्वलंत उदाहरण है जिसके सीने में श्रद्धा है, हाथ उदार हैं, दिल पवित्र है, नियत का उजाला है, पशु का मित्र है। शिवाजी महाराज, सर छोटूराम, चौधरी चरण सिंह पर श्रद्धा रख सरकार को चाहिए किसानों के साथ खुले दिल से बात कर, उनकी मांगों पर विचार करें।

सोशल फोरम

पतिव्रता और पतिवृत्ता में अंतर

पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो, इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है।

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

पतिव्रता और पतिवृता में क्या अंतर है? हालांकि इसको लिखते हुए भीतर डर है, लेकिन होली के पूर्वागमन का प्रभाव होने लगा है। इसलिए सभी सन्नारियों से प्रार्थना है कि इस लिखे को उसी भावना से प्रेरित माना जाए। पुराने समय में अच्छा पति पाने के लिए कन्याएं सोलह सोमवार का व्रत रखती थी (अब इसका चलन नहीं है, क्योंकि या तो अच्छे पतियों का अभाव हो गया है या जरूरत नहीं रह गई)। पतिव्रत एक अपरिहार्य और कठिन तपस्या हुआ करती थी।

भले ही पति परदेश में हो, साल भर बाद घर आ पाता हो, लेकिन पत्नी उसकी यादों में पूरा साल निकाल दिया करती और जब पति के छुट्टी आने की चिट्ठी आती तो घर द्वार सजने लगते। यह मात्र एक उदाहरण है। अब पतिवृता का उदाहरण-पत्नी जी ने अच्छी कमाई या पद धारक किसी पुरुष की प्राप्ति बिना किसी व्रत आदि के कर ली और अब उनको 24×7 यही चिंता रहती है कि उनके पति का पैसा कौन-कौन खा रहा है या पति किसी दूसरी के चक्कर में तो नहीं पड़ रहा है या मौज मस्ती तो नहीं कर रहा है आदि के कारण उनको एक वृत्त की रचना पति के चतुर्दिक करनी पड़ती है। इस वृत की त्रिज्या, व्यास, केन्द्र और स्पर्श रेखा का चयन करना पड़ता है। इस प्रकार की नारी को कहते हैं पतिवृता, जो रेखागणितीय सिद्धांतों में पारंगत हैं। उनको भली भांति ज्ञात है कि वृत्त का एक निर्धारित क्षेत्रफल होता है, जो उसकी त्रिज्या पर निर्भर करता है और यह त्रिज्या कितनी होनी चाहिए इसका निर्धारण पतिवृता पत्नी करती हैं।

पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो, इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है। इसे कहिए पतिवृता का पारिवारिक गणित।

-फेसबुक वॉल से

पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है।

उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक बड़ा फैसला सुनाकर वित्त वर्ष 2017-2018 में शुरू की गई विवादित इलेक्टोरल बांड स्कीम को रद्द कर दिया गया है, जो यकीनन पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला है। सुप्रीम कोर्ट के हिसाब से इलेक्टोरल बांड स्कीम असंवैधानिक है। यह सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है और भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी हस्तक्षेप करती है।

एक बड़े फैसले के तहत मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित की गई पांच जजों की बेंच ने स्टेट बैंक को 12 अप्रैल 2019 से अब तक खरीदे गए इलेक्टोरल बांड के खरीदारों के नाम और राजनीतिक दलों की ओर से खर्च और भुगतान की गई धनराशि आदि सभी विवरणों को 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग के साथ साझा करने का आदेश दिया है। साथ ही निर्वाचन आयोग को भी निर्देशित किया गया है कि वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त सभी जानकारियों को 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे, जो इलेक्टोरल बांड अभी तक भुनाए नहीं गए हैं, उनकी तय धनराशि बैंक दानकर्ता को वापस लौटाएगा। वैसे भारतीय रिजर्व बैंक और निर्वाचन आयोग इलेक्टोरल बांड योजना को पहले ही अपारदर्शी करार दे चुके हैं। इलेक्टरोरल बांड स्कीम में आम नागरिक, विपक्षी दल और चुनाव आयोग को जानकारी प्राप्त करने से रोकने के पूरे प्रावधान थे, पर सरकारी बैंकों के पास पूरा रिकॉर्ड था कि बांड किसने खरीदा और किस पार्टी को दान में दिया। पिछले 6-7 सालों में इस योजना के तहत कुल छह हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का धन सभी राजनीतिक पार्टियों को मिला है। वर्तमान सरकार के वर्ष 2016 में नोटबंदी के बाद तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने अगले ही वर्ष 2017-18 में वित्त विधेयक के माध्यम से इलेक्टोरल बांड योजना को लांच किया था जिसके लिए कई कानूनों में आवश्यक बदलाव भी किए गए थे। मौजूदा इलेक्टोरल बांड स्कीम की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय थी अर्थात् इनके खरीदारों को भी खरीद घोषित करने की और दूसरी तरफ राजनीतिक दलों को प्राप्त धन के स्रोत की जानकारी देने की कोई भी बाध्यता नहीं थी। चंदा देने वाला अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए बैंक से एक करोड़ तक के इलेक्टोरल बांड खरीद सकता था और अपनी पसंद की राजनीतिक पार्टी को डोनेट कर सकता था। निश्चित तौर पर यह आपसी संबंधों और स्वार्थ पर आधारित प्रक्रिया कही जा सकती थी।

इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है। कंपनियां किसी भी राजनीतिक दल को चंदा देकर उसे अपने दबाव में ला सकती हैं और उसके सत्ता पर आने पर अपने हिसाब से काम निकलवा सकती हैं। जबकि उच्चतम न्यायालय का कहना है कि नागरिकों को जानने का अधिकार है कि सरकार का पैसा कहां से आता है और कहां जाता है। आज राजनीतिक संरक्षण के बल पर हर जगह माफिया सक्रिय हैं। खनन और रियल एस्टेट की बात तो छोड़िए, इन्होंने शिक्षा और सरकारी भर्ती प्रक्रिया को भी प्रभावित किया है। सरकारी नौकरियां दिन प्रतिदिन कम होती जा रही हैं और प्राइवेट सेक्टर में भी आए दिन छटनी देखने को मिल रही है। जिस देश में करोड़ों बेरोजगार युवा हैं, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है, वहां चुनावों के दौरान पानी की तरह पैसा बहाना आम नागरिक के जख्मों में नमक छिड़कने जैसा ही है। एक तरफ नेताओं की संपत्ति में वर्ष दर वर्ष बढ़ोतरी होती जा रही है, दूसरी तरफ जनता महंगाई की मार झेल रही है। एक सरकारी कर्मचारी अपनी वार्षिक आय का 30 प्रतिशत तक आयकर में खर्च कर देता है, वहीं पार्टियों को मिलने वाले इस चंदे और आमदनी पर कोई कर भी नहीं लगता। इन राजनीतिक पार्टियों को भी सूचना के अधिकार के दायरे में लाना जरूरी है। यूं तो राजनीतिक दलों के नेता आए दिन एक दूसरे को नीचा दिखाने और शर्मिंदा करने वाले अपशब्द बोलने से भी नहीं चूकते, लेकिन जब जब उनके हित प्रभावित होते हैं तो सब एकजुट हो जाते हैं। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन्हें जनता के हित की कितनी परवाह है। हालांकि विपक्षी दल सत्ता पक्ष पर निशाना साथ रहे हैं और सत्ता पक्ष इसे अब भी पारदर्शी बता रही है, लेकिन आम जनता यह जानती है कि सभी राजनीतिक पार्टियों का चरित्र लगभग एक सा ही होता है।

कैलास मानसरोवर की मुक्ति कब

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हनुमान जी द्वारा लंका में सीता जी की खोज करते हुए 'मंदिर मंदिर प्रति कर सोधा' कहा गया है। मंदिर का अर्थ घर भी है और भगवान का घर भी। इधर लोकसभा चुनावों को आसन्न देख हमारे प्रधानमंत्री भी ऐसा ही कर रहे हैं। अभी अयोध्या के राम मंदिर में उनके द्वारा कृत प्राण प्रतिष्ठा की सुर्खियां कम नहीं हुई थीं कि वे संयुक्त अरब अमीरात के अबूधाबी के पास बनाए गए एक मंदिर के उद्घाटन में पहुंचे। अब इसकी खबरें मीडिया में चल रही हैं। आगे मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी की ज्ञानवापी के इस्लामिक निर्माणों से मुक्ति एजेंडे में है, जैसा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बाकायदा घोषित कर चुके हैं।

इस क्रम में याद दिलाना चाहूंगा कि भगवान शंकर के मूल निवास कैलास और मानसरोवर की चीन से मुक्ति कब कराई जाएगी? ये पुराण प्रसिद्ध भारतीय क्षेत्र हैं और अर्से से चीन इन पर कब्जा किए है। इनकी मुक्ति की बात ही नहीं हो रही है। ये वह जगहें हैं जिनका गहरा संबंध उन राम और कृष्ण से है जिनकी जन्भभूमि मुक्ति एजेंडे में ली गई। हिंदुओं के 'महादेव' मान्य भगवान शंकर श्रीराम के आराध्य हैं। राम ने रामेश्वरम् शिवलिंग की स्थापना करवाई थी और अंत में महापथ पर जाते हुए वे मानसरोवर भी गए थे। महर्षि वाल्मीकि कहते हैं- 'बदरीकाश्रमे रामःकेदारेशं विलोक्य सः। महापथं ततो गत्वा ययौ तन्मानसं सरः'।। यही नहीं भगवान कृष्ण अपने अभीष्ट की प्राप्ति के लिए कैलास पर्वत पर तप हेतु गए थे। 'शिव महापुराण' की 'उमा पंचम संहिता-अध्याय एक में कथा आई है। जब श्रीकृष्ण कैलास पर्वत पर पहुंचे तो उनको वहां उपमन्यु ऋषि तप करत मिले। उपमन्यु ने कृष्ण जी को शिव महिमा बतलाई और ' ॐ नमःशिवाय' मंत्र 16 मास तक वहां जपने को कहा। कृष्ण जी ने वैसा ही किया, तब सोलह मास बाद माता पार्वती सहित भगवान शंकर ने उन्हें दर्शन और अभीष्ट वरदान दिए। ऐसे में भोलेनाथ के इस पवित्र भारतीय स्थल की मुक्ति का नाम भी न लेना अखरने वाली बात है। उनकी भक्ति का तो एक पूरा महीना (सावन)हिंदू लोग निर्धारित किए हैं।

महा शिवरात्रि का महत्व कौन नहीं जानता? सनातनी लोग हर मास में शिव जी का प्रदोष व्रत रखते हैं। उनके आभूषण सर्पों तक की पूजा का एक अलग पर्व होता है। अतः उन्हें कमतर न आंका जाए। मोदी जी स्वयं उन्हीं की राजधानी काशी से चुनाव लड़ते हैं और गत लोकसभा चुनाव के फौरन बाद केदारनाथ जाकर योग किया था जिसकी फोटो वायरल हुई थी। यह भगवान शंकर का ही ज्योतिर्लिंग है। ऐसे में आशा की जाती है कि मोदी शीघ्र ही कैलास और मानसरोवर का भी चीनी कब्जा छुड़ाकर हिंदुओं के लिए वहां की निर्बाध यात्रा, पूजन अर्चन का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

एक नजर

बेरोजगार युवा सौर ऊर्जा योजना में ले रहे दिलचस्पी

देहरादून : मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना बेहद सफल साबित हो रही है, क्योंकि प्रदेश के पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों में 20 से लेकर 200 किलोवाट क्षमता के सौर संयंत्रों की स्थापना के लिए युवा खूब दिलचस्पी दिखा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर 13 मार्च, 2023 को सौर स्वरोजगार योजना को संशोधित किया, जिसके बाद प्रदेश में 20, 25, 50, 100 व 200 किलोवाट के ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना पोर्टल पर 839 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 297 आवेदनों को स्वीकृति मिल गई है। पूर्ववर्ती एमएसएसवाई योजना में 3 .43 मेगावाट स्थापित क्षमता 13 .6 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश की तुलना में संशोधित एमएसएसवाई योजना में 839 आवेदनों में से अब तक 44 .94 एमडब्ल्यूपी के 297 जारी किए जा चुके हैं, जिससे राज्य में रोजगार के अवसर के साथ लगभग 224 करोड़ के निवेश के अवसर पैदा होंगे। नई मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना में 44 .94 मेगावाट की स्थापना के बाद युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा हो रहे हैं। साथ ही, ग्रीन एनर्जी प्रोडक्शन ने राष्ट्रीय स्तर पर लक्ष्य प्राप्त करने के अधिक अवसर पैदा होंगे।

समर्थन देने पर यूनियन पदाधिकारियों का सम्मान

टनकपुर एनएचपीसी के संविदा कर्मचारियों को दिया था समर्थन

संवाददाता, बनबसा

अमृत विचार : टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी में संविदा कर्मचारियों ने अपनी मांगों पर समर्थन देने के लिए शारदा वैली एनएचपीसी कर्मचारी संघ इंटक के पदाधिकारियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में संविदा कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि, बोनस, यूनिफार्म, अवकाश, बीमा आदि वर्षो से चली आ रही मांगों को पूरा कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए यूनियन का आभार जताया गया। संविदा कर्मचारी अशोक, मोहन, हरीश राय ने बताया कि यूनियन के संघर्ष के कारण ही उनकी मांगों का निराकरण सम्भव हो सका है।

संविदा कर्मियों ने यूनियन के अध्यक्ष विनोद उप्रेती के विशेष प्रयासों व संघर्षों के लिए हनुमान जी की गदा भेंट कर अपना आभार जताया तथा पदाधिकारियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

यूनियन अध्यक्ष विनोद उप्रेती को गदा देकर सम्मानित करते संविदाकर्मी।

अध्यक्ष बिनोद उप्रेती ने संविदा कर्मियों के एनएचपीसी प्रशासन को अपनी सहमति देने व वेतन वृद्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मजदूर विरोधी स्वयंभू नेताओं ने संविदा कर्मचारियों को बरगला कर उन्हें जबरन इससे वंचित कर अहित किया। उन्होंने मजदूर विरोधी तत्वों से सतर्क रहने की अपील की। इस अवसर पर महेश चन्द्र भट्ट, अमित कुमार, गोविंद सोनाल, प्रवीण गर्ग, नरेंद्र थलाल, गोपाल चन्द, केशव थलाल, मोती चन्द, चन्द्र किशोर भंडारी, मोहन राम, मनोहर, जावेद हशन, हरीश राय, पूरन भट्ट, दीपक, अरूण दिलवाला आदि रहे।

3 मार्च को पिलाई जाएगी पोलियो ड्रॉप

चम्पावत, अमृत विचार : अगले माह 3 मार्च को राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रशिक्षण दिवस को लेकर अपर डीएम हेमंत कुमार वर्मा ने चिकित्सा, शिक्षा, बाल विकास विभाग के अधिकारियों संग बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। जनपद में कोई भी 0-5 वर्ष का बच्चा पोलियो की बूंद से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि पोलियो वैक्सीन को समय से बनाए गए बूथों में उपलब्ध कराएं और फ्रीजर में सुरक्षित रखें। यह भी सुनिश्चित कर लें कि बिजली बाधित होने पर पोलियो वैक्सीन खराब हो सकती है, इसलिए पहले से जनरेटर की व्यवस्था कर लें। उन्होंने शिक्षा, बाल विकास, पुलिस, पंचायती राज आदि विभागों से भी इस अभियान में सहयोग करने को कहा।

उन्होंने एसएसबी में भी पोलिंग बूथ बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी केके अग्रवाल, सीओ विपिन चंद्र पंत, एसीएमओ इंद्रजीत पांडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र बिष्ट, जिला पंचायत राज अधिकारी रामपाल सिंह, डॉ. कुलदीप आदि मौजूद रहे।

प्रयोगशाला व कंप्यूटर कक्ष से सुसज्जित होंगे स्कूल

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सोमेश्वर विधानसभा के ग्रामीण इलाकों के स्कूली बच्चों को बेहतर सुविधाएं और आधुनिक तरीकों से शिक्षा दी जा सके। इसके लिए स्कूलों में जरूरी संसाधन मुहैया कराने के प्रयास शासन द्वारा किए जा रहे हैं। अभिभावकों और छात्र-छात्राओं की लंबी मांग के बाद अब विधानसभा के तीन स्कूलों में विज्ञान की आधुनिक प्रयोगशाला और कंप्यूटर कक्ष के निर्माण को मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दे दी है। शीघ्र इन स्कूलों में निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

सोमेश्वर विधानसभा के जीजीआईसी दौलाघट, जीआईसी सुनोली और जीजीएस चनौदा में छात्र संख्या काफी अधिक होने के बाद भी यहां विज्ञान प्रयोगशाला और कंप्यूटर कक्ष का निर्माण नहीं हो पाया था। जिस कारण यहां के स्कूली बच्चों को प्रयोगात्मक कार्यों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने भी इस मांगों को शासन के सम्मुख रखा था। जिसके बाद अब मुख्यमंत्री धामी ने इन तीनों विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशाला व कंप्यूटर कक्ष के निर्माण के लिए हरी झंडी दे दी है। सीएम धामी ने प्रयोगशाला और कंप्यूटर कक्ष के निर्माण के लिए प्रत्येक विद्यालय के लिए 44.07 लाख रुपये की स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कुछ औपचारिकताओं के बाद इन स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशाला और कंप्यूटर कक्षों के निर्माण की कार्रवाई शुरू कर दी जाएग।

कालनू देहोली और चमूधार में बॉयोलॉजी लैब

अल्मोड़ा : सीएम पुष्कर धामी ने सोमेश्वर विधानसभा के ही जीआईसी कालनू देहोली व चमूधार में भी जीव विज्ञान की प्रयोगशाला को स्वीकृति प्रदान की है। सीएम ने इन दोनों विद्यालयों में बॉयोलॉजी लैब के निर्माण के लिए प्रति विद्यालय 23 .00 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। मुख्यमंत्री की स्वीकृति के बाद अभिभावकों और छात्र छात्राओं में खुशी व्याप्त है।

यशोदा ने छात्राओं का किया मार्गदर्शन

रानीखेत, अमृत विचार: जीजीआईसी द्वाराहाट में अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्राप्त करने वाली खिलाड़ी, राज्य शैक्षिक पुरस्कार शैलेश मटियानी प्राप्त शिक्षिका एवं प्रारंभिक शिक्षा में अपने नवाचारी प्रयोगों व अभिनव गतिविधियों के लिए पहचानी जाने वाली शिक्षिका यशोदा कांडपाल ने एमिनेंट एक्सपर्ट नेशनल के रूप में छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया।

यशोदा कांडपाल ने छात्राओं के साथ अपने जीवन के अनुभवों व संघर्षों को साझा किया व जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। नियमित दिनचर्या, संतुलित भोजन, नियमित व्यायाम व खेल के साथ-साथ अध्ययन को महत्वपूर्ण बताया। पंगा फिल्म में कोच की भूमिका निभाने से उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से संबंधित अनुभव व जानकारियां भी साझा कीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य तनुजा जोशी, प्रवक्ता माया मेहरा, लता अधिकारी, नीलम सैनी, डॉ. मंजू रावत, दीपा घुघत्याल, अनीता कोठारी, रेनू जोशी, देवकी जोशी, बबीता कोहली, मनीषा टम्टा, प्रेमा जोशी, रेनू तिवारी, सुरभि पंत, प्रवीणा आर्या आदि मौजूद थे।

शैंकी का खजुराहो नृत्य समारोह के लिए चयन

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : भातखंडे संगीत महाविद्यालय के पूर्व छात्र शैंकी सिंह का चयन खजुराहो नृत्य समारोह में नृत्य के लिए हुआ है। शैंकी 20 से 26 फरवरी तक होने वाले खजुराहो नृत्य समारोह में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शैंकी सिंह वर्तमान में पंडित बिरजू महाराज के कलाश्रम में एक रेजीडेंट फैकल्टी तथा कथक कला की बारीकियों और सूक्ष्मताओं के लिए जाने जाते हैं।

मूल रूप से अल्मोड़ा के रहने वाले शैंकी सिंह ने सात वर्ष की आयु से ही नृतक बनने का लक्ष्य निर्धारित कर लिया था। उन्होंने भातखंडे संगीत महाविद्यालय संस्था की शिक्षिका चंचल तिवारी से कथक में अपना प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया और उनके मार्गदर्शन में विशारद और निपुण पूरा किया। इसके साथ ही उन्होंने भरतनाट्यम, भारतीय लोक नृत्यों में विशारद के साथ साथ मयूरभंज छाऊ में डिप्लोमा भी पूरा किया। उन्होंने पंडित बिरजू महाराज द्वारा कोरियोग्राफ किए गए विभिन्न नृत्य नाटकों में प्रदर्शन भी किया है। शैंकी के चयन होने पर प्रधानाचार्य डा. चंद्र सिंह चौहान उनकी शिक्षिका रही चंचल तिवारी आदि कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

राजकीय पॉलीटेक्निक आवासीय परिसर में चोरी

लोहाघाट, अमृत विचार: छमनियां चौड़ स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक में अराजक तत्वों ने एक मकान के दो बंद कमरों के दरवाजों की कुंडी तोड़कर तीन हजार से अधिक की नगदी पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के विरूद्ध जांच शुरू कर दी है। आस-पास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

सुमन लडवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार को अपने निजी कार्य के लिए बहन के साथ पाटी गई हुई थी। लोगों ने उसे फोन से कमरे के ताले टूटे होने और दरवाजे खुले होने की सूचना दी। कहा है कि अलमारी का लाक तोड़कर बहन के पर्स से तीन हजार की नकदी चोरी और दूसरे पर्स में भी रखी कुछ नकदी भी गायब मिली।

मैराथन, क्रिकेट व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम नवनीत पाण्डे के दिशा निर्देशन में नोडल अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव-2024 में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर जिले में संचालित मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत खेल विभाग ने युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए क्रिकेट, फुटबॉल एवं मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। गौरल चौड मैदान चम्पावत में क्रिकेट प्रतियोगिता हुई, जिसका संचालन एमपी जोशी व नीरज पांडे ने किया व युवा मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर खेल विभाग की ओर से चंद्रशेखर ओली, सुनील जोशी, राजेंद्र प्रसाद जोशी, भुवन प्रसाद आदि मौजूद रहे।

स्पोर्ट्स स्टेडियम टनकपुर में मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी भुवन चंद्र पंत के दिशा निर्देशन में हुई प्रतियोगिता में सभी युवा मतदाताओं को शपथ दिलाते मतदान की शपथ दिलाई गई व अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह पाटनी, ललित मोहन कुंवर, गौरव खोलिया, संग्राम सिंह, हीरा गिरी आदि खिलाड़ी मौजूद रहे।

जेठ पर लगाया बेटे से मारपीट का आरोप

अल्मोड़ा, अमृत विचार : विकास खंड चौखुटिया के खीड़ा गांव निवासी एक महिला ने अपने जेठ पर उनके बेटे के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। खीड़ा निवासी जशोदा पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि शुक्रवार को उनका बेटा गांव के पास में स्थित मंदिर में जा रहा था।

तभी पड़ोस में रहने वाले उनके जेठ भूपाल राम ने उसके साथ मारपीट कर दी और धारदार हथियार से उसे मारने का प्रयास भी किया। लेकिन उनका बेटा वहां से जैसे-तैसे जान बचाकर भाग गया। महिला ने कहा है कि उनके जेठ ने उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

चौपाल लगाकर सरकार की योजनाओं को गिनाया

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : भाजपा जिला कार्यालय में भाजयुमो की युवा चौपाल की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी ने युवाओं से आह्वान किया कि वह गांव-गांव जाकर चौपाल का आयोजन कर लोगों को मोदी सरकार की योजनाओं पर चर्चा करें, जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को इसका लाभ मिल सके।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष एडवोकेट गौरव पाण्डेय ने जिला कार्यशाला की अध्यक्षता की। उन्होंने युवा चौपाल के बारे में जानकारी देते हुए जिला व मंडल पदाधिकारियों से कहा कि वे विस्तारक के रूप में नगरीय व ग्रामीण परिवेश में होने वाले इस कार्यक्रम में युवा व लोगों के साथ चौपाल लगाकर चर्चा करते हुए 2014 से पूर्व और उसके बाद के विकसित भारत की जानकारी ग्रामीणों को दें।

कार्यशाला का संचालन जिला मंत्री विकास गिरी ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष ललित देउपा, जतिन देउपा, बालम बोहरा, अजय नरियाल, भुवन बिष्ट, विनोद बगौली, योगेश तिवारी, बलराज पाटनी, कुमुद जोशी, प्रदीप रावत, दीवान सिंह, नीरज बोहरा, विवेक जोशी, अखिल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश

बड़ा बाईपास पर ट्रक से टकराई कार, महिला समेत दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में बड़ा बाईपास पर पुल के पास कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में महिला समेत दो लोगों की जान चली गई। कार सवार शादी समारोह में शामिल होने हरिद्वार जा रहे थे। बिथरी पुलिस ने घायलों को पीलीभीत बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर तीन घायलों को भोजीपुरा के पास एक निजी मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया।

सीतापुर के थाना महमूदाबाद के गांव मीरानगर निवासी आलोक कुमार वर्मा उर्फ नवीन ने बताया कि उनकी छोटी बहन की शादी हरिद्वार में 19 फरवरी को है। रविवार को मेंहदी और हल्दी का कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिए वह, उनके पिता देवेन्द्रनाथ, चाचा प्रदीप कुमार (50) के अलावा बाराबंकी के थाना फतेहपुर के गांव धमसड़ निवासी बुआ राजेश्वरी देवी, बुआ के बेटे रामप्रकाश की पत्नी रेखा (45) और रेखा की बेटी अदिति मीरानगर से रात 11.15 बजे कार से हरिद्वार के लिए निकले। रविवार सुबह करीब 3.40 बजे कार बिथरी पुल के पास ट्रक से टकरा गई। हादसे में रेखा और प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पिता देवेन्द्रनाथ, बुआ राजेश्वरी देवी के सिर में गंभीर चोट लगी। वहीं भतीजी अदिति का दायां हाथ कोहनी से अलग गया। उनके सिर में भी चोट आई है।

घटना की जानकारी मिलने पर डीएम रविन्द्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घायलों का हाल जाना, साथ ही डॉक्टरों को उचित इलाज के निर्देश दिए। कार आलोक चला रहे थे, हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया।

दो ट्रकों के बीच में फंस गई कार

आलोक ने बताया कि उनकी कार की स्पीड अधिक नहीं थी। उनकी कार को ट्रक ने ओवर टेक करने की कोशिश की तभी साइड से एक और ट्रक आ गया। उनकी कार दोनों ट्रकों के बीच फंस गई, जिससे कार से नियंत्रण हट गया और कार दूसरे ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे के बाद कुछ देर तक कुछ समझ में नहीं आया, फिर उन्होंने यूपी 112 को कॉल की और मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस कर्मियों ने कार की चादर काटकर बमुश्किल घायलों और मृतकों के शवों को बाहर निकाला। गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। शवों और घायलों को कार की चादर काटकर निकाला गया।

सड़क हादसे में राजमिस्त्री की मौत, तीन लोग घायल

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र में दो बाइकों की भिड़ंत होने से सड़क पर गिरे चार लोगों में से एक राजमिस्त्री को वाहन ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। तीन अन्य घायल हो हुए हैं। हादसे में जान गंवाने वाला राजमिस्त्री रामकुंवर उत्तराखंड के रुद्रपुर में रहता था।

यह हादसा गांव सिहारी के पास शनिवार रात्रि नौ बजे हुआ। बताया गया कि गांव हरसुनगला गदईया निवासी राजबहादुर अपने भतीजे प्रियांशु के साथ बाइक से एक विवाह समारोह में शामिल होने मिलक आ रहा था। उधर, केमरी थाना क्षेत्र के मूल निवासी गांव मुंडियाकला, हाल निवासी गड्डा कॉलोनी ट्रांजिस्ट कैंप रुद्रपुर उत्तराखंड रामकुंवर (48) अपने दामाद के भाई यशपाल निवासी बाकराबाद के साथ शाहबाद थाना क्षेत्र में रिश्तेदारी में अंतिम संस्कार में शामिल होकर बाइक से रुद्रपुर जा रहा था। तभी बिलासपुर रोड पर दोनों की बाइकों में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। जिससे चारों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। रामकुंवर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे की सूचना पुलिस एवं एंबुलेंस को दी गई। चारों को एंबुलेंस से मिलक के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने रामकुंवर को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल राजबहादुर व यशपाल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

एक मार्च से नियमित होगी उत्तरांचल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस

मुरादाबाद, अमृत विचार: रामनगर-काठगोदाम और मुरादाबाद के यात्रियों की लाइफ लाइन उत्तरांचल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 1 मार्च से नियमित होगी। दिल्ली से पूर्वोत्तर की प्रमुख न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस भी मार्च माह के पहले सप्ताह से नियमित चलेगी। लंबी दूरी की इस साप्ताहिक ट्रेन को मंडल मुख्यालय से आने-जाने वाली विशेष गाड़ी के रूप में देखा जाता है।

सूत्रों की मानें तो कोहरा सीजन की निरस्त ट्रेनों को बहाल करने में रेल प्रबंधन जुट गया है। काठगोदाम से दिल्ली के बीच रोजाना चलने वाली (15036) और रामनगर से मुरादाबाद के बीच सेवा देने वाली (25036) और मुरादाबाद से रामनगर के बीच (25035) एक्सप्रेस और दिल्ली से काठगोदाम के बीच चलने वाली (15035) 29 फरवरी तक निरस्त है।

बजाज चीनी मिल में गर्म रस से दो श्रमिक झुलसे

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल में काम कर रहे दो ठेकाकर्मी गर्म रस गिरने से गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें लखीमपुर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टर द्वारा लखनऊ रेफर कर दिया गया है। वहां भी दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर निवासी घनश्याम (35) पुत्र कढिले और हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदिया निवासी हरिनाम (25) पुत्र छोटेलाल चीनी मिल के ठेकेदार विष्णु कुमार के ठेके में दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। शुक्रवार की अल सुबह लगभग चार बजे दोनों मजदूर गन्ना रस हीटर के पास काम कर रहे थे। इसी दौरान जूस हीटर का स्टीम पाइप खोलते समय गर्म रस दोनों के ऊपर गिर गया, जिससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद चीनी मिल में हड़कंप मच गया। मिल प्रबंधन ने दोनों मजदूरों को उपचार के लिए ओयल ट्रामा सेंटर भर्ती कराया, जहां दोनों की हालत नाजुक होने के कारण डाक्टरों ने उन्हें लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। वहां भी दोनों की हालत गंभीर बताई गई है।

हादसा

- जिला अस्पताल के बाद लखनऊ रेफर, दोनों की हालत गंभीर

> चीनी मिल में गर्म रस गिरने से दो श्रमिक झुलस गए थे। दोनों का उपचार चल रहा है, उनकी हालत में सुधार है। मिल प्रबंधन श्रमिकों को हर सम्भव मदद दे रहा है।
> –सतीश श्रीवास्तव, पीआरओ, बजाज हिंदुस्थान लिमिटेड

बाइकों की भिड़ंत में राजमिस्त्री की मौत, तीन लोग घायल

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र में दो बाइकों की भिड़ंत होने से सड़क पर गिरे चार लोगों में से एक राजमिस्त्री को वाहन ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। तीन अन्य घायल हो हुए हैं। हादसे में जान गंवाने वाला राजमिस्त्री रामकुंवर उत्तराखंड के रुद्रपुर में रहता था।

यह हादसा गांव सिहारी के पास शनिवार रात्रि नौ बजे हुआ। बताया गया कि गांव हरसुनगला गदईया निवासी राजबहादुर अपने भतीजे प्रियांशु के साथ बाइक से एक विवाह समारोह में शामिल होने मिलक आ रहा था। उधर, केमरी थाना क्षेत्र के मूल निवासी गांव मुंडियाकला, हाल निवासी गड्डा कॉलोनी ट्रांजिस्ट कैंप रुद्रपुर उत्तराखंड रामकुंवर (48) अपने दामाद के भाई यशपाल निवासी बाकराबाद के साथ शाहबाद थाना क्षेत्र में रिश्तेदारी में अंतिम संस्कार में शामिल होकर बाइक से रुद्रपुर जा रहा था। तभी बिलासपुर रोड पर दोनों की बाइकों में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। जिससे चारों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। रामकुंवर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे की सूचना पुलिस एवं एंबुलेंस को दी गई। चारों को एंबुलेंस से मिलक के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने रामकुंवर को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल राजबहादुर व यशपाल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पुलिस भर्ती के पांच हजार से भी अधिक यात्री स्पेशल ट्रेन से लौटे

संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा की भीड़ नियंत्रित करने और उन्हें घर भेजने में रेल प्रबंधन ने फिर वही प्रयोग किया। लखनऊ और हरदोई के लिए दो स्पेशल सवारी गाड़ी का संचालन किया। दोनों गाड़ियां प्लेटफार्म छह और सात से रवाना की गयीं। देर शाम तक लखनऊ की ओर जाने वाली ट्रेनों में भी सिपाही भर्ती के अभ्यर्थी सवार होते देखे गए।

रेल प्रबंधन की तैयारी से जिला प्रशासन को भी राहत मिली। रोडवेज प्रबंधन को भी बसों के संचालन में आसानी रही। परीक्षा के दूसरे दिन भी महानगर की सड़कें जाम के हवाले रहीं। सुबह, दोपहर और शाम महानगर के लोगों को जाम से जूझना पड़ा। उधर, रेल प्रबंधन अपनी योजना के तहत स्पेशल ट्रेनों के संचालन में सुबह से ही जुटा रहा। रेल प्रबंधन की ओर से अनारक्षित टिकट खिड़की के साथ जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) को सक्रिय रखा। टिकट बिक्री देखने के बाद रेल प्रबंधन ने दिन के 2:30 बजे प्लेटफार्म संख्या छह से पहली ट्रेन को रवाना किया। यह गाड़ी 12 डिब्बे की थी, इसे यहां से लखनऊ के लिए रवाना किया गया। यह गाड़ी डाउन दिशा यानी लखनऊ की ओर स्थित सभी स्टेशनों पर रोकी गया। दूसरी गाड़ी शाम 7:30 बजे हरदोई तक के लिए चलाई गयी।

स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि रेलवे पुलिस और आरपीएफ के जवानों की मदद से स्पेशल ट्रेनों को चलाया गया। रेलवे थाना के प्रभारी निरीक्षक राजन शर्मा ने बताया कि दिन और शाम की दोनों ट्रेनों में पांच हजार से अधिक यात्री सवार थे। स्पेशल ट्रेन में स्थान नहीं पाये कुछ यात्री अन्य ट्रेनों से भी रवाना हुए। अचानक यात्री बढ़ने और पुलिस भर्ती परीक्षा के मद्देनजर सुरक्षा प्रबंध मजबूत किया गया था।

राहत

- दो सामान्य श्रेणी की गाड़ियां डाउन दिशा को चलाई गईं
- पहली ट्रेन दिन के 2:30 बजे और दूसरी प्लेटफार्म सात से चली

पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने के नाम पर ठगे लाखों, गिरफ्तार

संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से लाखों रुपये ठगने के आरोपी को रहरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से मूल प्रमाण पत्र, कूट रचित दस्तावेज, अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र की 10 छायाप्रति व मोबाइल बरामद हुआ है। आरोपी ने जिस व्यक्ति को रुपयों का लेनदेन किया था वह अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को जिले की पुलिस को कामयाबी मिली। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान रहरा पुलिस सुरक्षा में लगी थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रहरा थाना क्षेत्र के गांव नवाबपुरा तिराहा में एक युवक कुछ दस्तावेज लेकर घूम रहा है। जो पुलिस भर्ती के नाम पर रुपये वसूल रहा है।

थाना प्रभारी संदीप चौधरी ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपी विनीत पुत्र ब्रह्म सिंह निवासी ग्राम तरौली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पांच प्रवेश पत्रों की छायाप्रति, 10 मार्कशीट, चार कूटरचित दस्तावेज, फाइल में रखे 10 और प्रवेश पत्रों की छायाप्रति, एक मोबाइल व अन्य सामग्री बरामद की।

धमोरा के राइंका में सॉल्वर पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : धमोरा स्थित राइंका परीक्षा केंद्र में रविवार को पुलिस भर्ती परीक्षा की पहली पाली में बॉयोमेट्रिक के दौरान फिंगर प्रिंट नहीं मिलने पर बिहार का सॉल्वर दिलीप पकड़ा गया। सॉल्वर शाहबाद क्षेत्र निवासी अभ्यर्थी राजीव की जगह परीक्षा देने आया था। शहजादनगर थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

बॉयोमेट्रिक उपस्थिति के दौरान दिलीप के फिंगर प्रिंट नहीं मिलने पर जांच टीम को शक हुआ तो थाना शहजादनगर ले आई। जहां सॉल्वर से सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि वह गांव मोहलिया निवासी अभ्यर्थी राजीव पुत्र नानक सिंह की जगह परीक्षा देने आया था। आरोपी दिलीप बिहार के जमोई थाना झाझा गांव खुरिप्रासा का रहने वाला है।

ट्यूलिप फेस्टिवल का लिया आनंद...

नई दिल्ली के शांति पथ, चाणक्यपुरी के लॉन में आयोजित दिल्ली ट्यूलिप फेस्टिवल के दौरान आगंतुकों ने वहां पहुंचकर मनमोहक फूलों का नजारा देखा। इस दौरान लोगों ने ट्यूलिप के फूलों के बीच बैठकर अपनी तस्वीरें भी लीं। ● एजेंसी

शरद पवार की याचिका पर आज सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली शरद पवार की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ शरद पवार की याचिका पर सुनवाई कर सकती है। सोलह फरवरी को, शीर्ष अदालत ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी। बता दें कि निर्वाचन आयोग ने छह फरवरी को घोषणा की थी कि अजित पवार गुट ही असली राकांपा है। निर्वाचन आयोग ने अजित के नेतृत्व वाले गुट को पार्टी का चुनाव चिह्न 'घड़ी' भी आवंटित किया था। जिसके बाद से शरद पवार का गुट आयोग के फैसले के खिलाफ है।

नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के अधिवेशन में बोले गृह मंत्री अमित शाह

नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव की तुलना महाभारत के युद्ध से की और कहा कि जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) देश के विकास के लिए काम कर रहा है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के तहत 'इंडी गठबंधन' परिवारवादी पार्टियों और भ्रष्टाचारियों से भरा पड़ा है।

भाजपा के दो दिवसीय अधिवेशन के आखिरी दिन 'भाजपाः देश की आशा, विपक्ष की हताशा' प्रस्ताव पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने वंशवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की कड़ी

आलोचना की। उन्होंने इन पार्टियों को चलाने वाले परिवारों की दूसरी, तीसरी और चौथी पीढ़ी की ओर इशारा करते हुए कहा कि विपक्ष में टू-जी, थ्री-जी और फोर-जी पार्टियों की भरमार है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया है और वैश्विक स्तर पर देश का कद बढ़ाया है। कहा कि लोगों के मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे।

उन्होंने सोनिया गांधी, शरद पवार, लालू प्रसाद और एम.के. स्टालिन एवं अन्य का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीबों और देश के विकास के बारे में सोचते हैं जबकि 'इंडिया' गठबंधन के नेता अपने बच्चों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाने के बारे में सोचते हैं। बैठक में मोदी-मोदी के नारे के बीच उन्होंने कहा कि मोदी के खिलाफ परिवारवादी पार्टियों के सभी 'राजकुमार' एक साथ आ गए हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि केवल शक्तिशाली परिवार से ही कोई व्यक्ति इस शीर्ष पद पर आसीन हो सकता है।

राम मंदिर का निर्माण राम राज्य की स्थापना का संकेत

भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को अयोध्या में राम मंदिर पर एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया कि यह अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का संकेत है। प्रस्ताव में कहा गया है कि पिछले महीने भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई जो आज 'राष्ट्रीय चेतना' का मंदिर बन गया है और यह 'विकसित भारत' के निर्माण के संकल्पों को पूरा करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। प्रस्ताव में कहा गया है-अयोध्या की प्राचीन पवित्र नगरी में श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण देश के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली उपलब्धि है। यह एक नए कालचक्र की शुरुआत के साथ अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का द्योतक है। इसमें कहा गया है कि यह अधिवेशन प्रधानमंत्री के नेतृत्व को दिल से बधाई देता है। प्रस्ताव में कहा गया है कि राम मंदिर भारत की दृष्टि, दर्शन और मार्ग का प्रतीक है। कहा गया-श्रीराम मंदिर सही मायने में राष्ट्रीय चेतना का मंदिर बन गया है और भगवान श्रीराम का मंदिर देखकर हर भारतीय आनंदित है।

एक नजर

5.5 लाख की मेफेड्रोन के साथ नाइजीरियाई व्यक्ति गिरफ्तार

ठाणे। नवी मुंबई में एक नाइजीरियाई नागरिक को कथित तौर पर 55 ग्राम मेफेड्रोन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, जब्त किये गये प्रतिबंधित मादक पदार्थ की कीमत 5.50 लाख रुपये है। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद अब्दुल रज्जाक हसन को शनिवार को खारघर के सेक्टर 35 में एक आवासीय सोसाइटी के पास से पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया-हमने आरोपी के पास से 5.50 लाख रुपये की 55 ग्राम मेफेड्रोन जब्त की।

कश्मीर, लद्दाख में तैनात होंगी 700 कंपनियां

जम्मू। इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सुरक्षा बलों की लगभग 700 कंपनियां तैनात की जाएंगी। सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल (920 कंपनियां) के बाद अर्धसैनिक बलों की सबसे ज्यादा कंपनियां जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में तैनात की जाएंगी। उन्होंने कहा, "लोकसभा चुनाव के सफल संचालन के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की 635 कंपनियां तैनात की जाएंगी और लद्दाख में यह संख्या 57 होगी।

बंगाल सरकार के तीन मंत्री लोगों की शिकायतें जानने के लिए संदेशखालि पहुंचे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मंत्रिमंडल के तीन मंत्री रविवार को लोगों से उनकी शिकायतों के बारे में बात करने के लिए संदेशखालि पहुंचे। संदेशखालि में पिछले कुछ दिनों से विरोध-प्रदर्शन का दौर जारी है। भूमि विभाग ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से जुड़े कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर जमीन कब्जाने को लेकर ग्रामीणों की शिकायतें दर्ज करने के लिए शिविर भी खोला है। मंत्री पार्थ भौमिक, सुजीत बोस और बीरबाहा हांसदा लोगों से उनकी शिकायतों के बारे में बात करने के लिए कालीनगर गांव पहुंचे थे।

दुष्कर्म पीड़िता ने मजिस्ट्रेट पर लगाया यौन शोषण का आरोप

अगरतला, एजेंसी

त्रिपुरा में दुष्कर्म पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अदालत में एक मजिस्ट्रेट ने अपने कक्ष के अंदर उसका यौन शोषण किया है। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी।

वरिष्ठ अधिवक्ता के मुताबिक धलाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश

त्रिपुरा में सामने आया मामला

गौतम सरकार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एक समिति ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि यौन शोषण की घटना 16 फरवरी को हुई जब वह उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले के संबंध में अपना बयान दर्ज कराने के लिए कमालपुर के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के कक्ष में गई थी। महिला ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कमालपुर को दी अपनी शिकायत में कहा-मैं मजिस्ट्रेट के कक्ष में गई थी। जब मैं अपना बयान देने ही वाली थी, तो न्यायाधीश ने मुझे गलत तरीके से छुआ। मैं उनके चैंबर से बाहर निकली तथा वकीलों और अपने पति को इस घटना की जानकारी दी।

मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे से भटककर राजनीति करने का कोई इरादा नहीं

वायनाड (केरल). एजेंसी

● भारत जोड़ो न्याय यात्रा छोड़कर राहुल गांधी ने वायनाड पहुंकर स्थिति की समीक्षा की

जंगली जानवरों के हमलों में तीन लोगों की मौत हो जाने को लेकर यहां हुए हिंसक प्रदर्शनों के एक दिन बाद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने जिले के अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लिया और उनसे मृतकों के परिजनों को बिना देर किए मुआवजा देने का आग्रह किया। राहुल वायनाड संसदीय सीट का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करते हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्र में मानव-पशु संघर्ष के समाधान की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' वाराणसी में अचानक बीच में ही छोड़कर यहां पहुंचे थे। कलपेट्टा में जिले के अधिकारियों के साथ आकलन बैठक के बाद, कांग्रेस सांसद ने संवाददाताओं से कहा कि मानव-पशु संघर्ष के मुख्य मुद्दे से भटककर राजनीति करने का उनका कोई इरादा नहीं है।

हालांकि, राहुल ने वायनाड मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं के अभाव का मुद्दा उठाया और कहा कि यह एक गंभीर विषय है। इससे पहले दिन में, उन्होंने पिछले दो महीने में जंगली जानवरों के हमलों की तीन अलग-अलग घटनाओं में जान गंवाने वाले अजी, पॉल और प्रजीश नाम के व्यक्तियों के परिवारों से मुलाकात की। पॉल की बेटी सोना ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि राहुल ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह उसकी शिक्षा की व्यवस्था करेंगे और वायनाड मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं की आवश्यकता पर गौर करेंगे। अजी की बेटी अलना ने भी इस पर्वतीय जिले में मेडिकल उपचार को बेहतर करने की तात्कालिकता पर समान विचार व्यक्त किए। वहीं, बाघ के हमले में जान गंवाने वाले प्रजीश के भाई मजीश ने राहुल से क्षेत्र में सड़क संपर्क बेहतर करने का अनुराध किया ताकि लोग आपात स्थिति में शीघ्रता से अस्पताल पहुंच सकें। बैठक का ब्योरा देते हुए राहुल ने कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन से मृतकों और घायलों के लिए घोषित विभिन्न मुआवजे तुरंत वितरित करने को कहा है।

अटकलों के बीच कमलनाथ के समर्थक विधायक दिल्ली पहुंचे

भोपाल, एजेंसी

● कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नुकुल नाथ के कांग्रेस छोड़कर सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच उनके (कमलनाथ) समर्थक करीब आधा दर्जन विधायक रविवार को दिल्ली पहुंच गए।

कमलनाथ के करीबी सूत्रों ने बताया कि यहां पहुंचे मध्य प्रदेश के विधायकों में तीन छिंदवाड़ा से हैं जबकि क्षेत्र के अन्य तीन विधायक दिल्ली के लिए रवाना होने वाले हैं। कमलनाथ छिंदवाड़ा से नौ बार सांसद रह चुके हैं और फिलहाल वहां से वह विधायक हैं। गत नवंबर में हुए मप्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। कमलनाथ के ये समर्थक विधायक फोन कॉल का जवाब नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि कमलनाथ के समर्थक एवं पूर्व मंत्री लखन घनगोरिया भी दिल्ली में उनके साथ डेरा डाले हुए हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं कमलनाथ के समर्थक दीपक सक्सेना ने छिंदवाड़ा में संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद जिस तरह उन्हें प्रदेश पार्टी अध्यक्ष पद से हटाया गया, उससे वह आहत हैं। सक्सेना ने कहा-हम चाहते हैं कि उन्हें पूरा सम्मान मिलना चाहिए। वह जो भी निर्णय लेंगे, हम उसमें उनके साथ रहेंगे। कमलनाथ के अन्य समर्थक और राज्य के पूर्व मंत्री विक्रम वर्मा ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल पर 'जय श्री राम' लिखा। पूर्व सांसद वर्मा ने कहा-मैं कमलनाथ का अनुसरण करूंगा। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने दावा किया कि कमलनाथ का धड़ा 23 विधायकों को अपने साथ लाने का प्रयत्न कर रहा है ताकि दल-बदल कानून उनपर लागू न हो।

मुझे नहीं लगता कि कमलनाथ पार्टी छोड़ेंगे: दिग्विजय



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ के कमल के साथ जाने की अटकलों के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आज कहा कि उन्हें नहीं लगता कि श्री कमलनाथ पार्टी छोड़ेंगे। राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने यहां मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि श्री कमलनाथ जैसे व्यक्ति ने अपनी शुरूआत कांग्रेस के साथ की थी। वे श्रीमती इंदिरा गांधी के तीसरे पुत्र माने जाते थे। उन्होंने कांग्रेस का हमेशा साथ दिया। वे कांग्रेस के स्तंभ रहे। केंद्र सरकार में मंत्री रहे। संगठन में महामंत्री रहे। प्रदेश अध्यक्ष बने और फिर मुख्यमंत्री भी बने। सारे पद उन्हें मिले हैं। श्री सिंह ने कहा कि इसलिए उन्हें नहीं लगता कि वे कांग्रेस छोड़ेंगे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि जिस तरह "ईडी, आईटी और सीबीआई" का दबाव सब पर है, वो उन पर (कमलनाथ पर) भी है। लेकिन श्री कमलनाथ का चरित्र दबाव में आने वाला नहीं रहा है।

सिद्धारमैया की याचिका पर सुनवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय 2022 में एक विरोध मार्च के संबंध में दर्ज प्राथमिकी को रद करने की अर्जी खारिज करने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की याचिका पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ कांग्रेस नेता की याचिका पर सुनवाई कर सकती है। सिद्धरमैया ने उच्च न्यायालय के छह फरवरी के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन पर और कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, राज्य के मंत्रियों - एमबी पाटिल और रामलिंगा रेड्डी पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था और उन्हें छह मार्च को विशेष अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया था।

कारोबार/कृषि

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 80-85 मसूरी 57-75 1121 बासमती 115-117, **दाल दलहन**-काला चना 68-70 साबुत चना दाल 77 मूंग साबुत 107-108 राजमा 112-113 दाल उड़द 1119-130 साबुत मसूर दाल 83-96 मसूर दाल 72-110 उड़द साबुत 110-115 काबुली चना 160-168 अरहर दाल 135 लोबिया/करमानी 110 सोयाबीन 70-77 मूंगफली 120 मटर (सूखी) 55-61 मक्का 25-27 रुपये।

एक नजर

विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर गिरकर 617.23 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 09 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर कम होकर 617.23 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.5 अरब डॉलर पर रहा था।

2 दिवसीय अनूठा केला उत्सव बुरहानपुर में 20 से

भोपाल। मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में अनूठा 2 दिवसीय केला उत्सव मनाया जाएगा। बुरहानपुर जिला प्रशासन के सहयोग से 20 एवं 21 फरवरी को देश के प्रसिद्ध केला वैज्ञानिक और केला उत्पादक किसान केला उत्पादन, निर्यात की संभावनाओं, केला उत्पादकों की आर्थिक समृद्धि एवं से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श होगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार केले की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण होगी। केले के प्लांटेशन, प्र-संस्करण, विभिन्न खाद्य पदार्थों का निर्माण, फसल बिक्री की व्यवस्था और भंडारण, केला निर्यात की संभावनाओं को बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

पेटीएम बैंक पर कार्रवाई ने सबका ध्यान खींचा

प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर बोले-हर उद्यमी को नियामकीय अनुपालन का ध्यान देना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नियामकीय कार्रवाई ने वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों का ध्यान कानून के अनुपालन के महत्व की ओर खींचा है। चंद्रशेखर ने इस बात पर जोर दिया कि नियामकीय अनुपालन कंपनियों के लिए 'वैकल्पिक' नहीं हो सकता, बल्कि यह एक ऐसा पहलू है जिसपर प्रत्येक उद्यमी को पूरा ध्यान देना चाहिए।

चंद्रशेखर ने साक्षात्कार में कहा-पेटीएम पेमेंट्स बैंक का मुद्दा एक ऐसा मामला है जहां एक आक्रामक उद्यमी नियामकीय अनुपालन की जरूरत को महसूस करने में विफल रहा है, और कोई भी कंपनी अनुपालन से बच नहीं सकती है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक संकट के बीच मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी, चाहे वह भारत की हो या विदेश की, बड़ी हो या छोटी, उसे देश के कानून का पालन करना होगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने पीपीबीएल को 15 मार्च से नई जमा स्वीकार करने से रोक दिया है, और कंपनी के खिलाफ अपनी कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार कर दिया है। चंद्रशेखर ने कहा कि यह धारणा कि पीपीबीएल पर आरबीआई की कार्रवाई ने फिनटेक क्षेत्र को परेशान कर दिया है, इसका सही चित्रण नहीं है। राजनीतिज्ञों, उद्यमियों और प्रौद्योगिकी दिग्गज इस बात से सहमत नहीं है कि पेटीएम बैंक मुद्दे ने पूरे फिनटेक उद्योग के लिए चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा-यह धारणा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ नियामक की कार्रवाई ने फिनटेक को परेशान कर दिया है...मुझे नहीं लगता कि इसका सही चित्रण है।

चंद्रशेखर ने कहा-मुझे लगता है कि इसने फिनटेक उद्यमियों का ध्यान इस तथ्य की ओर खींचा है कि आपको यह भी जानना होगा कि कानून का अनुपालन कैसे करना है। नियामकीय अनुपालन दुनिया के किसी भी देश के लिए 'वैकल्पिक' नहीं है।

भारत में लगने जा रहे अरबों डॉलर के दो पूर्ण विकसित सेमीकंडक्टर संयंत्र: राजीव चंद्रशेखर

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रसारण राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारत में जल्द ही अरबों डॉलर के दो पूर्ण विकसित सेमीकंडक्टर संयंत्र लगने वाले हैं। इसके अलावा कई चिप असेंबली और पैकेजिंग इकाइयों की स्थापना के लिए भी निवेश प्रस्तावित है। मंत्री ने बताया कि दो परियोजनाओं में आठ अरब डॉलर का एक प्रस्ताव इजराइल की टॉवर सेमीकंडक्टर्स का और दूसरा प्रस्ताव टाटा समूह का है। चंद्रशेखर ने कहा-मुझे आपको बताते हुए खुशी हो रही है और शायद आप पहले व्यक्ति हैं, जिन्हें मैं यह बात रहा हूं। जल्द ही भारत में दो पूर्ण विकसित फैब आने वाले हैं। ये 65, 40 और 28 नैनोमीटर प्रौद्योगिकी में कई अरब के फैब होंगे।

वित्तीय संस्थानों के भरोसे के बीच रियल्टी धारणा सूचकांक चढ़ा

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनियां और वित्तीय संस्थानों को अगले छह महीनों के दौरान संपत्ति बाजार में तेजी बने रहने की उम्मीद है। नाइट फ्रैंक और नारेडको की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें उम्मीद है कि उच्च मांग की मौजूदा रफ्तार बनी रहेगी। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक और रियल एस्टेट निकाय नारेडको ने रविवार को 2023 की चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2023) के लिए रियल्टी धारणा सूचकांक का 39वां संस्करण जारी किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस समय धारणा सूचकांक आशावादी क्षेत्र में बना हुआ है, और यह 2023 की तीसरी तिमाही में 59 से बढ़कर चौथी तिमाही में 69 अंक पर पहुंच गया। धारणा सूचकांक डेवलपर्स, निवेशकों और वित्तीय संस्थानों जैसे आपूर्ति पक्ष के हितधारकों के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

बीते साल घरों का निर्माण 8 प्रतिशत बढ़कर 4.35 लाख इकाई पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

● एनारॉक ने देश के सात प्रमुख शहरों के बारे में जारी की रिपोर्ट

देश के सात प्रमुख शहरों में पिछले साल घरों का निर्माण 8 प्रतिशत बढ़कर 4.35 लाख इकाई पर पहुंच गया है। रियल एस्टेट परामर्शक कंपनी एनारॉक ने कहा कि बेहतर बिक्री से रियल एस्टेट कंपनियों के नकदी प्रवाह में सुधार हुआ है।

एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में 4,35,045 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में 4.02 लाख घर बनाए गए थे। आंकड़ों के अनुसार, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में पिछले साल 13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,43,500 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 1,26,720 इकाई का रहा था। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली (एनसीआर) में पिछले साल 32 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,14,280 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में 86,300 घरों का निर्माण हुआ था। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा-साल 2023 में आवास बिक्री 2022 के पिछले उच्चस्तर को पार कर गई है। यह 2024 में भी मजबूत बनी रहेगी। पुणे में पिछले साल 23 प्रतिशत गिरावट के साथ 65,000 घरों का निर्माण हुआ, जबकि 2022 में 84,200 घर बने थे। बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में पिछले साल 87,190 घरों का निर्माण पूरा हुआ।

सीबीआईसी ने तस्करी की जानकारी देने के दिशा निर्देशों में संशोधन किया

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा गिरफ्तारी, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी की जानकारी (रिपोर्टिंग) देने से संबंधित दिशा-निर्देशों में संशोधिन किया है। इस कदम का मकसद 'सिंडिकेट' द्वारा धोखाधड़ी के प्रयासों पर लगाम लगाना और जोखिम आधारित लक्ष्य में सुधार करना है। सीबीआईसी की ओर से निर्देश में कहा गया है कि गिरफ्तारी, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी की घटना की रिपोर्ट सीमा शुल्क क्षेत्रों (जोन) द्वारा या तो साझा नहीं की जा रही है या यदा-कदा ही साझा की जा रही है।

एसईजेड इकाइयों को भी मिलेगा करों की छूट योजना का लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य मंत्रालय ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और निर्यातोंन्मुख इकाइयों (ईओयू) में परिचालन करने वाली इकाइयों के लिए निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट योजना (आरओडीटीईपी) के लाभ का विस्तार करने का फैसला किया है।

इस निर्णय के बारे में विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) को 16 फरवरी को सूचित किया गया। डीजीएफटी जल्द ही इस मुद्दे पर विदेश व्यापार नीति में संशोधन के लिए एक औपचारिक अधिसूचना जारी कर सकता है। वाणिज्य मंत्रालय के एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, एसईजेड में भारतीय सीमा शुल्क इलेक्ट्रॉनिक डेटा इंटरचेंज गेटवे (आइसगेट) को लागू करने के बाद आरओडीटीईपी योजना को विशेष आर्थिक क्षेत्रों तक भी बढ़ाया जा सकता है। सरकार ने अगस्त, 2021 में कुल 8,555 उत्पादों के लिए निर्यात प्रोत्साहन योजना के तहत कर रिफंड की दरों की घोषणा की थी। चूंकि उस समय अधिसूचित सूची में एसईजेड और ईओयू को योजना से बाहर रखा गया था, इसलिए उद्योग उन्हें योजना में शामिल करने की मांग कर रहा था।

हाइब्रिड म्युचुअल फंड जनवरी में आया 20,634 करोड़ रुपये का निवेश

नई दिल्ली। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों के बीच लोकप्रिय हो रही हैं। इन योजनाओं ने जनवरी, 2024 में 20,634 करोड़ रुपये जुटाए। यह राशि इससे पिछले महीने के मुकाबले 37 प्रतिशत अधिक है। ऋण या बॉन्ड फंड के लिए कराधान कानूनों में बदलाव के बाद वैकल्पिक निवेश विकल्प के रूप में हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों का ध्यान खींच रही हैं। इन योजनाओं में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-जनवरी के दौरान कुल 1.21 लाख करोड़ रुपये निवेश किए गए।

एफपीआई ने अब तक 3,776 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली, एजेंसी

● इस साल उनकी कुल निकासी 29,519 करोड़ रुपये तक पहुंची

अमेरिकी में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और घरेलू तथा वैश्विक मोर्चे पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजारों से 3,776 करोड़ रुपये निकाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

हालांकि, विदेशी निवेशक ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर उत्साहित हैं और समीक्षाधीन अवधि में उन्होंने बॉन्ड बाजार में 16,560 करोड़ रुपये डाले हैं। आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अब तक (16 फरवरी तक) शेयर बाजारों से शुद्ध रूप से 3,776 करोड़ रुपये की निकासी की है। इससे पहले उन्होंने जनवरी में शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे। इसके साथ, इस साल उनकी कुल निकासी 29,519 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा-अपेक्षा से अधिक उपभोक्ता मुद्रास्फीति के कारण अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ा है जिससे एफपीआई लगातार बिकवाल बने हुए हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा, ताजा बिकवाली की वजह घरेलू और वैश्विक स्तर पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता भी है। आंकड़ों के मुताबिक, इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये डाले थे।

खेल डायरी

घरेलू क्रिकेट में खुद को करना होगा साबित: जय

मुम्बई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने केंद्रीय अनुबंधित भारतीय खिलाड़ियों से कहा है कि अगर वे देश के लिए खेलना चाहते हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में खुद को 'साबित' करना होगा। शाह ने खिलाड़ियों को लिखे पत्र में कहा कि बोर्ड को इंडियन प्रीमियर लीग की सफलता पर गर्व है लेकिन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट के स्थान पर आईपीएल को प्राथमिकता देने की 'प्रवृत्ति' चिंता का कारण है। कुछ खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट के स्थान पर आईपीएल को प्राथमिकता देनी शुरू दी है। यह एक प्रवृत्ति बनकर उभरने लगी है और यही हमारे लिए चिंता का कारण है। हमने इस तरह की चीजों की अपेक्षा कभी नहीं की थी। घरेलू क्रिकेट हमेशा वह आधार रहा है, जिस पर भारतीय क्रिकेट खड़ा है। उन्होंने कहा कि इसको समझना बहुत आवश्यक है कि घरेलू क्रिकेट भारतीय क्रिकेट की रीढ़ है। यह कई सालों से भारतीय टीम को नई प्रतिभाएं देता रहा है। भारतीय क्रिकेट के लिए हमारा दृष्टिकोण शुरू से ही स्पष्ट रहा है कि भारत के लिए खेलने के इच्छुक प्रत्येक क्रिकेटर को घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा।

अर्जेंटीना ओपन: अल्कराज को हराकर जैरी फाइनल में

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी। चिली के निकोलस जैरी ने अपने कॅरियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज को हराकर अर्जेंटीना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। जेरी ने अल्कराज को 7-6 (2), 6-3 से हराया जो उनके करियर की सबसे बड़ी जीत है। फाइनल में उनका मुकाबला अर्जेंटीना के फेसुंडो डियाज़ अकोस्टा से होगा। पिछली बार के विजेता अल्कराज़ ने मैच में किसी भी समय अपनी चिर परिचित आक्रामकता नहीं दिखाई जिसका चिली के खिलाड़ी ने फायदा उठाया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले डियाज़ अकोस्टा ने अपने पहले टूर सेमीफाइनल में हमवतन फेडेरिको कोरिया को 6-2, 6-3 से हराया।

तुर्की महिला कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में होने वाले तुर्की महिला कप 2024 के लिए रविवार को 23 सदस्यीय महिला सीनियर टीम की घोषणा की। भारतीय टीम सोमवार को तुर्की के लिए रवाना होगी। इससे पहले भारत ने 2019 और 2021 में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। भारत चार देशों के इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 21 फरवरी को एस्तोनिया के खिलाफ खेलेगा। राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में भारत इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से भिड़ेगा। तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चैंपियन बनेगी।

आईपीएल की सर्वकालिक टीम के कप्तान चुने गए धोनी

नई दिल्ली। करिश्माई भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सर्वकालिक महान टीम का कप्तान चुना गया। इस टीम का चयन 2008 में शुरू की गई टी20 लीग की सफलता का जश्न मनाने के लिए किया गया। 20 फरवरी को आईपीएल की पहली नीलामी के 16 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों और करीब 70 पत्रकारों की मदद से आईपीएल की सर्वकालिक महान टीम का चयन किया। इसके चयन पैनल में वसीम अकरम, मैथ्यू हेडन, टॉम मूडी और डेल स्टेन जैसे पूर्व क्रिकेटर थे। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर और भारत के विराट कोहली को सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया जबकि 'यूनिवर्सल बॉस' क्रिस गेल को बल्लेबाजी क्रम में नंबर तीसरा स्थान दिया गया है। मध्यक्रम में सुरेश रैना, एबी डिविलियर्स, सूर्यकुमार यादव और धोनी को जगह मिली है जबकि हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा और कीरोन पोलार्ड 15 सदस्यीय टीम में तीन ऑलराउंडर है। राशिद खान, सुनील नरेन और युजवेंद्र चहल को स्पिन गेंदबाज के तौर पर चुना गया है जबकि लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह दो तेज गेंदबाज है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि कप्तानी के लिए धोनी के नाम पर सहमति बनना तय था। उन्होंने हर खिताब जीता है। विश्व कप, आईपीएल, आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी। उनमें कप्तानी के नैसर्गिक गुण है और मैदान के बाहर और अंदर उन्होंने चीजों को शानदार तरीके से निपटा है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और कोच टॉम मूडी ने कहा कि धोनी ने अच्छी टीम के अलावा औसत टीम के साथ भी खिताब जीता है।

जायसवाल और जडेजा का जलवा, भारत की बड़ी जीत

यशस्वी ने जड़ा दोहरा शतक और रविंद्र ने लिए 5 विकेट, तीसरे टेस्ट के चौथे दिन ही इंग्लैंड को 434 रन से हराया

भारत-इंग्लैंड का तीसरा टेस्ट

राजकोट, एजेंसी

214 रन
236 गेंद
14 चौके
12 छक्के

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक और रविंद्र जडेजा के 5 विकेट की मदद से भारत ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट मैच में रविवार को चौथे दिन ही 434 रन से करारी शिकस्त देकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की और 5 मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति भारत के आगे नहीं चल पाई तथा 557 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम 39.4 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। जडेजा ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। कुलदीप ने दो जबकि बुमराह और अश्विन ने एक-एक विकेट लिए। भारत की इससे पहले रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत 372 रन की थी जो 2021 में मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली थी। इंग्लैंड के खिलाफ यह किसी भी टीम की दूसरी बड़ी जीत है। भारतीय धरती पर रनों के लिहाज से यह बड़ी जीत का भी रिकॉर्ड है। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में 209 रन बनाने वाले जायसवाल ने नाबाद 214 रन की पारी खेली, जिसकी मदद से भारत ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 430 रन पर समाप्त की घोषित करके इंग्लैंड के सामने असंभव लक्ष्य रखा। भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाकर इंग्लैंड को 319 रन पर आउट किया था। जायसवाल ने 236 गेंद में 14 चौके और 12 छक्के लगाए। इस तरह से उन्होंने एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने सरफराज खान (नाबाद 68) के साथ पांचवें विकेट के लिए 172 रन की साझेदारी की। पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज ने मैच में लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया। इससे पहले शुभमन गिल ने 91 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहली पारी में शतक जड़ने वाले बेन डकेट आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। डकेट ने दावा किया था कि भारत कितने भी रन बनाए इंग्लैंड की टीम उसे हासिल कर सकती है लेकिन वह 4 रन बनाकर रन आउट हो गए। बुमराह ने विश्राम से ठीक पहले जॉक क्राउली (11) को पगबाधा आउट कर दिया। अश्विन को परिवार में आपात चिकित्सा स्थिति से टीम छोड़नी पड़ी थी, लेकिन उन्होंने चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर वापसी की। रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से जडेजा को गेंद थमाई जिन्होंने ओली पोप (03) को स्लिप में रोहित के हाथों कैच कराया और फिर अगले ओवर में जॉनी बेयरस्टो (04) को पगबाधा आउट किया। इससे इंग्लैंड का स्कोर 4 विकेट पर 28 रन हो गया। जब इंग्लैंड का स्कोर 50 रन था तब जो रूट (07) और कप्तान बेन स्टोक्स (15) भी पवेलियन लौट गए। रूट को जडेजा ने पगबाधा आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया जबकि कुलदीप ने स्टोक्स को इसी तरह से आउट करके इंग्लैंड की उम्मीद पर पानी फेर दिया। कुलदीप ने रेहान अहमद (00 को लॉन्ग ऑन क्षेत्र में कैच करा कर इंग्लैंड का स्कोर 7 विकेट पर 50 रन कर दिया। बेन फॉक्स (16) और टॉम हार्टली (16) ने अगले 11 ओवर तक विकेट नहीं गिरने दिया। यह दोनों बल्लेबाज हालांकि 3 गेंद के अंदर पर पवेलियन चले गए। फॉक्स को जडेजा ने विकेटकीपर ध्रुव जुरैल के हाथों कैच कराया जबकि हार्टली को अश्विन ने बोल्ड किया। मार्क वुड (33) ने 16 गेंद की पारी में 6 चौके और 1 छक्का लगाकर हार का अंतर काम किया। जडेजा ने उन्हें जायसवाल के हाथों कैच कराकर अपना पांचवा विकेट लिया। इससे पहले जायसवाल ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की धुनाई की।

557 रन का मुश्किल लक्ष्य भारत ने इंग्लैंड को दिया था

122 रन पर अंग्रेजों की पुरी टीम सिमटी, नहीं चले बल्ले

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी-445) दूसरी पारी 430/4 (98 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल नाबाद	214	236	14/12
रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट	19	28	3/0
शुभमन गिल रन आउट	91	151	9/2
रजत पाटीदार का रेहान बो हार्टले	00	10	0/0
कुलदीप यादव का रूट बो रेहान	27	91	3/1
सरफराज खान नाबाद	68	72	6/3

अतिरिक्त: 11, **विकेट पतन:** 1-30, 2-191, 3-246, 4-258, **गेंदबाजी:** एंडरसन 13-1-78-0, रूट 27-3-111-1, हार्टले 23-2-78-1, वुड 10-0-46-0 रेहान अहमद 25-1-108-1

इंग्लैंड (पहली पारी-319) दूसरी पारी 122/10 (39.4 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जॉक क्राउली पगबाधा बो बुमराह	11	26	2/0
बेन डकेट रन आउट	04	15	0/0
ओली पोप का शर्मा बो जडेजा	03	14	0/0
जो रूट पगबाधा बो जडेजा	07	40	1/0
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो जडेजा	04	03	1/0
बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप	15	39	1/0
बेन फोक्स का जुरेल बो जडेजा	16	39	2/0
रेहान अहमद का सिराज बो कुलदीप	00	05	0/0
टॉम हार्टले बो अश्विन	16	36	2/1
मार्क वुड का जायसवाल बो जडेजा	33	15	6/1
जेम्स एंडरसन नाबाद	01	09	0/0

अतिरिक्त: 12, **विकेट पतन:** 1-15, 2-18, 3-20, 4-28, 5-50, 6-50, 7-50, 8-82, 9-91, 10-122 **गेंदबाजी:** जसप्रीत बुमराह 8-1-18-1, मोहम्मद सिराज 5-2-16-0, रविंद्र जडेजा 12.4-4-41-5, कुलदीप यादव 8-2-19-2, रविचंद्रन अश्विन 6-3-19-1

अश्विन टीम से जुड़े, चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर उतरे

राजकोट, एजेंसी। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन चाय के विश्राम के बाद मैदान पर उतरे। अश्विन को मैच के दूसरे दिन अपना 500वां विकेट हासिल करने के कुछ देर बाद अपनी मां के बीमार होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच को बीच में छोड़ना पड़ा था। आईसीसी के नियमों के मुताबिक अश्विन को मैच के तीसरे दिन अनुपस्थित रहने पर 'पेनल्टी टाइम' का सामना नहीं करना पड़ेगा। आईसीसी के अनुच्छेद 24.3.2 के अनुसार, अगर खिलाड़ी ने अंपायरों की राय में किसी स्वीकार्य कारण से मैदान छोड़ा है तो इस अनुपस्थिति पर जुर्माना नहीं लगेगा। इसमें बीमारी या आंतरिक चोट शामिल नहीं है। रविवार दोपहर राजकोट पहुंचे अश्विन को चाय के विश्राम के दौरान अभ्यास करते देखा गया। इससे पहले बीसीसीआई ने रविवार को दिन के पहले सत्र में बताया था अश्विन टीम से जुड़ेगे।

टेस्ट मुश्किल है, मैं इसे यादगार बनने को तैयार : यशस्वी

राजकोट। करियर के शुरुआती दौर में ही दो दोहरे शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि टेस्ट 'कठिन' है, लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़ा बनाने में विश्वास रखते हैं। इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 236 गेंदों में नाबाद 214 रन बनाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ जुलाई 2023 में पदार्पण करने वाले जायसवाल का छठा मैच में यह दूसरा दोहरा शतक था। जायसवाल ने राजकोट टेस्ट में एक पारी में किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक छक्के (12) लगाकर रिकॉर्ड बुक में भी नाम दर्ज कराया। जायसवाल ने कहा कि उन्होंने सत्र दर सत्र खेलने की कोशिश की। उन्हें पारी के दौरान पीठ में ऐंठन की समस्या से भी निपटना पड़ा। यह मेरे लिए काफी मुश्किल था क्योंकि शुरू में मैं रन नहीं बना पा रहा था। इसलिए सत्र दर सत्र खेलना पड़ा और परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना पड़ा। तभी मुझे लगा कि मैं रन बना सकता हूं।

भारतीय महिलाओं ने स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड की टीम को 3-2 से दी मात

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

युवा अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे भारतीय महिलाओं ने रविवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। पीवी सिंधु की अगुवाई वाली महिला टीम ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा दो बार के कांस्य पदक विजेता थाईलैंड को हराया। भारतीय महिलाओं का इस चैंपियनशिप में यह पहला बड़ा खिताब है, जिससे उसका चीन के चेंगदू में 28 अप्रैल से पांच मई तक होने वाले उबेर कप के लिए मनोबल बढ़ेगा। अनमोल ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि हमने स्वर्ण पदक जीता क्योंकि यह पहली बार है जब भारत बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीत रहा है। भारत ने इससे पहले इस प्रतियोगिता में दो पदक जीते थे। भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 में कांस्य पदक पाए थे।

थाईलैंड अपनी दो चोटी की खिलाड़ियों रतचानोक इंतानोन और पोर्नपावी चोचुवोंग के बिना प्रतियोगिता में उतरा था जिसका भारत को फायदा मिला। चोटिल होने से चार महीने तक कोर्ट से बाहर रहने वाली सिंधु ने आक्रामक खेल का नजारा पेश किया और पहले एकल में सुपनिडा काटेथोंग को हराकर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जोंगकोलफान कितिथाराकुल और रविंडा प्रा जोंगजई की जोड़ी को पराजित कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। शनिवार को जापान की नोज़ोमी ओकुहारा के खिलाफ जीत के बाद अश्मिता चालिहा से काफी उम्मीदें थी लेकिन वह दूसरे एकल में बुसानन ओंगबामरुंगफ़ान से हार गई। श्रुति मिश्रा और प्रिया कोन्जेंगबाम की जोड़ी बेन्यापा ऐम्सार्ड और नुनटाकर्न ऐम्सार्ड की जोड़ी से हार गई, जिससे मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया। अब भारत को जीत दिलाने का दारोमदार अनमोल खराब पर टिका था जिन्होंने पोर्नपिचा चोइकीवोंग को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिला दिया।

प्रदेश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने किया निराश

रणजी ट्राफी

कार्यालय संवददाता, लखनऊ

अमृत विचार: रणजी ट्रॉफी के अंतिम मैच में उत्तर प्रदेश की टीम के खिलाड़ियों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। इलीट ग्रुप-बी में लीग अंतिम मुकाबले में मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम छत्तीसगढ़ के खिलाफ बैकफुट पर है। क्रिकेट विशेषज्ञों के अनुसार यह मुकाबला अब ड्रा की तरफ बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ की पहली पारी के जबाव में उत्तर प्रदेश की टीम 238 रन पर सिमट गई। ऐसे में छत्तीसगढ़ को बिना खेले 176 रन की बढ़त मिली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक छत्तीसगढ़ ने 5 विकेट पर 124 रन बनाए और 300 रन की बढ़त ली है। सोमवार को आखिरी दिन का खेल होना है और छत्तीसगढ़ के 5 विकेट बाकी हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश ने 3 विकेट पर 110 रन के आगे खेलना शुरू किया। 128 रन और जोड़कर उत्तर प्रदेश की टीम सिमट गई। नाबाद बल्लेबाज कप्तान नितीश राणा और सौरभ कुमार जल्द आउट हो गए। सौरभ 55 और नितीश राणा 54 रन ही बना सके। बल्लेबाज यश दयाल ने तेज खेल दिखाया। उन्होंने 55 रन की पारी 36 गेंदों पर खेली। शिवम शर्मा 33 रन बनाकर नाबाद रहे। छत्तीसगढ़ के बुट्टे और रवि किरन ने 3-3 और आशीष चौहान को 2 विकेट मिले।

लंच के बाद दूसरी पारी खेलने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम के पांच प्रमुख बल्लेबाजों को उत्तर प्रदेश की टीम ने 124 रन के योग पर चला किया। शशांक चंद्राकर ने 42 और आशुतोष सिंह ने 43 रन बनाए। आज का खेल खत्म होने तक पहली पारी में दोहरा शतक जमाने वाले छत्तीसगढ़ के संजीत देसाई 25 और अजय मंडल दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। उत्तर प्रदेश के शिवम शर्मा ने 14 रन देकर 3, अटल बिहारी और नितीश राणा को 1-1 विकेट मिला।

बॉलीवुड हलचल

'शक्तिमान' पर चल रहा काम : मुकेश



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता मुकेश खन्ना का कहना है कि अभी शक्तिमान प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है और बहुत जल्द इसकी अनाउंसमेंट की जाएगी। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह इस बार शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। मुकेश खन्ना ने कहा, अभी इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। मेरा सोनी पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट है और इसलिए इस बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकता। हालांकि, इस बारे में हम जल्द ही ऑफिशियल स्टेटमेंट रिलीज करेंगे।

अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर नीतू का जलवा

मुंबई, एजेंसी। जानीमानी अभिनेत्री नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर देखने को मिला। नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा पिछले दिनों अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर पर उस वक्त देखने को मिला जब वह एक म्यूजिकल प्ले उमराव जान अदा के ट्रेलर की शूटिंग कर रही थी। उस समय न्यूयॉर्क शहर के टाइम स्क्वायर पर स्थित बड़ी-बड़ी स्क्रीन पर सिर्फ नीतू चंद्रा श्रीवास्तव के मनमोहक दृश्य नजर आ रहे थे और इस तरह वो अमेरिका की सरजमीं पर भारत का परचम लहराती नजर आ रही थी। यह ट्रेलर ब्लू वेव एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी कर दिया गया है। इस म्यूजिकल प्ले के ट्रेलर शूट के बाद नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने अपनी एक्साइटमेंट का इजहार किया और कहा कि यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है, जब टाइम्स स्क्वायर जैसे जगह से दुनिया की नजरे मुझे देख रही थी, लेकिन मुझे खुद पर भरोसा था और मैं इस कॉन्सेप्ट के साथ अपना हंड्रेड परसेंट देने का काम किया।

यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई, एजेंसी। मैड्ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की आने भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। नमस्ते सासू जी में यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है, और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी नजर आने वाले हैं। निर्माता प्रदीप शर्मा ने कहा कि फिल्म की कहानी ही इसकी यूएसपी है, जिसमें भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज अभिनेताओं ने अपना योगदान दिया है। इस फिल्म को काली प्रसाद सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया गया है। इसलिए उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। वही फिल्म को लेकर यामिनी सिंह ने बताया कि यह फिल्म महिला प्रधान कहानी पर आधारित है। इसकी केंद्रीय भूमिकाओं में महिलाओं का अपीरियंस बेहद महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके यह फिल्म पूरी तरह से कमर्शियल है। इसमें मेरी भूमिका भी बेहद अलग है और मैं ऐसे निभाने के लिए खूब मेहनत की है। उम्मीद करती हूं कि भोजपुरी के दर्शकों ने मुझे अब तक जिस तरह से प्यार दिया है उससे भी ज्यादा प्यार मुझे इस फिल्म के जरिए मिले। इस फिल्म के गीत संगीत से लेकर संवाद और प्रेजेंटेशन सभी खास हैं। फिल्म का ट्रेलर भी जल्द ही आएगा और यह फिल्म जब भी रिलीज हो तब आपसे आग्रह करुंगी कि आप इसे सिनेमाघर में जाकर देखें। गौरतलब है कि फिल्म नमस्ते सासू जी के निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं। फिल्म के निर्देशक काली प्रसाद हैं, जबकि कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म के संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारे लाल यादव, डॉक्टर कर्मेंद्र कुमार सिंह, धर्म हिंदुस्तानी और संतोष कुमार उत्पाती हैं।

कुछ रीत जगत.., सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा : मीरा

मुंबई, एजेंसी। टीवी की अभिनेत्री मीरा देओस्थले का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाला शो कुछ रीत जगत गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। नंदिनी एक ऐसी लड़की है, जिसे शादी के बाद पता चलता है कि उसकी शादी में दहेज लिया गया है और वह अपनी शादी का दहेज ससुराल वालों से वापस मांगती है। मीरा ने कहा कि महिलाओं को अक्सर कहा जाता है कि यह करना चाहिए, यह नहीं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार इस पर सवाल उठाता है और पूछता है कि ऐसा क्यूं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार लोगों को जागरूक करता है। जब मुझे शो की नरेशन सुनाई गई तब मेरी आंखो में आंसू आ गए और मैने यह तय कर लिया कि मुझे यह शो करना है। ये फुल ऑफ इंटरटेनिंग शो है जो लोगों को संदेश भी देगा। जान खान के साथ मेरी रोमांटिक केमेस्ट्री लोगों को बेहद पसंद आएगी। शो में 30 से अधिक कलाकारों ने काम किया है।

मैं दो वर्ष का था तब अमिताभ ने मेरे गाल पर काटी थी चिकोटी : इमरान



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने बताया कि वह जब दो वर्ष के थे तब अमिताभ बच्चन ने उनके गाल पर चिकोटी काटी थी और उन्हें आशीर्वाद दिया था। इमरान ने अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म चेहरे में काम किया है। उन्हांने बताया, फिल्म चेहरे में काम करने की वजह अमिताभ बच्चन रहे। अमिताभ बच्चन दिग्गज कलाकार और बेहद प्रोफेशनल हैं। चेहरे में मेरा किरदार नेगेटिव था। उनके साथ काम करना शानदार अनभुव रहा। चेहरे के सीन्स में मै अमिताभ बच्चन पर चिल्लाता था, जिस बात का मुझे बेहद बुरा लगा। इमरान ने बताया कि अच्छी स्क्रिप्ट मिलने पर वह अपनी सुपरहिट फिल्में राज, मर्डर और जन्नत की फ्रेंचाइजी में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दर्शक कुछ नया देखना चाहते हैं, यदि अच्छी स्क्रिप्ट मिले तभी वह काम करेंगे। वह दर्शकों को हर बार कुछ नया देना चाहते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

फिलीपींस में भूस्खलन, मरने वालों की संख्या 98 हुई

मनीला। फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत दावाओ डी ओरो में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 98 हो गयी है। फिलीपींस की मीडिया ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से शनिवार को यह जानकारी दी। फिलस्टार समाचार पोर्टल ने बताया कि कम से कम नौ लोग अभी भी लापता हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी की शुरुआत में हुआ भूस्खलन लगातार बारिश के कारण हुआ था। गांव का एक हिस्सा और एपेक्स माइनिंग के कर्मचारियों को ले जा रही दो बसें मलबे में दब गयी थीं।

एलेक्सी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 हिरासत में

मॉस्को। रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। रूस के एक अधिकार समूह ने यह जानकारी दी। नवलनी (47) की अचानक मृत्यु से रूस के कई लोगों को करारा झटका लगा है। इन लोगों को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे धुर विरोधी से भविष्य में काफी उम्मीदें थीं। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी शासन प्रतिष्ठान क्रेमलिन के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाता था। नर्व एजेंट के जहर से बचने और कई बार जेल की सजा पाने के बाद भी नवलनी ने पुतिन की आलोचना करना जारी रखा था। रूस के कई शहरों में सैकड़ों लोग इस राजनीतिज्ञ को श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार और शनिवार को फूलों और मोमबत्तियों के साथ राजनीतिक दमन के पीड़ितों के स्मारकों पर पहुंचे।

कोयंबटूर में अमेरिकी उच्च शिक्षा मेला लगेगा

कोयंबटूर। तमिलनाडु के शहर चेन्नई में स्थापित अमेरिकी वाणिज्यिक सेवा और अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कोयम्बटूर में कल (सोमवार) को मुफ्त अमेरिकी उच्च शिक्षा मेले का आयोजन करेगा। मेले में अमेरिकी वाणिज्य विभाग, अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रशासन सहित कुल मिलाकर 18 अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थान भाग लेंगे। अमेरिकी महावाणिज्य दूत चेन्नई क्रिस्टोफर होजेस ने कहा कि अमेरिका विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी का शीर्ष मेजबान बना हुआ है।

डेनमार्क तोपखाने का स्टॉक यूक्रेन को करेगा हस्तांतरित

कोपेनहेगन : डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि डेनमार्क देश के पूरे गोला-बारूद भंडार को यूक्रेन को स्थानांतरित कर देगा। फ्रेडरिकसन ने कहा कि यूरोप में अभी भी गोला-बारूद का भंडार है जिसका ब्लॉक इस समय उपयोग नहीं कर रहा है और इसे यूक्रेन को सौंपना चाहिए। फ्रेडरिकसेन ने म्यूनिख सिक्योरिटी के इतर कहा कि यदि आप यूक्रेनियन से पूछें, तो वे हमसे अब गोला-बारूद, अब तोपखाने मांग रहे हैं। डेनिश पक्ष से, हमने अपनी पूरी तोपखाने दान करने का फैसला किया है।

इजराइल के हमले में गाजा में 18 लोगों की मौत

रफह (गाजा पट्टी) एजेंसी

इजराइल ने शनिवार रात को गाजा में हमले किए, जिससे कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। चिकित्सा कर्मियों और चश्मदीदों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। वह बंधकों को छुड़ाने के लिए इजराइल और हमास के बीच वार्ता का पक्षधर है। रफह में रातभर हुए हवाई हमले में एक महिला और तीन बच्चों सहित छह लोग मारे गए जबकि अन्य हमले में दक्षिणी शहर खान यूनिस में पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, इजराइली हमले की चपेट में आने से गाजा शहर के एक घर में रहने वाले सात लोगों की जान चली गई। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ने कहा कि दक्षिणी गाजा में सेवा देने वाला मुख्य चिकित्सा केंद्र 'नासिर अस्पताल' पिछले सप्ताह के अंत में इजराइल द्वारा की गई छापेमारी के बाद से संचालित नहीं हो पा रहा है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस अदानोम घेब्रेयेसुस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि डब्ल्यूएचओ की एक टीम को शुक्रवार या शनिवार को अस्पताल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि टीम मरीजों की स्थिति और चिकित्सा आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए पहुंची थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अभी भी लगभग 200 मरीज हैं, जिनमें से 20 को अन्य अस्पतालों में तत्काल रेफर करने की आवश्यकता है।

गाजा में युद्धविराम के लिए वार्ता में कोई विशेष प्रगति नहीं: कतर

राफा, एजेंसी। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के लिए मध्यस्थता कर रहे देश कतर ने कहा है कि इस दिशा में फिलहाल कोई खास प्रगति नहीं हो पाई है। कतर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि हमास के आतंकवादी अपनी 'बेतुकी मांगों' पर अड़े हुए हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में ''मानवीय पहलू'' से जुड़ी समस्याओं का जिक्र किया। नेतन्याहू पर इस बात का बेहद दबाव है कि वह उन बंधकों को सुरक्षित लाएं जिन्हें हमास ने सात अक्टूबर को हमला करने के दौरान कब्जे में लिया था। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के कहने पर इस सप्ताह की शुरुआत में एक प्रतिनिधिमंडल काहिरा भेजा था लेकिन उन्हें अब दोबारा भेजे जाने का कोई तुक नहीं समझ आ रहा। हमास चाहता है कि गाजा में स्थाई युद्धविराम हो और इजराइल फलस्तीन के उन सभी कैदियों को रिहा करे जो उसकी जेलों में बंद हैं। नेतन्याहू ने मिस्र के साथ लगती गाजा की सीमा पर स्थित शहर राफा में जमीनी हमले रोकने के अंततराष्ट्रीय अनुरोध की भी अनदेखी की है। वह किसी भी सूरत में हमले रोकने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमास पर ''पूर्ण विजय'' के लिए हमले जरूरी हैं। 'एसोसिएटेड प्रेस' के पत्रकारों और अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार शनिवार को मध्य गाजा में हवाई हमलों में बच्चों सहित 40 से अधिक लोग मारे गए और कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हमास के खिलाफ हमले किये हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि गाजा में अब तक 28,858 लोग मारे गए हैं।

जैसलमेर : पोखरन क्षेत्र में वायु शक्ति -2024 अभ्यास के दौरान करतब दिखाता वायुसेना का सी-17 ग्लोबल मास्टर विमान।

पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा

पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के फॉर्मूले पर नहीं बनी सहमति

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को लेकर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच बातचीत बेनतीजा रही। दोनों पक्षों ने हालांकि चर्चा में "महत्वपूर्ण प्रगति" का दावा किया। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

दोनों दलों की संपर्क एवं समन्वय समितियों (सीसीसी) के बीच शनिवार को हुई तीसरी बैठक बेनतीजा रही और दोनों ने सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को एक और बैठक करने का फैसला किया। बैठक के बाद पीएमएल-एन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि "मजबूत लोकतांत्रिक सरकार" की आवश्यकता पर बल देते हुए दोनों पक्षों के साथ बातचीत में "महत्वपूर्ण प्रगति" हुई है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है, "दोनों पक्षों द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर गहन चर्चा की गई, हालांकि पर्याप्त प्रगति हासिल हुई है, लेकिन मौजूदा मामलों को अंतिम रूप देने के लिए और विचार-विमर्श की आवश्यकता है।" नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन ने शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की 265 में से 93 सीट पर जीत हासिल की।

पीएमएल-एन ने 75 सीट जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीट के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी 17 सीट के साथ समर्थन देने के लिए तैयार हो गई है। सरकार बनाने के लिए 266 में से 133 सीट की जरूरत है।

एचआरसीपी ने पाकिस्तान में मतदान के बाद की प्रक्रिया को असंतोषजनक बताया

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनावों, खासकर मतदान के बाद की प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर चिंता जताई है। समाचारपत्र 'द न्यूज' ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। देश के 51 निर्वाचन क्षेत्रों में ऑन-साइट निरीक्षण करने वाले एचआरसीपी के चुनाव निगरानीकर्ताओं की ओर से की गयी टिप्पणियों के अनुसार मतदान के दिन इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं के राष्ट्रव्यापी निलंबन के साथ-साथ मतदान की जानकारी में अनियोजित परिवर्तन के कारण मतदाताओं को मतदान केंद्रों का पता लगाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। एचआरसीपी ने शनिवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस स्थिति ने विशेष रूप से चलने-फिरने में बाधाओं का सामना करने वाली महिलाओं, विकलांग लोगों, वरिष्ठ नागरिकों और सीमित वित्तीय साधनों वाले मतदाताओं को प्रभावित किया है। विशेष चिंता का विषय चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव परिणामों की घोषणा में की जा रही लंबी देरी है। मोटे तौर पर कहें तो मतदान प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण रही। मतदान कर्मचारी आम तौर पर अच्छी तरह से तैयार और सुसज्जित थे। लगभग सभी मामलों में, मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों को मतदान से पहले खाली मतपेटियां दिखाई गईं। साथ ही पीठासीन अधिकारी को मतदाता को देने से पहले प्रत्येक मतपत्र के पीछे मोहर लगाते और हस्ताक्षर करते देखा गया। मतपेटी हर समय सभी की नजर में थी और मतदाताओं को गुप्त रूप से अपने मतपत्रों पर मुहर लगाने की अनुमति थी। मतदान के बाद की प्रक्रिया हालांकि असंतोषजनक थी। चिंता की बात यह है कि उम्मीदवारों, मतदान एजेंटों और पर्यवेक्षकों को परिणामों के अनंतिम समेकन को देखने की अनुमति से वंचित किए जाने की खबरें भी सामने आईं। एचआरसीपी ने एक संसदीय निकाय की देखरेख में 2024 चुनावों के स्वतंत्र ऑडिट की सिफारिश की है। सुरक्षा और ख़ुफ़िया एजेंसियों को चुनावी प्रक्रिया या उसके परिणामों के प्रबंधन में कोई भूमिका नहीं निभानी चाहिए। संसद को कार्यवाहक सरकारी योजना की उपयोगिता पर भी बहस करनी चाहिए। मतदान के दिन, मतदान रुकने के बाद भी, निर्बाध सेल्युलर और इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध होनी चाहिए। ईसीपी को चुनाव अधिनियम 2017 के तहत सभी फॉर्म 45, 46, 48 और 49 को प्रकाशित करना होगा। पीड़ित राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों से याचिका प्राप्त होने पर, ईसीपी को करीबी मुकाबलों में मतपत्रों की पुनर्गणना का आदेश देना चाहिए, खासकर ऐसे मामलों में जहां अस्वीकृत मतपत्रों की संख्या जीत के अंतर से अधिक हो।

'पीटीआई' ने निर्वाचन आयुक्त, प्रधान न्यायाधीश का इस्तीफा मांगा

इस्लामाबाद, एजेंसी। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने चुनाव में 'धांधली' के संबंध में एक वरिष्ठ नौकरशाह के आरोपों के बाद पाकिस्तान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश के इस्तीफे की मांग की है। रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा ने शनिवार को आरोप लगाया था कि शहर में जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जिताया गया। उन्होंने दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारों को गलत तरीके से विजेता घोषित किया गया। उनकी टिप्पणी ऐसे समय आई है जब 'पीटीआई' ने आठ फरवरी के चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। चट्ठा ने कहा, ''मैं इन सभी गलत काम की जिम्मेदारी ले रहा हूं और आपको बता रहा हूं कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश भी इसमें पूरी तरह से शामिल हैं।'' चुनाव परिणामों में हेरफेर के लिए ''जिम्मेदारी स्वीकार करने'' के बाद चट्ठा ने पद से इस्तीफा दे दिया। खान की अगुवाई वाली 'पीटीआई' के एक प्रवक्ता ने मांग की कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा और प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा रावलपिंडी के आयुक्त चट्ठा के खुलासे के बाद अपने पदों से इस्तीफा दें। प्रवक्ता ने कहा कि चट्ठा ने स्वीकार किया है कि 70,000 से अधिक वोटों से आगे चल रहे निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत को फर्जी मोहरें लगाकर हार में बदल दिया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चट्ठा की गवाही 'पीटीआई' के उस रुख का समर्थन करती है कि लोगों ने बड़ी संख्या में 'पीटीआई' समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को वोट दिया था।

पुलिस व इमरान खान की पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प

लाहौर/कराची, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के समर्थकों की चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान देशभर के विभिन्न शहरों में पुलिस के साथ झड़प हो गई। 'डॉन' अखबार की खबर में रविवार को बताया गया कि लाहौर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थक विरोध दर्ज कराने के लिए शनिवार को लाहौर प्रेस क्लब और पार्टी के जेल रोड कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप में पुलिसकर्मी जेल रोड पर 'पीटीआई' के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले वकील को घसीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। 'पीटीआई' के एक अन्य उम्मीदवार अली इजाज बुट्टर को भी बुजुर्ग पुरुषों, महिलाओं और एक बच्चे के साथ गिरफ्तार किया गया है। पंजाब प्रांत के कई शहरों में प्रदर्शनकारियों के इकट्ठा होने से पहले ही पुलिस प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गई और पार्टी के कई नेताओं, उम्मीदवारों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। 'डॉन' की खबर में कहा गया है कि पार्टी के संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर एकत्र हुए 'पीटीआई' कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नारेबाजी की। कराची में, सैकड़ों 'पीटीआई' कार्यकर्ता और समर्थक शहर के सदर इलाके में पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के सिंध कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने कथित धांधली के खिलाफ नारे लगाए और न्यायपालिका एवं सरकारी संस्थानों से हस्तक्षेप करने और परिणामों में "खामियों" को सुधारने की मांग की।

सुविधा

ब्रिटेन ने यूक्रेनियाई नागरिकों की वीजा मियाद बढ़ाई

लंदन एजेंसी

ब्रिटेन की सरकार ने रविवार को रूस-यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर देश में शरण लेने आए यूक्रेनियाई नागरिकों के लिए शुरू वीजा योजना की मियाद बढ़ा दी है। इसके साथ ही युद्धग्रस्त देश से आए यूक्रेनियाई नागरिक समान शर्तों पर ही मौजूदा मियाद खत्म होने के बाद भी 18 महीने तक देश में रह सकेंगे।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन वीजा योजनाओं में से एक के तहत ब्रिटेन में रहने वाले सभी लोग 2025 की शुरुआत से अतिरिक्त 18 महीनों के लिए यहां रहने के लिए आवेदन कर सकेंगे और अपने पूरे प्रवास के दौरान शिक्षा, रोजगार, अन्य लाभ, स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने अधिकार प्राप्त कर सकेंगे। इसका अभिप्राय है कि यूक्रेन के लिए शुरू वीजा योजनाओं में से एक के तहत देश में आए यूक्रेनियाई नागरिक अब सितंबर 2026 तक ब्रिटेन में रह सकते हैं। ब्रिटेन में कानूनी आव्रजन और सीमा मामलों की मंत्री टॉम पर्सग्लोव ने कहा, ''इस क्रूर युद्ध की शुरुआत से अबतक के लगभग दो साल के कालखंड में 2,00,000 से अधिक यूक्रेनियाई और उनके परिवार के सदस्य ब्रिटेन आए हैं।

भूराजनीतिक टकराव

अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा

सोल, एजेंसी

अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति "भूराजनीतिक टकराव" को जन्म दे रही है और इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। द. कोरिया की न्यूज एजेंसी कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) द्वारा रविवार को प्रकाशित एक लेख में ये बातें कही गयी हैं। द. कोरिया के विदेश मंत्रालय के अमेरिकी अध्ययन संस्थान के एक शोधकर्ता री जी वोन के लेख में कहा गया है कि रणनीति के शुरू के दो साल बाद वर्तमान स्थिति यह है कि अमेरिकी बिडेन प्रशासन द्वारा बनाये गये "स्वतंत्र, खुले, समृद्ध एवं स्थिर (भारत-प्रशांत) क्षेत्र के निर्माण में बेरुखी को दिखाई दे रही है। लेख में कहा गया है कि अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति ने क्षेत्र में "स्वतंत्रता" के बजाय टकराव को जन्म दे दिया है।

हाउती ने डेनमार्क की जहाज को लक्षित कर तीन मिसाइलें दागीं

वाशिंगटन, एजेंसी। यमन में अंसार अल्लाह आंदोलन (हाउती) द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों से चार एंटी-शिप मिसाइलें दागी गईं। इनमें करीब तीन के जरिए लाल सागर में डेनमार्क की व्यापारी जहाज एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने रविवार को दी। सेंटकॉम ने बताया कि यमन के ईरानी समर्थित हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों से लाल सागर में चार जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गयीं। एमटी पोलक्स या क्षेत्र में अन्य किसी जहाज के क्षतिग्रस्त होने या किसी घायल होने की सूचना नहीं है। वहीं, अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को यमनी जल क्षेत्र में एक जहाज-रोधी क्रूज मिसाइल और एक मोबाइल मानव रहित सतह जहाज (यूएसवी) के खिलाफ हमले किए।

एयर शो

आईएएफ की सारंग टीम सिंगापुर में दिखाएगी करतब

सिंगापुर एजेंसी

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सारंग एरोबेटिक टीम अगले सप्ताह यहां आयोजित होने वाले सिंगापुर एयरशो-2024 में अपने शानदार 'एयरोबेटिक्स' (हवाई जहाज की कलाबाजी) का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। एयरशो के आयोजक एक्सपीरिया ने रविवार को यह जानकारी दी। आयोजकों के मुताबिक चांगी प्रदर्शनी केंद्र में 20-25 फरवरी तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय एयरशो में 50 से अधिक देशों और क्षेत्रों की 1,000 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। इस विशाल एयरशो में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सारंग हेलीकॉप्टर प्रदर्शनी टीम के 71 कर्मियों की एक टीम पांच उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) 'ध्रुव' के साथ भाग लेगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन और परिकल्पित 'ध्रुव' हेलीकॉप्टर सभी प्रकार के मौसम में काम करने के अलावा कई तरह के मिशन में कार्य करने में सक्षम है।

संबंध

जयशंकर व चीन के विदेश मंत्री ने जर्मनी में मुलाकात की

बीजिंग/म्यूनिख, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के वीडियो फुटेज में जयशंकर और वांग को इस कार्यक्रम से इतर एक संक्षिप्त बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। इस सम्मेलन में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और दुनिया भर के अन्य शीर्ष राजनयिक शामिल हुए हैं। भारत और चीन की तरफ से हालांकि दोनों विदेश मंत्रियों के बीच हुई चर्चा के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। छह महीने से अधिक समय में दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। दोनों की पिछली मुलाकात जुलाई में जकार्ता में आयोजित आसियान की बैठक के दौरान हुई थी।

जयशंकर ने अल-मलिकी के साथ चर्चा की

म्यूनिख। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को अपने फलस्तीनी समकक्ष रियाद अल-मलिकी से मुलाकात कर युद्धग्रस्त गाजा की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मनी में हैं। बैठक की एक तस्वीर साझा करते हुए मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, "फलस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी से मिलकर अच्छा लगा।

पूर्व थाई पीएम थाकसिन पेरोल पर रिहा

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड के दोषी पूर्व प्रधान मंत्री थाकसिन शिनावात्रा को स्व-निर्वासन से देश लौटने के छह महीने बाद रविवार को पेरोल पर रिहा कर दिया गया। शिन्हुआ के पत्रकारों ने बताया कि थाकसिन को ले जाने वाली एक कार रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 6:06 बजे बैंकॉक के एक पुलिस अस्पताल से निकली, जहाँ उन्होंने चिकित्सा उपचार करवाया।

थाई प्रधान मंत्री श्रेथा थाविसिन ने पहले कहा था कि थाकसिन की पेरोल पर रिहाई कानून के अनुरूप थी। देश के न्याय मंत्रालय के अनुसार 74 वर्षीय पूर्व प्रधान

मंत्री इस महीने पेरोल के लिए स्वीकृत 930 कैदियों में से एक हैं। वह पेरोल के लिए पात्र है क्योंकि उसकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है और वह एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है। थाकसिन ने 15 साल से अधिक का अपना निर्वासन समाप्त किया और पिछले साल अगस्त में थाईलैंड लौट आए, लेकिन जल्द ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया और कई आरोपों में आठ साल की जेल की सजा सुनाई गयी। उनकी वापसी के तुरंत बाद स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण उन्हें बैंकॉक जेल से अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले सितंबर में थाकसिन के शाही क्षमादान के अनुरोध के बाद थाई राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने थाकसिन की आठ साल की जेल की सजा को घटाकर एक साल कर दिया था। थाकसिन ने वर्ष 2001 से 2006 तक दक्षिण पूर्व एशियाई देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और वर्ष 2008 से विदेश में स्व-निर्वासन में थे।

मेला

फरीदाबाद : 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला में उमड़ी दर्शकों की भीड़। ● एजेंसी

कवायद | सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का है अगला दौर

सोशल मीडिया के आदी युवाओं को लत से मुक्ति दिलाने के रास्ते की खोज

बोल्डर (अमेरिका) एजेंसी

कई लोग सोशल मीडिया की लत की तुलना सिगरेट से करते हैं। वे कहते हैं कि सोशल मीडिया पर कितने लाइक मिले इसे देखने की इच्छा एक नयी तरह की 'धूम्रपान की तलब' है। अन्य का मानना है कि सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का अगला दौर है।

हम अनुसंधानकार्तओं की जोड़ी हैं जो जिसने जांच की कि सोशल मीडिया युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है। 75 प्रतिशत से अधिक किशोर

हर घंटे अपने फोन को देखते हैं और उनमें से लगभग आधे कहते हैं कि उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने उपकरणों के आदी हो गए हैं। यहां कुछ बाते हैं जो उन्होंने हमें बताई हैं: ''टिकटॉक ने मुझे परेशान कर रखा है।'' ''मैं 1,000 प्रतिशत कहूंगा कि मुझे इसकी लत है।'' ''मुझे पूरी तरह से अहसास है कि यह मेरे दिमाग पर कब्जा कर रहा है, लेकिन मैं इससे दूर नहीं हो पा रहा। इससे मुझे शर्मिंदगी महसूस होती है।'' हो सकता है कि आपकी अपनी भी ऐसी ही भावनाएं रही हों।

उत्तर की तलाश

सोशल मीडिया के उपयोग पर 2010 के शुरुआती अनुसंधान शरीर पर प्रभाव, खाने की आदतों में विकार और सामाजिक तुलना कर नकारात्मक प्रभाव दिखाते हैं। इसके विपरीत, अन्य अध्ययन सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य लाभों की ओर इशारा करते हैं, जिसमें सामाजिक बेहतरी, मजबूत दोस्ती और विविध दृष्टिकोणों का सुलभ होना शामिल है। फिर भी अन्य अध्ययन परस्पर विरोधी परिणाम पेश करते हैं। वास्तव में, इस विषय पर अनुसंधान करते समय अनिर्णायक या मिश्रित परिणाम एक आवर्ती परिपाटी प्रतीत होती है।

चार सप्ताह का हस्तक्षेप

हमारे मौजूदा अध्ययन में विभिन्न प्रकार की सोशल मीडिया आदतों वाले 500 से अधिक कॉलेज छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्र ने सोशल मीडिया के साथ अपने वर्तमान संबंधों पर विचार करके शुरुआत की और फिर उन परिवर्तनों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जो वे करना चाहते हैं। इसमें बिना सोचे-समझे 'स्क्रॉल' करने में कम समय बिताना, किसी ऐप पर प्रोत्साहित नहीं करना या शयनकक्ष में फोन लेकर न सोना शामिल हो सकता है। चार सप्ताह तक, प्रतिभागी अपने लक्ष्यों को हासिल करने की कोशिश में मिली सफलता की जानकारी देते है। वे 'जर्नलिंग' (डायरी लिखने) और मानक मनोवैज्ञानिक सर्वेक्षणों के माध्यम से अपनी भावनाओं और अनुभवों को बताते हैं।

सकारात्मक बदलाव में लगता है समय

किसी भी व्यवहार परिवर्तन की तरह, स्वस्थ मीडिया के इस्तेमाल की आदतों को अपनाने के लिए समय, समर्पण और आत्म-चिंतन की आवश्यकता होती है। हमारा अनुसंधान कॉलेज के छात्रों पर केंद्रित है। लेकिन हमारा मानना है कि कार्य और विचार पर केंद्रित एक समान चार-सप्ताह की प्रक्रिया सभी उम्र के लोगों के लिए समग्र कल्याण में उपयोगी हो सकती है। सोशल मीडिया पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए आप अभी कुछ व्यावहारिक कदम उठा सकते हैं।